राष्ट्रीय दैनिक



# प्रातः किरण

पटना एवं दिल्ली से प्रकाशित



/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़

**11** आरसीबी का शिविर शुरू...

केजरीवाल ने कोर्ट में खुद पेश... **12**

वर्ष : 11 | अंक : 302 | पटना, शुक्रवार, 15 मार्च, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

अधिकतम तापमान 24°C
न्यूनतम तापमान 18°C

**बाजार**

सोना 67,280
चांदी 77,600
सेंसेक्स 73,097
निफ्टी 22,146

# विप चुनाव : सीएम नीतीश सहित 11 सदस्य निर्विरोध निर्वाचित, मिला जीत का प्रमाण पत्र

**प्रात : किरण**

पटना। बिहार विधान परिषद के 11 सदस्यों का निर्विरोध निर्वाचन हो गया है मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित 11 नव नियुक्त सदस्यों को गुरुवार को एमएलसी की जीत का सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। सीएम नीतीश के साथ उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा भी मौजूद रहे और सीएम को फिर से एमएलसी बनने पर बधाई दी। सीएम नीतीश के अलावा जदयू के खालिद अनवर, भाजपा के मंगल पांडेय, अनामिका सिंह और लाल मोहन गुप्ता को भी जीत का सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। सीएम नीतीश को चौथी बार एमएलसी बनने पर विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने भी बधाई दी। वहीं इस बार जिन 11 सदस्यों का निर्विरोध निर्चावन हुआ है उसमें जदयू से सीएम नीतीश और खालिद अनवर सहित भाजपा के मंगल पांडेय, अनामिका सिंह और लाल मोहन गुप्ता शामिल हैं। वहीं एनडीए के समर्थन से ही हम के संतोष सुमन भी एमएलसी बने हैं। वहीं राजद से राबड़ी देवी, अब्दुलबारी सिद्दीकी, उर्मिला ठाकुर और फैसल मोहम्मद अली शामिल हैं। पहली बार भाकपा माले की शशि



यादव भी एमएलसी निर्वाचित हुई हैं। बिहार विधानसभा में विधायकों की दलीय स्थिति देखें तो बीजेपी के 78 (कांग्रेस के दो बागी और राजद के 2 बागी विधायक भी बीजेपी के साथ जिससे कुल 82 विधायक भाजपा के होते हैं), जेडीयू के 45, हम के चार और एक निर्दलीय विधायक हैं। विपक्ष की बात करें तो आरजेडी के पास 74, कांग्रेस के 17, वाम दल के 16 एमएल हैं। जबकि एआईएमआईएम के 1 एमएल हैं। संख्या बल के हिसाब से भाजपा के 3, जदयू के 2 और हम के 1 एमएलसी बने हैं जबकि राजद के चार और वाम दल के एक एमएलसी का निर्विरोध निर्वाचन हुआ है। राजद की बड़ी जीत : राजद के चार और वाम दल के एक एमएलसी का निर्विरोध निर्वाचन हुआ है। यह विधान परिषद में राजद को मजबूत करने वाला निर्वाचन रहा है क्योंकि राजद के एमएलसी की संख्या दो बढ़ गई है। वहीं जदयू की संख्या कम गई है और उसके दो एमएलसी घट गए हैं। इन सबके बीच भाजपा के लिए कोई बदलाव नहीं हुआ है। कांग्रेस को भी झटका लगा है क्योंकि उसकी रिक्त हो रही सीट पर फिर से नहीं मिली है। इन सबके बीच भाकपा माले की ओर से पहली बार कोई एमएलसी सदन में पहुंचा है। **मंत्रिमंडल विस्तार जल्द :** मंत्रिमंडल विस्तार पर सीएम नीतीश कुमार ने बड़ा बयान दिया है। विधान परिषद् के बाहर निकलने के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि आज यानी गुरुवार शाम तक मंत्रियों के नाम फाइनल हो जाएंगे। उसके बाद जल्द मंत्रिमंडल का विस्तार कर दिया जाएगा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अचानक पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी से मिलने उनके आवास पर पहुंच गए। दोनों नेताओं के बीच बातचीत चल रही है। चर्चा है कि मांझी तीन लोकसभा सीट की मांग कर रहे हैं। लेकिन, उन्हें उनकी मनचाही सीट नहीं मिल रही है। इस बार भी वह तीन लोकसभा सीट मांग रहे हैं। इसी सिलसिले में सम्राट चौधरी उनसे मिलने पहुंचें।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रधानमंत्री मोदी ने सिख नव वर्ष की शुरूआत पर बधाई दी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को सिख नववर्ष की शुरुआत पर लोगों को बधाई दी और कामना की कि सिख गुरुओं की शिक्षा का प्रकाश पूरे विश्व को जगमग करता रहे। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, सिख नव वर्ष की शुरूआत पर शुभकामनाएं। वाहेगुरु की असीम कृपा से सभी का कल्याण हो। गुरु साहिबों का ज्ञान और उनका मार्गदर्शन हमारे समाज को जगमग करता रहे। सिख सम्प्रदाय नानकशाही कैलेन्डर का अनुसरण करता है। सिख नव वर्ष एवं चैत माह संक्रान्ति पर्व को सिख समुदाय के लोग बेहद श्रद्धा के साथ मनाते हैं।

### दिल्ली में आवासीय इमारत में आग लगने से चार लोगों की मौत

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में शाहदरा के शास्त्री नगर इलाके में गुरुवार तड़के एक आवासीय इमारत में भीषण आग लगने से दो बच्चों समेत चार लोगों की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक शास्त्री नगर स्थित आवासीय इमारत में आग लगने की सूचना सुबह लगभग 05:30 बजे गीता कॉलोनी पुलिस थाने को मिली। दिल्ली अग्निशमनकर्मी चार दमकलों के साथ मौके पर पहुंचे। एंबूलेंस और पुलिस की पीसीआर वैन को घटनास्थल पर भेजा गया। उन्होंने बताया कि आग चार मंजिला आवासीय इमारत में लगी, जिसके भूतल पर कार पार्किंग की सुविधा है। आग पार्किंग स्थल से शुरू हुई और धुआं पूरी इमारत में फैल गया। संकीर्ण सड़क होने के बावजूद अग्निशमन अधिकारी आग पर काबू पाने में कामयाब रहे। बचावकर्मियों ने तीन पुरुषों, चार महिलाओं और दो बच्चों सहित कुल नौ लोगों को बचाया और उन्हें नजदीकी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि अस्पताल से दो बच्चों और एक विवाहित जोड़े सहित चार लोगों की दम घुटने से मौत होने की जानकारी मिली है। घटना की विस्तृत जांच जारी है।

**सीएम नीतीश ने की जल संसाधन, नगर विकास एवं आवास विभाग के साथ खेल विभाग के कार्यों की समीक्षा, अधिकारियों को दिए कई निर्देश**

# बरसात माह में नदी के जल का भंडारण कर पेयजल के रूप में कराया जाएगा उपलब्ध

- प्रमंडलीय मुख्यालयों के आसपास स्टेडियम बनाने

**प्रात : किरण**

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के समक्ष 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में जल संसाधन विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग तथा खेल विभाग द्वारा प्रस्तुतीकरण के माध्यम से अपने-अपने विभागों की कार्य योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी। बैठक में जल संसाधन विभाग के तहत जल-जीवन-हरियाली अभियान के अंतर्गत अधिशेष नदी जल को जल की कमी वाले क्षेत्रों में ले जाने संबंधित योजना का प्रस्तुतीकरण दिया गया। विकास आयुक्त सह जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव चैतन्य प्रसाद ने पटना शहर के लिए पेयजल योजना के साथ-साथ औरंगाबाद, डिहरी, अरवल, सासाराम, जहानाबाद, भभुआ, मोहनिया एवं अधौरा पर्वत कैमूर जिला पर पेयजल उपलब्ध कराने की योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नदी के जल को बाढ़ की अवधि जुलाई से अक्टूबर के बीच उद्वह का कार्य किया जाएगा और इस 4 माह में नदी के जल उद्वह के साथ पेयजल का वितरण करते हुए शेष 8 माह की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए भंडारित किया जाएगा। इस योजना के लिए भू-अर्जन कम-से-कम किया



जाएगा। दक्षिण बिहार के इन शहरों में भूगर्भ जल स्तर में गिरावट हो रही है।

भविष्य में जनसंख्या वृद्धि एवं औद्योगिक विकास के कारण भूगर्भ पर अत्यधिक दबाव पड़ने की आशंका है। इन परिस्थितियों के निराकरण हेतु नदियों के जल का बेहतर तरीके से प्रबंधन करते हुए इस जल का उपयोग पेयजल की आपूर्ति के उद्देश्य से किया जाएगा। बैठक में खेल विभाग के प्रधान सचिव डॉ बी राजेन्दर ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से प्रमंडलीय मुख्यालयों के आसपास खेल का एक स्टेडियम बनाए जाने, खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किए जाने तथा खेल को बढ़ावा देने संबंधित योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। जल एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर चलाया जा रहा अभियानः बैठक में नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव आनंद किशोर ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से राज्य के प्रमुख शहरों के आसपास के जो विकसित क्षेत्र नहीं हैं वहां ग्रीन टाऊनशिप डेवलप करने संबंधित योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विकसित टाऊनशिप में सड़क, पार्क, ड्रेनेज, शुद्ध पेयजल आदि की बेहतर एवं सुनियोजित व्यवस्था रहेगी। मुख्यमंत्री ने समीक्षा के दौरान कहा कि जल एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर जल-जीवन-हरियाली अभियान चलाया गया है। जल-जीवन-हरियाली का मतलब है जल और हरियाली है तभी सभी का जीवन सुरक्षित है।

गंगाजल आपूर्ति योजना के अंतर्गत राजगीर, गया, बोधगया एवं नवादा शहरों में पेयजल आपूर्ति की जा रही है। इससे लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो रहा है। भविष्य में जनसंख्या वृद्धि और भूगर्भ जल के स्तर में गिरावट को देखते हुए जल-जीवन-हरियाली अभियान के अंतर्गत विभिन्न नदियों के अधिशेष जल का बरसात माह में भंडारण कर उसे शुद्ध पेयजल के रूप में उपलब्ध कराए जाने की योजना पर काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम शुरू से ही खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देते रहे हैं। हम जब श्रद्धेय अटल जी की सरकार में रेल मंत्री थे तो विभाग में खिलाड़ियों को नौकरी प्रदान करने का हमने प्रावधान किया था और इसे लागू भी किया था। अब बिहार में खेल विभाग का अलग से गठन हो गया है ताकि खेल और खिलाड़ियों को और प्रोत्साहित किया जा सके। बच्चे मन लगाकर पढ़ाई भी करें और खेल-कूद में भी भाग लें। उन्होंने कहा कि विभिन्न टाउनशिप एरिया डेवलप होने से प्रमुख शहरों के आसपास का क्षेत्र और विकसित होगा और लोग इसका सदुपयोग कर सकेंगे।

ये रहें मौजूद : बैठक में उपमुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री तथा नगर विकास एवं आवास मंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा, विकास आयुक्त सह जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव चैतन्य प्रसाद, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, सामान्य प्रशासन सह खेल विभाग के प्रधान सचिव डॉ बी राजेन्दर, नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव आनंद किशोर, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार, योजना एवं विकास विभाग के प्रधान सचिव के सेंथिल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, वित्त विभाग के सचिव (संसाधन) लोकेश कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, मुख्यमंत्री सचिवालय के विशेष सचिव चंद्रश सिंह, खेल विभाग के निदेशक महेंद्र कुमार, अभियंता प्रमुख (सिंचाई सृजन) पद्माकांत झा सहित अन्य वरीय अधिकारीगण एवं अभियंतागण उपस्थित थे।

## सीएम ने नवनियुक्त 2901 आयुष चिकित्सकों तथा 219 सहायक अभियंताओं को बांटे नियुक्ति पत्र




**प्रात : किरण**

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत नवनियुक्त आयुष चिकित्सकों को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किया. इसमें अनीता कुमारी, अफसाना बेगम, शवंत कुमार, श्वेता रंजन, हरिशंकर चौबे, डॉ भारती कुमारी, उदय कुमार मिश्रा, बबीता कुमारी, संगीता कुमारी, प्रवीण कुमार, स्मृता श्री, अब्दुल कलाम, बुशरा हयात, राहत जहां को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने नगर विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत सहायक अभियंता नीरज कुमार, अमित कुमार, निवेदिता भारती, संगीता रानी सिन्हा एवं विकास कुमार गुप्ता को भी सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री सह स्वास्थ्य मंत्री तथा नगर एवं आवास विभाग के मंत्री सम्राट चौधरी और उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने भी नवनियुक्त आयुष चिकित्सकों एवं सहायक अभियंताओं को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किया। स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत 2901 नवनियुक्त आयुष चिकित्सकों तथा नगर विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत 219 सहायक अभियंताओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को हरित पौधा भेंटकर उनका स्वागत किया। ये रहें मौजूद : इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सह स्वास्थ्य मंत्री सह नगर विकास एवं आवास मंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव आनंद किशोर, मुख्यमंत्री के सचिवअनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्यपदाधिकारी गोपाल सिंह, राज्य स्वास्थ्य समिति के अपर कार्यपालक पदाधिकारी सुहर्ष भगत, बीएमएसआईसीएल के प्रबंध निदेशक धर्मेंद्र कुमार, बिहार एड्स कंट्रोल सोसायटी के प्रोजेक्ट डायरेक्टर अनिल कुमार सहित अन्य पदाधिकारीगण एवं नवनियुक्त आयुष चिकित्सकगण एवं सहायक अभियंतागण उपस्थित थे।

## कैप्टन अमरिंदर सिंह की पत्नी भाजपा में हुईं शामिल

**प्रात : किरण**

नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस से निलंबित सांसद और पंजाब के पूर्व सीएम अमरिंदर सिंह की पत्नी परनीत कौर आज दिल्ली में बीजेपी में शामिल हुईं। माना जा रहा है कि भाजपा उन्हें पटियाला सीट से लोकसभा चुनाव में उतार सकती है। पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं कांग्रेस से सांसद परणीत कौर आज भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गयीं। भाजपा के केन्द्रीय कार्यालय में भाजपा के महासचिव अरुण सिंह, तरुण चुघ, विनोद तावड़े, भाजपा में पंजाब के प्रभारी विजय रूपाणी, पंजाब प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुनील जाखड़ तथा भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी मौजूद थे। तावड़े ने अपने संबोधन में कहा कि परणीत कौर जैसे सांसद एवं मंत्री के रूप में काम करके अपनी योग्यता एवं क्षमता को सिद्ध किया है। पंजाब में आम आदमी के मन में भाजपा के प्रति बढ़ती लोकप्रियता के बीच कौर के आगमन से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश सेवा का मिशन और मजबूत होगा।

## महालक्ष्मी योजना महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं समृद्धि की गारंटी : राहुल गांधी

**प्रात : किरण**

नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे के गरीब परिवारों की महिलाओं को हर साल एक लाख रुपए देने के ऐलान को क्रांतिकारी पहल करार देते हुए कहा है कि इसमें महालक्ष्मी योजना की घोषणा कर देश की महिलाओं की सुरक्षा सम्मान और समृद्धि की गारंटी सुनिश्चित की गई है। श्री गांधी ने आज ट्वीट कर कहा, महालक्ष्मी सिर्फ एक योजना नहीं है बल्कि आधी आबादी के बेहतर स्वास्थ्य, सुरक्षा, सम्मान और समृद्धि की गारंटी है। देश की हर गरीब महिला को महालक्ष्मी योजना बहुत ध्यान से समझने की जरुरत है। उन्होंने कहा कांग्रेस ने हर गरीब परिवार की एक महिला को महालक्ष्मी मान कर उनके खाते में साल के 1 लाख रुपए डालने का संकल्प लिया है। महिलाएं घर का बैंक होती हैं जिनके पास गया एक-एक रुपया परिवार को मजबूत बनाने में ही लगता है और मजबूत परिवार ही मजबूत समाज का आधार हैं। श्री गांधी ने कहा महिला को अब किसी के आगे हाथ फैलाने या नजर झुकाने की जरुरत नहीं होगी। पढ़ाई, कमाई और दवाई का बोझ घर की महिला खुद अपने कंधों पर उठाने में सक्षम होगी।

## आम आदमी पार्टी ने पंजाब के लिए आठ उम्मीदवारों की पहली सूची घोषित की

**प्रात : किरण**

चंडीगढ़/एजेंसी। आम आदमी पार्टी ने बृहस्पतिवार को लोकसभा चुनाव के लिए पंजाब में आठ उम्मीदवारों की पहली सूची घोषित की। पार्टी ने पांच कैबिनेट मंत्रियों को मैदान में उतारा है। सूची के मुताबिक, पंजाब के कैबिनेट मंत्रियों झ्र कुलदीप सिंह धालीवाल को अमृतसर सीट से, लालजीत सिंह भुल्लर को खडूर साहिब से, गुरुमीत सिंह खुदियां को बठिंडा से, गुरुमीत सिंह मीत को संगरूर से और बलबीर सिंह को पटियाला लोकसभा सीट से मैदान में उतारा गया है। जालंधर से सांसद सुशील रिंकू एक बार फिर इसी सीट से उम्मीदवार बनाए गए हैं। पार्टी ने गुरप्रीत सिंह जीपी को फतेहगढ़ साहिब लोकसभा सीट से अपना उम्मीदवार बनाया है। बस्सी पथाना सीट से कांग्रेस के पूर्व विधायक सिंह हाल में आप में शामिल हुए थे। आप ने पंजाबी अभिनेता करमजीत अनमोल को फरीदकोट लोकसभा सीट से मैदान में उतारा है।

**विकास** | **समिति ने कहा- एक साथ चुनाव कराए जाने से विकास प्रक्रिया को मिलेगा बढ़ावा**

# कोविंद समिति ने एक साथ चुनाव कराने व एकल मतदाता सूची की सिफारिश की

**प्रात : किरण**

नई दिल्ली/एजेंसी। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली एक उच्च-स्तरीय समिति ने पहले कदम के तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने की तथा इसके बाद 100 दिनों के भीतर एक साथ स्थानीय निकाय चुनाव कराने की बृहस्पतिवार को सिफारिश की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी गई 18 हजार से ज्यादा पन्नों की रिपोर्ट में कोविंद की अगुवाई वाली समिति ने कहा है कि एक साथ चुनाव कराए जाने से विकास प्रक्रिया और सामाजिक एकजुटता को बढ़ावा मिलेगा, लोकतांत्रिक परंपरा की नींव गहरी होगी और इंडिया जो कि भारत है की आकांक्षाओं को



साकार करने में मदद मिलेगी। समिति ने सिफारिश की है कि भारत निर्वाचन आयोग राज्य चुनाव अधिकारियों के परामर्श से एकल मतदाता सूची और मतदाता पहचान पत्र तैयार करे। समिति ने कई संवैधानिक संशोधन की सिफारिश की है जिनमें से ज्यादातर के लिए राज्यों के अनुमोदन की जरूरत नहीं होगी। फिलहाल, भारत निर्वाचन आयोग लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए जिम्मेदार है, जबकि नगर निकायों और पंचायतों के चुनावों का प्रबंधन राज्य चुनाव आयोगों द्वारा किया जाता है। कोविंद ने जब राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति को रिपोर्ट सौंपी उस वक्त उनके साथ समिति के सदस्य गृह मंत्री अमित शाह, वित्त आयोग के पूर्व प्रमुख एनके सिंह, लोकसभा के पूर्व महासचिव सुभाष कश्यप, राज्यसभा में विपक्ष के पूर्व नेता गुलाम नबी आजाद और विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल थे। एक बयान में कहा गया है कि यह रिपोर्ट दो सितंबर 2023 को समिति गठन के बाद से हितधारकों, विशेषज्ञों के साथ व्यापक परामर्श और 191 दिनों के शोध कार्य के बाद तैयार की गई है।

## सुप्रीम कोर्ट ने अजित पवार को शरद पवार का नाम व चुनाव चिह्न घड़ी का उपयोग करने से रोका

**प्रात : किरण**

नई दिल्ली/मुंबई/एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एक बड़ा झटका देते हुए अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को उनके चाचा और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (सपा) अध्यक्ष शरद पवार के नाम व अविभाजित पार्टी का चुनाव चिह्न घड़ीका इस्तेमाल करने पर रोक लगा दी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन की खंडपीठ ने कहा कि चूंकि अजित पवार एनसीपी अब एक स्वतंत्र इकाई है, इसलिए उसे शरद पवार की पहचान और चुनाव चिह्न घड़ी का उपयोग नहीं करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने अजित पवार से कहा, जब चुनाव आते हैं तो आपको उनके (शरद पवार) नाम की जरूरत होती है और जब चुनाव



नहीं होते, तो आपको उनकी जरूरत नहीं होती। अब, चूंकि आपकी एक स्वतंत्र पहचान है, आपको उसी के साथ आगे बढ़ना चाहिए। पीठ ने कहा, आप एक अलग राजनीतिक दल हैं, तो उनकी तस्वीरों आदि का उपयोग क्यों करें? अब अपनी पहचान के साथ जाएं, आपने उनके साथ नहीं रहने का फैसला किया है। अदालत ने सुझाव दिया कि अजित एक सार्वजनिक नोटिस जारी कर यह बता सकते हैं कि उनका शरद पवार और एनसीपी-सपा से कोई संबंध नहीं है। अदालत ने यह आदेश एनसीपी (सपा) की एक याचिका की सुनवाई करते हुए दिया। याचिका में भारत के चुनाव आयोग के 6 फरवरी के फैसले को चुनौती दी गई थी। आयोने ने 25 साल पहले शरद पवार द्वारा स्थापित मूल पार्टी और उसके घड़ी चुनाव चिह्न को अजित पवार को दे दिया था। बाद में महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष ने भी इसी तरह का फैसला सुनाया था। ईसीआई और विधानसभा अध्यक्ष दोनों ने अजीत पवार गुट को असली एनसीपी घोषित किया, जबकि शरद पवार गुट को एक नया नाम (एनसीपी-सपा) और ट्रम्पेटर चुनाव चिह्न आवंटित किया गया।

# एम्स पटना में इंसेफेलाइटिस से बाल मृत्यु दर कम करने को ले बाल चिकित्सा आईसीयू प्रशिक्षण हुआ शुरू

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। कार्यकारी निदेशक डॉ जी के पाल के मार्गदर्शन में एम्स पटना में बाल चिकित्सा आईसीयू में प्रबंधन पर 2 सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम बिहार स्वास्थ्य सेवाओं के डॉक्टरों और नर्सों को प्रशिक्षण देने के लिए बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से एम्स पटना के बाल चिकित्सा विभाग द्वारा आयोजित किया गया है। एम्स पटना द्वारा इस तरह के प्रशिक्षण के पांचवें बैच में बिहार स्वास्थ्य सेवाओं के 12 डॉक्टरों और 12 नर्सों को पीआईसीयू प्रशिक्षण के लिए नामित किया गया है। पाठ्यक्रम निदेशक डॉ अरुण प्रसाद ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य बीमार बच्चों की देखभाल में सुधार करना है। बिहार में इंसेफेलाइटिस से प्रभावित बच्चों के परिणाम में सुधार पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में एम्स पटना के डीन डॉ प्रेम कुमार ने बताया कि इस तरह का प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद डॉक्टर और स्टाफ नर्स इंसेफेलाइटिस से पीड़ित बच्चों के प्रबंधन में अधिक कुशल हो जाते हैं. वेक्टर जनित रोग के राज्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अशोक कुमार ने इस बात पर जोर दिया कि आम लोगों को जागरूक किया जाना चाहिए कि बच्चों को रात का भोजन नहीं छोड़ना चाहिए क्योंकि इंसेफेलाइटिस से प्रभावित कई बच्चों में रक्त शर्करा कम पाया जाता है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में शिशु रोग विभाग के प्रमुख डॉ. चंद्रमोहन कुमार, नियोनेटोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. भावेश कांत, डॉ. प्रदीप कुमार, यूनिसेफ से डॉ. अंशुमान दास और संजय कुमार उपस्थित थे।




# दूषित पानी की आपूर्ति से नाराज लोगों ने जताया विरोध

प्रात : किरण संवाददाता



पटना सिटी। नगर निगम के वार्ड संख्या 53 के नूरानी बाग कॉलोनी 5बी में बीते दो माह से दूषित पानी की आपूर्ति हो पा रही है। इससे नाराज लोगों ने गुरुवार को विरोध प्रदर्शन कर विरोध जताने का काम किया। प्रभावित लोगों का कहना है कि दूषित पानी की आपूर्ति होने से खाना बनाने और पीने में खासा परेशानी हो रही है। लोग गंदा पानी का सेवन करने से बीमार पड़ रहे हैं। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि जलापूर्ति पाइप ठीक कराने के लिए जनप्रतिनिधि व नगर निगम के मातहत कार्यरत जल पार्षद से कहा जा रहा है। इसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। वार्ड 53 की पार्षद किरण मेहता व प्रतिनिध सिद्धार्थ भारद्वाज का कहना है कि पुराने व जर्जर श पाइप होने के कारण यह समस्या बनी है। पाइप को साफ कराने के बाद पानी की आपूर्ति कराई जा रही है। नया जलापूर्ति पाइप बिछाने का टेंडर होने के बाद भी कार्य शुरू नहीं हो पाया है। ऐसे में समस्या हो रही है। कार्य आरंभ होते ही समस्या का निराकरण हो जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### देशी शराब के साथ एक युवक गिरफ्तार

फतुहा। नदी थाना पुलिस ने गुरुवार को कच्चीदरगाह पीपापुल के पास से तीस लीटर देसी शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक नदी थाना क्षेत्र के आलमपुर निवासी संजय कुमार है। बताया जाता है कि वह दियारा क्षेत्र से शराब को लाकर पीपापुल के पास बेचने का काम कर रहा था। सूचना मिलते ही उसे शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। नदी थाना एसएचओ राजु कुमार ने बताया कि गिरफ्तार युवक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### बंद क्वार्टर का ताला काटकर चोरों ने चोरी की

दानापुर खगौल। थाना क्षेत्र के अंतर्गत लोको कॉलोनी निवासी कमलेश कुमार कमल के रेलवे लोको कॉलोनी आवास संख्या 157/बी से चोरों ने लाखों की चोरी कर हाथ साफ किया है। कस्तूरबा गांधी स्कूल चौराहा पर स्थित मोकामा के क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र आर पी एफ मोकामा में कार्यरत श्री कमल के आवास से चोरों ने सामने का ताला और कुंडली काट कर आलमारी से नगद 40 हजार के अलावा सोने का सीकरी, छः पीस अंगूठी,दो पीस कान का वाली,चार पीस चांदी का पायल आदि पर चोरों ने हाथ साफ किया है। श्री कमल ने बताया है हमलोग 11 मार्च को अपने परिवार के यहां शादी में गए हुए थे,इसी बीच चोरों ने मेरे आवास का ताला तोड़ कर चोरी किया है। इस की जानकारी हमें स्थानीय परिचित के लोगों ने फोन पर दिया था। इस संबंध में स्थानीय खगौल थाना में मामला दर्ज कराया गया है। कॉलोनी के बीच चौराहा पर स्थित आर पी एफ के घर में चोरी की घटना से स्थानीय रेलवे कर्मचारियों के परिवारों में दहशत है।

### घर बंद कर बेटी को परीक्षा दिलाने गई, हो गई चोरी

पटना सिटी (प्राकि)। बाइपास थाना क्षेत्र के खैरिनया कुआं स्थित बंद मकान का ताला तोड़ चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। दरअसल विश्वनाथ राय के घर में ताला बंद था। इसका लाभ उठाते चोरों ने सात लाख रुपए की संपति चोरी कर ली। इस संबंध में पीड़िता नीलम देवी ने थाना में शिकायत दर्ज कराई है। इस आधार पर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह घर में ताला बंद कर बेटी को परीक्षा दिलाने के लिए गई थी। इसी बीच चोरों ने घटना को अंजाम दे डाला। चोरों ने सोने-चांदी के आभूषण व 50 हजार नगद समेत अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया है।

### विश्व किडनी दिवस लोगों को किया गया जागरूक

पटना सिटी (प्राकि)। एनएमसीएच में संचालित अपोलो डायलिसिस केंद्र की ओर से विश्व किडनी दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ताल्लुका नर्सिंग इंस्टीच्यूट में आयोजित कार्यक्रम में डॉ रिजवान अहमद एवं इंचार्ज जितेंद्र कुमार ने किडनी को सुरक्षित रखने के लिए पानी का सेवन अधिक करने और जंक फूड से दूर रहने की अपील की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंस्टीच्यूट के संस्थापक ज्ञान कुमार और धन्यवाद ज्ञापन मनीष कुमार ने किया।

### चमरू डंडिया इमामबाड़ा पर नौचंदी पर हुई तकरीर व नौहाखानी



पटना सिटी (प्राकि)। चमडोरिया स्थित दरगाह ए बाबुल हवाइच में रमाजन की नौचंदी का आयोजन गुरुवार को किया गया। इसमें रमजान व रोजा पर मौलाना नकी इमाम की तकरीर हुई। आयोजन में जीनत ए आजा व दस्ता ए सज्जादिया की ओर से नौहा पढ़ी गई। इसके बाद अलम निकाला गया। आयोजन से पहले दावत ए इफ्तार का आयोजन हुआ। इसमें मौलाना सैयद अली इमाम ने नमाज पढ़ाया। इसके बाद आयोजित मजलिस में तकरीर हुई। दरगाह के सचिव शाह जौहर इमाम जौनी ने बताया कि आयोजन में जायरीनों की भीड़ जुटी रात तक जुटी रही। आयोजन को लेकर सरवर इमाम, साहब हुसैन,जियारत हुसैन पन्ना, तनवीरूल हसन तन्नू आदि जायरीन शामिल थे।

### भाजपा के प्रदेश व्यापार प्रकोष्ठ में का हुआ सम्मेलन

पटना। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में कैलाश पति मिश्र सभागार में विकसित भारत मोदी सरकार संकल्प के तहत व्यापार प्रकोष्ठ बिहार भाजपा के प्रदेश संयोजक राजु गुप्ता की अध्यक्षता में ब्यापार प्रकोष्ठ का सम्मेलन हुआ जिसका उद्घाटन बिहार सरकार के उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा, प्रदेश के संघठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया, प्रकोष्ठो के प्रभारी विधान परिषद सदस्य देवेश चंद्र ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने कहा कि प्रधानमन्त्री जो कहते हैं वो वही करते हैं आज उनका संकल्प विकसित भारत बनाना है उस लक्ष्य प'र हमलोंगो को काम करना है।

# वैश्य यूनाइटेड फ्रंट की बैठक का किया गया आयोजन

## बैठक में वैश्य परिवार के मतदाताओं को किसी भी एक दल के पक्ष में मतदान करने की ठानी

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। पाटलिपुत्रा लोकसभा के दानापुर विधानसभा में वैश्य यूनाइटेड फ्रंट (वीयूएफ) की बैठक संस्थापक राजेश कुमार के निवास स्थान रामजिचक, दीघा पर आहूत की गई जिसमें दानापुर वैश्य समाज के प्रबुद्ध गणमान लोग तथा भारतीय जनता पार्टी के संबंधित प्रांतीय एवं पटना जिला ग्रामीण तथा दानापुर विधानसभा के विभिन्न मंडल स्तरीय कार्यकर्ता ने उक्त बैठक में भाग लिया` बैठक में आगामी लोकसभा के चुनाव में पाटलिपुत्र के वैश्य परिवार के मतदाताओं को संगठित होकर किसी भी एक दल के पक्ष में मतदान करने की ठानी है क्योंकि पाटलिपुत्र लोकसभा में वैश्य समाज के साथ हो रहा अत्याचार, अन्याय और बेरुखी को होना लगातार बढ़ रहा है। नेतागण के खोखले आश्वासन और लापरवाही असहनीय होती जा रही है। इन सभी मुद्दों को लेकर काफी आक्रोश वैश्य समाज में व्याप्त है, स्थानीय सांसद के द्वारा वैश्य समाज की उपेक्षा का भी मुद्दा प्रभावी रहा जिसमें सभी ने एक स्वर में कहा कि वैश्य समाज किसी की जागीर नहीं हो सकती, जो भी वैश्य समाज की हित की बात और काम करेगा उसी को समाज एक होकर वोट करेगी । भाजपा की पूर्व जिला मंत्री नन्द किशोरे गुप्ता ने कहा वोट हमारा राज तुम्हारा नहीं चलेगा, पाटलिपुत्र लोकसभा के छः में से तीन विधानसभा वैश्य बहुल होते हुए भी भागदारी नहीं मिलती है। पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सुरेन्द्र चौरसिया ने कहा की अगर पार्टी वैश्य के उम्मीदवारी पे विचार नहीं करती है तो समाज अपना नेतृत्व खुद करेगी। भाजपा के जिला मंत्री विजय कुमार भोटी ने कहा की हमने पूरी उम्र भाजपा के कार्यकर्त्ता के रूप में तन, मन और धन सभी दिया, नतीजा शून्य ही रहा` अब बस और नहीं। उक्त बैठक में प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा पूर्व जिला मंत्री नंदकिशोर गुप्ता, सुरेंद्र चौरसिया पूर्व मंडल अध्यक्ष व वर्तमान वार्ड पार्षद विजय कुमार भोटी (जिला मंत्री भाजपा पटना ग्रामीण, अविनाश गुप्ता (प्रदेश कर्समिति सदस्य बीजेपी,, राज कुमार रश्मि (छावनी परिषद् उपाध्यक्ष आशा देवी), शशि रंजन, शशि सोनी, वीरेंद्र प्रसाद (महामंत्री वीयूएफ), विजय कुमार (सचिव वीयूएफ) विजय कुमार (पूर्व वार्ड प्रत्याशी ), अशोक नागवंशी (खगौल) विजय प्रसाद, राजीव कुमार (मंटू), संदीप कुमार, संतोष कुमार, सुजीत मास्टर, दीपक कुमार, सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# एसीजेएम सह सब जज-1 के कोर्ट में आज से काम करेंगे अधिवक्तागण

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी। पटना सिटी अधिवक्ता संघ ने एसीजेएम सह सब जज-1 सह प्रभार एसीजेएम सह सब जज-4 मनीष कुमार जायसवाल के कोर्ट में शुक्रवार से न्यायिक कार्य करेंगे। यह सब संभव हो पाया एडीजे -1 विद्या प्रसाद, एडीजे -4 विनय कुमार और विशेष न्यायाधीश (उत्पाद) वीरेंद्र कुमार की बार एसोसिएशन के शिष्टमंडल और एसीजेएम सह सब जज-1 मनीष कुमार जायसवाल के साथ गुरुवार को हुई बातचीत के दौरान। संघ की ओर से अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा, महासचिव अशोक कुमार, नवीन कुमार सिन्हा, रामाशीष प्रसाद, अशर्फी प्रसाद यादव, मनोज प्रसाद, दिलीप झा, अमरनाथ सिन्हा, सुनील कुमार आदि थे। दरअसल कहा गया कि आगे से न तो एसीजीएम सह सब जज-1 और वकीलों के बीच सौहार्दपूर्ण माहौल में कार्य संपन्न हो पाएगा। दोनों ओर से सौहार्दपूर्ण बातचीत हुई और गिला शिकवा दूर हो गया। इसके बाद अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा और सचिव अशोक कुमार ने बताया कि बातचीत काफी सकारात्मक ढंग से हुई है और दोनों पक्ष के बीच सहमति बनी है। ऐसे में शुक्रवार से अधिवक्तागण एसीजेएम सह सब जज-1 सह प्रभार एसीजेएम सस सब जज-4 मनीष कुमार जायसवाल के कोर्ट में न्यायिक कार्य करेंगे।

# मृत अधिवक्ता के प्रति श्रद्धांजलि के बाद न्यायिक कार्य से अलग रहे वकील

प्रात : किरण संवाददाता



पटना सिटी (प्राकि)। सिविल कोर्ट पटना में बिजली के ट्रांसफार्मर में विस्फोट के बाद अधिवक्ता की मौत और अन्य के घायल होने पर पटना सिटी बार एसोसिएशन ने गुरुवार को शोकसभा किया इसकी अध्यक्षता अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा और संचालन सचिव अशोक कुमार ने किया।

बैठक के दौरान पटना सिविल कोर्ट में बिजली के ट्रांसफार्मर के विस्फोट और उससे गिरे गर्म तेल से अधिवक्ता की हुई मौत पर दुख जताया गया। साथ ही अन्य घायलों के जल्द स्वस्थ होने के लिए कामना की गई। साथ ही कहा गया कि बिजली विभाग के अभियंतागण, जो भी इसमें दोषी हैं, उस पर निश्चित तौर पर कार्रवाई की जानी चाहिए। बार काउंसिल आफ इंडिया और बिहार बार काउंसिल के द्वारा मृत अधिवक्ता और घायलों को आर्थिक मदद दिए जाने का भी स्वागत किया गया। साथ ही बिहार सरकार से भी मदद करने और एक परिजन को सरकारी नौकरी दिए जाने की मांग की गई। आयोजित शोकसभा में दीनानाथ सिंह, धनुषधारी सिंह, अजय साह, अशोक कुमार सिंह, डॉ प्रदीप गुप्ता, राकेश कुमार, अवधेश कुमार, अनुज प्रसाद कंचन कुमार, राम कुमार, संजय कुमार, मधु कुमारी, संजीव आनंद, सागर उर्फ उज्जवल, नवीन कुमार सिन्हा, दीपक गुप्ता आदि मौजूद थे थे।

# हत्या का प्रयास व एससी एसटी एक्ट में दो गिरफ्तार

पटना सिटी (प्राकि)। अगमकुआं थाना की पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में एक को गिरफ्तार किया है, जबकि अगमकुआं थाना की पुलिस ने एससी-एसटी एक्ट के तहत भी एक को गिरफ्तार किया है। दीदारगंज थाना की पुलिस ने बताया कि कांड संख्या 403/23 में अभियुक्त मनोज कुमार पिता स्व कृष्ण सिंह, जो ज्ञानचक का रहने वाला है, को हत्या के प्रयास के मामले में गिरफ्तार किया गया है। उससे पूछताछ करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया है। वहीं अगमकुआं थाना की पुलिस ने बताया कि कांड संख्या 219/24 में एससी/एसटी एक्ट के तहत चंदन कुमार पिता उमेश राम, जो टीवी टावर झोपड़पट्टी के पास का रहने वाला है, को गिरफ्तार किया गया है।

# वंदे भारत के पटना साहिब स्टेशन पर कामर्शियल ठहराव पर किया स्वागत

## न्यू जलपाईगुड़ी-पटना के पहुंचने पर मिठाई, माला व अंगवस्त्र पहनाया

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



पटना साहिब स्टेशन पर पटना-न्यू जलपाईगुड़ी वंदे भारत का स्थाई ठहराव होने की खुशी में कांग्रेसी नेता राजेश शुक्ला टिल्लू के नेतृत्व में वंदे भारत के लोको पायलट, सह लोको पायलट एवं गार्ड को स्टेशन पर पुरजोर तरीके से स्वागत किया गया रेलवे के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी लोगों अंग वस्त्र एवं तख्तश्री पटना साहिब का प्रसाद एवं मिठाई लोगों के बीच बांट कर खुशियां मनाई गई।

स्वागत एवं ठहराव करने में अथक प्रयास में राजेश शुक्ला टिल्लू, डॉ विनोद अवस्थी, सुजीत कुमार कसेरा, सरदार जगजीत सिंह, मो फकरुद्दीन, रामेश्वर पासवान, हर्ष राज, प्राची सिन्हा आदि शामिल रहे। इस ट्रेन के पहले भी पटना साहिब स्टेशन पर अनेक एक्सप्रेस ट्रेनों को ठहराव करवाया जा चुका है।

इस सफल प्रयास के लिए देश के प्रधानमंत्री, रेल मंत्री, रेल बोर्ड के सदस्य अनिल खंडेलवाल, पूर्व-मध्य रेल के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश, मंडल प्रबंधक जयंत चौधरी, मुख्य परिचालन सरस्वती चंद्र, पटना साहिब स्टेशन मास्टर उपेंद्र कुमार, आरपीएफ प्रभारी प्रभाष कुमार पांडेय, जीआरपी प्रभारी शिवजी सिंह एवं सभी अधिकारियों को धन्यवाद एवं बधाई दी।

# डीएम ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने का दिया निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। जिलाधिकारी, पटना शीर्षत कपिल अशोक द्वारा अटल पथ, पटना पर दुर्घटनाओं को रोकने हेतु पुलिस अधीक्षक, यातायात, पटना; जिला परिवहन पदाधिकारी, पटना तथा अपर जिला दण्डाधिकारी, विधि-व्यवस्था, पटना को सुरक्षात्मक मापदंडों का अनुपालन सुनिश्चित कराने तथा विशेष सतर्कता बरतने का निदेश दिया गया है। उन्होंने इन पदाधिकारियों को यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने का भी निदेश दिया है। जिलाधिकारी ने कहा कि विभिन्न माध्यमों से आए दिन अटल पथ पर दुर्घटनाओं के बारे में सूचना आती रहती है। कई बार इन दुर्घटनाओं में मानव क्षति भी हो जाती है। इन दुर्घटनाओं का मुख्य कारण ओवरस्पीडिंग, मानक के अनुसार हेलमेट का प्रयोग नहीं करना, रैश ड्राइविंग, वाहन चलाते समय मोबाईल फोन का उपयोग एवं अन्य मानकों का उल्लंघन है। जिलाधिकारी ने कहा कि इस पर नियंत्रण हेतु गंभीर प्रशासनिक सतर्कता की आवश्यकता है। सड़क सुरक्षा तथा यातायात प्रबंधन के विभिन्न मानकों को अपनाकर दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है। इसके लिए नियमित तौर पर अभियान चलाने तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध प्रावधानों के अनुरूप सख्त कार्रवाई करने की आवश्यकता है।

**जिलाधिकारी द्वारा इन पदाधिकारियों को निम्नलिखित आदेश दिया गया है:-**

1. पुलिस अधीक्षक, यातायात, पटना तथा जिला परिवहन पदाधिकारी, पटना अटल पथ पर सड़क सुरक्षा तथा यातायात प्रबंधन के सभी मानकों के अनुसार परिचालन सुनिश्चित करेंगे। ओवरस्पीडिंग, रैश ड्राइविंग, हेल्मेट के बिना दोपहिया वाहनों का चलाना, बिना सीट बेल्ट के चारपहिया वाहनों का परिचालन, हॉर्न एवं लाइट के मानकों का उल्लंघन सहित निर्धारित मापदंडों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध विधि-सम्मत कार्रवाई करेंगे ताकि ऐसे तत्वों के विरूद्ध स्थायी डिटरेन्स उत्पन्न हो। सीसीटीवी एवं अन्य माध्यमों से उल्लंघन करने वालों को चिन्हित करते हुए कार्रवाई करेंगे।

2. अपर जिला दण्डाधिकारी, विधि-व्यवस्था, पटना समय-समय पर दण्डाधिकारियों तथा पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति कर अटल पथ के नजदीक अवस्थित स्थानों तथा सर्विस लेन को अतिक्रमण-मुक्त रखेंगे।

3. पुलिस अधीक्षक, यातायात, पटना; जिला परिवहन पदाधिकारी, पटना तथा अपर जिला दण्डाधिकारी, विधि-व्यवस्था, पटना आपस में समन्वय स्थापित कर दुर्घटनाओं को रोकने हेतु सभी आवश्यक कार्रवाई करेंगे। यातायात विभाग के पदाधिकारियों, कर्मियों, मोटरयान निरीक्षकों, अपर जिला परिवहन पदाधिकारियों की समय-समय पर प्रतिनियुक्ति कर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध प्रभावी एवं सभी तरह का निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी ने इन पदाधिकारियों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उपर्युक्त आदेश का अनुपालन सुनिश्चित कराने का निदेश दिया है। उन्होंने कहा कि जन सुरक्षा प्रशासन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके बारे में सभी स्टेकहोल्डर्स को सजग, तत्पर एवं प्रतिबद्ध रहना होगा। जिलाधिकारी ने आम जनता से भी सुरक्षित परिवहन हेतु यातायात नियमों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि ये नियम आम जनता की सुरक्षा के लिए है। इन मानकों का पालन कर हम अपनी यात्रा को सुरक्षित एवं सुखद बना सकते हैं। अतः सड़क सुरक्षा मापदंडों का अनुपालन सुनिश्चित करें।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, भ0नि0वि0, पटना
अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या-09 वर्ष 2023-24

समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदको/ख्याति प्राप्त फर्मों/कम्पनियों से दिनांक 25.03.2024 के अपराह्न 12.30 बजे तक निर्देशानुसार निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद कोटेशन अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, पटना का कार्यालय एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा और उसी दिन 1.30 बजे अपराह्न मे कोटेशनदात्ताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा।

कोटेशन का मुल्य (रुपये में) रू० 750.00,

कोटेशन-पत्र के साथ, कार्यपालक अभियंता, गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, पटना के नाम से O-GRAS के माध्यम से E-Challan के रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा।

कार्य का विवरणी :-

| S.L. No. | Name of Work & Description of Items |
|---|---|
| 1 | Name of Work: - Supply of One Four Wheeler Vehicle (On Monthly Hire Basis) for the use of the Executive Engineer, Gardanibagh Building Division, Building Construction Department, Patna for the year 2022-23. |

1. विशेष सूचना के लिए सूचनापट्ट या वेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prdbihar देखें या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पर्क करें।

PR. No. 019913 (BCD) 2023-24

कार्यपालक अभियंता
गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, पटना

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

# व्यापार प्रकोष्ठ कार्यकारिणी सह सम्मेलन में भोजपुर से शामिल हुए सैकड़ों व्यवसायी

## प्रदेश सह संयोजक आलोक अंजन उर्फ छोटे के नेतृत्व में शामिल हुए व्यावसायी

प्रात : किरण संवाददाता



पटना के कैलाशपति सभागार में गुरुवार को भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ कार्यकारिणी सह सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ बिहार प्रदेश के सह संयोजक आलोक अंजन उर्फ छोटे के नेतृत्व में भोजपुर से सैकड़ो व्यवसायी सम्मेलन में शामिल हुए। सम्मेलन में भाग लेने के लिए व्यवसयियों का जत्था गुरुवार की अगले सुबह शहर के मीरगंज बांसटाल रोड से निकला। उसके बाद पटना पहुंचकर सम्मेलन में शामिल हुआ। सम्मेलन में सूबे के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, भाजपा के संगठन मंत्री भीखू भाई दलसानिया, एमएलसी सह बिहार व्यापार प्रकोष्ठ के प्रभारी दिवेश कुमार एवं बिहार प्रदेश व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक राजु गुप्ता मंच पर मौजूद रहें। इस मौके पर प्रदेश भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के सह संयोजक आलोक अंजन उर्फ छोटे ने मंचासीन लोगों को मां आरण्य देवी की तस्वीर एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। सम्मेलन में प्रदेश भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के सह संयोजक आलोक अंजन उर्फ छोटे ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में ही विकसित भारत की परिकल्पना की जा सकती है। आगामी लोकसभा चुनाव में मोदी के संग ही पूरा बिहार खड़ा है। इस बार व्यापार प्रकोष्ठ से जुड़े लोग पूरे बिहार के प्रत्येक बूथ पर सौ-सौ वोट डालवाने का काम करेंगे। इससे भाजपा गठबंधन बिहार में सभी 40 सीट तथा देश में 400 सीट के आंकड़े को पार करेगी और अपनी जीत का परचम लहराएगी। सम्मेलन में शामिल होने वाले लोगों में भाजपा नेता प्रेम पंकज उर्फ ललन जी, अंजनी चौधरी, आजाद श्रीवास्तव, रतन प्रताप सिंह, विशाल गुप्ता, अनिल कुमार सिंह, भोला प्रसाद, लड्डू कुमार, प्रतिक राज समेत कई थे।

भवन निर्माण विभाग
बिहार सरकार
अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या- 218 वर्ष 2023-24

समुचित श्रेणी मे निबंधित संवेदको/ख्याति प्राप्त फर्मों/कम्पनियों से दिनांक 23.03.2024 के अपराह्न 12.30 बजे तक निर्देशानुसार निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद कोटेशन अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, पटना का कार्यालय एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा और उसी दिन 3.00 बजे अपराह्न मे कोटेशनदात्ताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा।

कोटेशन का मुल्य (रुपये में) प्रत्येक कार्य क्रमांक के कोटेशन-पत्र के साथ कोटेशन मूल्य ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (O-GRAS) के माध्यम से (कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना) के पदनाम से जमा करना अनिवार्य होगा, जो कोटेशन प्रकाशन की तिथि के बाद का होना चाहिए। कोटेशन प्रकाशन के पूर्व के निर्गत ओ-ग्रास (O-GRAS) का कम्पयूटराईज्ड प्राप्ति रसीद पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। कोटेशन मूल्य संवेदक के द्वारा कुल कोटेड राशि के अनुसार होगा, जो निम्न प्रकार है :- रू0 0 से रू0 50,000 तक- रू0 250/-, रू0 50,001 से रू0 2,50,000 तक- रू0 500/-, रू0 2,50,001 से रू0 5,00,000 तक- रू0 750/-, रू0 5,00,001 से रू0 10,00,000 तक- रू0 1,250/-, रू0 10,00,001 से रू0 15,00,000 तक- रू0 2,500/- एवं अग्रधन की राशि- 2% (कोटेड राशि का मूल्य दो प्रतिशत) कोटेशन कागजात के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।

कार्य का विवरणी :-

| Sl No. | Name of Work/Specifiation | Qnt. | Unit | Quoted Rate (in Number and Word) |
|---|---|---|---|---|
| 01- | Supplying of Name Plates, Stage, Carpet & Different Types of Material in Residence No.-1 Anney Marg, Patna for the Year 2023-2024. | | | |
| 02 | Supplying of Speed Controller Hydraulic Door Closer, Blanket, Bed Sheet & Different Types of Different Material in Residence No.-1 Anney Marg, Patna for the Year 2023-2024. | | | |

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

PR- 019893 (BCD) 2023-24

कार्यपालक अभियंता
केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

भवन निर्माण विभाग
बिहार सरकार
कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना का कार्यालय
अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना, संख्या- 124 वर्ष 2023-24

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना।
2. परिमाण-विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 23.03..2024 को 12:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 23.03..2024 को 03:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 23.03..2024 को 03:30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (क) अंचल कार्यालय, दक्षिण बिहार भवन अंचल, पटना। (ख) प्रमंडल कार्यालय, केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना। (ग) संबंधित अवर प्रमंडल कार्यालय।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक (5) के वर्णित स्थान (क) एवं (ख) पर।
7. कार्य का विवरणी :

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख रू० में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मू० (रू० में) (अप्रत्यर्पणीय) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of Wall Putty, Wood work & Bathroom Tiles in Bihar Rajya Yojna Parisad, 4th Floor at Vishweshwaraiya Bhawan, Panta for the year 2023-24. | 14.39 | 28,800=00 | 2,500=00 | 01 माह |
| 2. | Renovation of Flooring work and Ceiling work in Different chambers at Bihar Rajya Yojna Parisad, 4th Floor Vishweshwaraiya Bhawan, Patna for the year 2023-24. | 14.76 | 25,600=00 | 2,500=00 | 01 माह |
| 3. | Renovation of Grill, Glass Panes and Painting Work in North Wing and Central Wing Ground Floor of Education Deptt. at Vikash Bhawan, Patna for the year 2023-24. | 7.00 | 14,000=00 | 1,250=00 | 01 माह |
| 4. | Anti Termite Treatment Work in Education Dept. at Vikash Bhawan, Patna for the year 2023-24. | 4.99 | 10,000=00 | 750=00 | 01 माह |
| 5. | Partition, Supply and Other Works in Paryatan Vibhag Chamber F.F. in Block - 02 Building, Patna for the year 2023-24. | 5.48 | 11,000=00 | 1,250=00 | 01 माह |
| 6. | Renovation of Washing and Painting of BC and EBC Welfare Deptt. in Extended Building Block- 04 Under Irrigation Section, Patna for the year 2023-24. | 7.24 | 14,500=00 | 1,250=00 | 01 माह |

8. विशेष सूचना के लिए सूचनापट्ट या बेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prdbihar देखें या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पर्क करें।

PR. No. 019887 (BCD) 2023-24

कार्यपालक अभियंता,
केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

# एनडीए सरकार में बंपर मिलेगा रोजगार : सम्राट

## नवनियुक्त 3270 आयुष चिकित्सकों को दिया गया नियुक्ति पत्र



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गुरुवार को पटना में नवनियुक्त 3270 पदों पर आयुष चिकित्सकगण को नियुक्ति-पत्र वितरित किया और आमजन की सेवा में जाने पर शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा एवं वरिष्ठ पदाधिकारीगण भी मौजूद रहें। इस मौके पर उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत बड़े पैमाने पर बहाली लगातार निकाली जा रही है। इस नियुक्ति से आयुर्वेद, यूनानी एवं होम्योपैथी पद्धति से आमजन को चिकित्सकीय सुविधा में बढ़ोत्तरी होगी। उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार में कोई कमी नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार अपने किए गए वादों को पूरा करने के लिए कृतसंकल्पित है। एनडीए कि केंद्र की सरकार हो या प्रदेश कि सरकार हो, लोगों को रोजगार देने के लिए हर उपाय कर रही है। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार में बंपर रोजगार मिलेगा ।

## एनडीए के सभी प्रत्याशियों को निर्विरोध निर्वाचित होने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने दी बधाई

पटना। बिहार विधान परिषद द्विवार्षिक चुनाव में माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित एनडीए के सभी प्रत्याशियों के निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए जाने पर विजयी प्रत्याशियों को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बधाई और शुभकामनाएं दी है। श्री चौधरी ने अपने बधाई संदेश में कहा है कि सदन में आप सभी की उपस्थिति से जनहित एवं विधायिका के कार्य और अधिक समृद्धि होगा। उन्होंने कहा कि निर्वाचित घोषित किए गए प्रत्याशियों में जदयू के नीतीश कुमार और खालिद अनवर, भाजपा से मंगल पाण्डेय, लाल मोहन गुप्ता और अनामिका सिंह, हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा से संतोष कुमार सुमन शामिल हैं।

## उप मुख्यमंत्री ने आइजीआइएमएस में 1200 शैय्या अस्पताल के अंतर्गत 50 कमरों के पुरूष छात्रावास

- कहा- सुदृढ़ हो रही है बिहार की स्वास्थ्य व्यवस्था
- अस्पताल का मुख्य द्वार एवं बस शेल्टर का किया उद्घाटन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। बिहार भाजपा के अध्यक्ष सह उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज कक्ष्लटर में 1200 शैय्या अस्पताल के अंतर्गत 50 कमरों वाला पुरूष छात्रावास, अस्पताल का मुख्य द्वार एवं बस शेल्टर का उद्घाटन किया। इसके साथ ही विभाग में कार्यरत कर्मचारियों को पदोन्नति पत्र का भी वितरण किया। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री श्री चौधरी ने कहा कि बिहार में निर्धारित मानकों के आधार पर स्वास्थ्य सेवाओं को परखा जाएगा, जहां सुधार या बेहतरी के लिए कदम उठाने की जरूरत होगी वहां आवश्यक बदलाव किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अस्पताल में आने वालों को तुरंत सुविधा मिले, इसी को लेकर सरकार द्वारा व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि अस्पताल परिसर में कई विभागों में नए भवन निर्माणाधीन हैं। उन्होंने कहा कि कोई मरीज वापस न लौटे इसी को लेकर सरकार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि बस शेल्टर के शुरू होने से यात्रियों को अब परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

## नीतीश कुमार के नेतृत्व में सरकारी नौकरी व रोजगार का मिल रहा अवसर : श्रवण

मंत्री ने सात पदाधिकारियों को प्रशिक्षण हेतु विभिन्न जिलों में योगदान हेतु सौंपा नियुक्ति पत्र

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



पटना। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने बिहार लोक सेवा आयोग से चयनित 68वीं बैच के कुल 7 परिक्ष्यमान ग्रामीण विकास पदाधिकारियों को प्रशिक्षण हेतु विभिन्न जिलों में योगदान हेतु नियुक्ति पत्र का वितरण मंत्री के कार्यालय कक्ष में किया गया है। नियुक्ति प्राप्त करने वाले पदाधिकारी आदिति कुमारी, नीतीश पाठक, अंकित कुमार, रीमा शर्मा, विकास सिंह, आदर्श कुमार नन्दा एवं कुमार देवव्रत हैं। उपरोक्त पदाधिकारियों को मंत्री ने बधाई दी तथा लगन एवं उत्साह के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने का सुझाव दिया तथा बताया गया कि गरीबी उन्मूलन में आपलोगों का विशेष योगदान है तथा ग्रामीण विकास विभाग की जितनी योजनाएं हैं सभी गरीबों से जुड़ा हुआ है तथा गरीबों का विभाग पर काफी भरोसा है। मंत्री ने प्रशिक्षु पदाधिकारियों से अपेक्षा करते हुए कहा कि आपलोग बिना भेदभाव के गरीब जनता के लिए अपने दायित्वों का निर्वहन करेगें । मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में सरकारी नौकरी, रोजगार का विशेष अवसर मिल रहा है । बिहार के नौजवानों के लिए मुख्यमंत्री की सोच से यह संभव हो सकता है । इस अवसर पर ग्रामीण विकास विभाग के अपर सचिव, नंद किषोर साह, संयुक्त सचिव, मंजू प्रसाद एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें ।

## सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। आपदा प्रबंधन विभाग के सभागार में बिहार लोक सेवा आयोग की 68वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम से चयनित कुल 35 सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारियों को उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ प्रेम कुमार द्वारा नियुक्ति पत्र वितरण का समारोह सफलता पूर्वक आयोजित किया गया। बिहार एक आपदा प्रवण राज्य है। आपदा की पूर्व तैयारी एवं आपदा की स्थिति में त्वरित राहत हेतु राज्य में पहली बार आपदा प्रबंधन हेतु पदाधिकारियों की एक पूर्णतः समर्पित सेवा का गठन किया गया है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारियों को समर्पित ढंग से कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। आपदा प्रबंधन मंत्री द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारियों को बिहार के विकास में अपनी प्रतिभा का सदुपयोग करने का सुझाव दिया गया। साथ ही, प्रत्यय अमृत, अपर मुख्य सचिव, आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए आपदा के विभिन्न पहलूओं से उन्हें अवगत कराया गया तथा मानवीय दृष्टिकोण के साथ आपदा पीड़ितों को त्वरित राहत पहुँचाने में सहयोगी बनने हेतु कर्त्तव्यबोध कराया गया। खुर्शीद अकरम, विशेष सचिव, आपदा प्रबंधन विभाग के धन्यवाद ज्ञापन के साथ समारोह सम्पन्न हुआ।

## पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी का मूली उखाड़ते वीडियो वायरल

- तेजस्वी ने मां लिखकर किया री पोस्ट

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



पटना। बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी का एक दिलचस्प वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें वह मूली उखाड़ती नजर आ रही हैं। इस वीडियो को पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने भी मां लिखकर पोस्ट किया है। पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने गुरुवार को एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया। इसमें वह खेत में जाते व मूली उखाड़ते देखी जा सकती हैं। मूली उखाड़कर वह अपने सहायकों को इसे गाय को खिलाने के लिए कहती हैं। इस वीडियो को पोस्ट करते हुए उन्होंने लिखा, जड़ों से जुड़ाव ही जीवन की सच्चाई और गहराई से वास्तविक परिचय कराता है। जड़ों से जुड़े.रहना बंधन नहीं, असल जिंदगी है, मुक्ति व युक्ति है। जड़ से जुड़े1 पेड़ हमेशा पल्लवित, पुष्पित, छायादार, फलदार व गुलजार तथा जड़ से जुड़े इंसान जानकार, जानदार, शानदार, दिलदार, हकदार और वजनदार होते है। माना जा रहा है कि इस पोस्ट के जरिए उन्होंने बिना किसी के नाम लिए राज्य सरकार को नसीहत दी है। इस वीडियो को बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने भी शेयर किया है। उन्होंने मां लिखकर इस वीडियो को शेयर किया है। उल्लेखनीय है कि दो दिन पहले तेजस्वी ने गोशाला में जाने का वीडियो पोस्ट किया था।

# धर्म के आधार पर नागरिकों को बांटने के मकसद से लाया गया सीएए : दीपंकर

सीएए की वापसी की मांग पर पटना सहित पूरे राज्य में माले का प्रतिवाद

पटना, प्रात : किरण संवाददाता




पटना। लोकसभा चुनाव 2024 के ठीक पहले असंवैधानिक, भेदभावकारी और विभाजनकारी नागरिकता संशोधन कानून की अधिसूचना को एक गहरी राजनीतिक साजिश करार देते हुए गुरुवार को भाकपा-माले ने राष्ट्रव्यापी प्रतिवाद के तहत राजधानी पटना सहित गया, दरभंगा, सुपौल, नासरीगंज, बिहारशरीफ, पटना ग्रामीण के मसौढ़ी, दुल्हिनबाजार, नवादा, बेगूसराय आदि जगहों पर विरोध दिवस का आयोजन किया। राजधानी पटना में जीपीओ गोलबंर से सैकड़ों की तादाद में माले कार्यकताओं ने सीएए वापस लो, नागरिकों को धर्म के आधार पर बांटने की साजिश नहीं चलेगी, संविधान पर हमला नहीं सहेंगे आदि नारे लगाते हुए मार्च किया और बुद्ध स्मृति पार्क पर एक प्रतिवाद सभा आयोजित की। जिसे माले महासचिव का. दीपंकर भट्टाचार्य, माले विधायक दल के नेता महबूब आलम और शिक्षाविद् गालिब ने संबोधित किया. कार्यक्रम का संचालन एआइपीएफ के कमलेश शर्मा ने किया। कार्यक्रम में उक्त नेताओं के अलावा पार्टी नेता धीरेन्द्र झा, केडी यादव, अमर, ऐपवा की महासचिव मीना तिवारी, स्कीम वर्कर आंदोलन की नेता शशि यादव, रसोइया आंदोलन की नेता सरोज चैबे, पटना महानगर के सचिव अभ्युदय, ऐपवा की अनीता सिन्हा, ऐक्टू नेता रणविजय कुमार, पार्टी नेता जितेन्द्र कुमार, अनय मेहता, नसीम अंसारी, मुर्तजा अली, विनय कुमार सहित बड़ी संख्या में पार्टी नेता-कार्यकर्ता उपस्थित थे। माले महासचिव का. दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा कि जब देश ने फासिस्ट मोदी सरकार से छुटकारा पाने का मन बना लिया है, ठीक ऐसे समय में सीएए लागू करने का मतलब है कि भाजपा सरकार जनता का ध्यान भटकाने के लिए नफरत व विभाजन का माहौल बना रही है। जिस दिन सुप्रीम कोर्ट में इलेक्टोरेल बॉन्ड पर एसबीआई को जवाब देना था, ठीक उसी दिन सीएए को अधिसूचित किया गया। अपने भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए भाजपा ने यह विभाजनकारी चाल चली है। सुप्रीम कोर्ट में सीएए को लेकर 200 से अधिक याचिकाएं लंबित है। उम्मीद है कि इलेक्टोरेल बॉन्ड की तरह सुप्रीम कोर्ट भी सीएए को संविधान विरोधी करार दे। मतलब साफ है कि भाजपा इसके केवल और केवल विभाजन व नफरत को बढ़ावा दे रही है। आगे कहा कि 2019 में सीएए के पास हो जाने के बाद देश में ऐतिहासिक जनांदोलन हुआ था।

सीएए का विरोध इसलिए है कि हमारे देश के संविधान के अनुच्छेद 14 में नागरिकों या गैर नागरिकों यानी तमाम लोगों के प्रति समान नागरिकता का वादा है। सीएए ने इसे खत्म कर दिया है। यह ऐसा कानून है जो 31 दिसंबर 2014 के पहले बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से आए किसी हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन या पारसी उत्पीड़ित को तो नागरिकता प्रदान करता है लेकिन मुसलमानों को इससे अलग कर दिया गया।ल्लश्रीलंका, म्यांमार, नेपाल जैसे देशों से आए उत्पीड़ितों का भी जिक्र नही हैं। श्रीलंका के तमिल हिन्दुओं व मुसलमानों या म्यांमार के रोहिंग्या मुसमलानों को इससे वंचित कर दिया गया है। इसके बाद एनआरसी व एनपीआर की तैयारी है. एनपीआर में कागज न दिखलाने वालों की नागरिकता खत्म कर दी जाएगी।

## पाकिस्तान में जब हिंदुओं को न्याय नहीं मिलेगा, तो वह हिन्दुस्तान ही आएगा : गिरिराज

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



बेगूसराय/पटना। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने गुरुवार को सीएए कानून का विरोध करने वालों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि पाकिस्तान में जब हिंदुओं को न्याय नहीं मिलेगा, तो वह हिन्दुस्तान ही आएगा। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को निशाने पर लेते हुए उन्होंने कहा कि वे हिंदुओं को गाली दे रहे हैं। बेगूसराय में सांसद ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए गिरिराज सिंह ने कहा, जब पाकिस्तान में हिंदुओं की बेटी को मंडप से उठाकर लेकर जाते हैं, तब तो इनकी जुबान नहीं खुलती। उन्होंने कहा कि जब किसी पीड़ित को पाकिस्तान में न्याय नहीं मिलेगा, तो वह भागकर हिन्दुस्तान नहीं आएगा, तो कहां जाएगा। उन्होंने कहा कि रोहिंगिया को लेकर उनकी जुबान नहीं खुलती, क्योंकि उनका वोट बैंक है। यह तुष्टीकरण नहीं चलेगा। उन्होंने कहा, जो भारतवंशी पाकिस्तान में तबाह, बर्बाद हुए हैं, अफगानिस्तान में सिख भाई तबाह बर्बाद हुए, उनको सहारा आखिर कौन देगा। भारत के प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ने उनको सहारा देने के लिए यह कानून बनाया है।

## झूठ की फूंक से लालटेन जलाने की कोशिश कर रहा है राजद : राजीव

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। राजद को निशाने पर लेते हुए जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने गुरुवार को कहा है कि लालू परिवार की जमींदारी बचाए रखने के लिए राजद अब पूरी तरह कांग्रेस के नक्शेकदम पर उतर चुकी है। भ्रष्टाचार, परिवारवाद और घोटालों के बाद अब इन्होने कांग्रेस से सीना ठोक कर झूठ बोलने की ट्रेनिंग भी ले ली है। राजद यह जान ले कि झूठ की फूंक से उनकी लालटेन जलने वाली नहीं है, उलटे उनकी बची-खुची भकभकाहट भी इससे समाप्त हो जाएगी। उन्होंने कहा कि वास्तव में राजद के पास जनता के समक्ष अपना कुछ बताने के लिए है ही नहीं। इसीलिए यह आज भी नीतीश कुमार के नाम के सहारे अपनी राजनीतिक दुकान चला रहे हैं। इन्हें पता है कि लालू राज में हुए कुकर्मों की कालिख आज भी इनके चेहरे से छूटी नहीं है। जनता आज भी उन्हें जंगलराज के वाहक के रूप में ही जानती है और चंद लोगों के अलावा कोई भी सत्ता में उनकी वापसी नहीं चाहता। यही वजह है कि यह नीतीश सरकार के कामों को अपना बता कर जनता को बहकाने का प्रयास कर रहे हैं। राजद यह जान ले कि बिहार की जनता उनकी हकीकत जानती है। कोई भी उनके बहकावे में आने वाला नहीं है। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि आगामी चुनाव राजद के राजनीतिक ताबूत में आखरी कील साबित होने वाली है। पिछले लोकसभा चुनाव की ही तरह इस चुनाव में भी उनका सूपड़ा साफ हो जाएगा। यहां तक कि पिछली बार ईश्वर की कृपा से उनके गठबंधन को मिली इकलौती सीट भी उनके हाथों से फिसलने वाली। जनता परिवारवाद के के सफाए के खिलाफ कमर कस चुकी है। इस चुनाव में उसका परिणाम स्पष्ट नजर आएगा। लोकतंत्र बनाम परिवारवाद के इस चुनाव में परिवारवादियों का सफाया तय है।

## तेजस्वी पिछले 20 महीने 6 दिन के आरजेडी शासनकाल को क्यों भूल गए : नीरज

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने राजद के शासनकाल पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि आरजेडी नेता तेजस्वी यादव अगर अपने 17 महीने 17 दिन के शासनकाल के दौरान राज्य में लाखों नियुक्तियों का झूठा क्रेडिट ले रहे हैं, तो उन्हें साल 2017 के 20 महीने 6 दिन के आरजेडी शासनकाल को भी याद करना चाहिए और जनता को ये बताना चाहिए कि आखिर भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर चलने वाले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उन्हें सत्ता से बाहर का रास्ता क्यों दिखा दिया था। युवाओं को नौकरी देने का दावा करने वाले तेजस्वी यादव को साल 2015 से साल 2017 के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सरकार में अपना 20 महीने का शासनकाल याद नहीं आया, जब उस दौरान सरकार में काम करने की बजाए अपने परिवार के भ्रष्टाचार को दबाने में लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव लगे रहते थे। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव को उस 20 महीने 6 दिन के शासनकाल का भी व्यौरा भी जनता को देना चाहिए और बताना चाहिए कि किस तरह वो और उनके पिता भ्रष्टाचार की लीपापोती करना चाह रहे थे। आरजेडी नेता तेजस्वी यादव के दावों पर निशाना साधते हुए ये बातें जदयू के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता और विधानपार्षद श्री नीरज कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि ये मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ह्यसात निश्चय पार्ट टूह्न योजना का ही परिणाम है कि, आज बिहार में अलग-अलग विभागों में लाखों युवाओं को नौकरियां मिल रही हैं और हजारों युवाओं को नौकरी देने की प्रक्रिया जारी है। आरजेडी नेता से सवाल पूछते हुए उन्होंने कहा कि अगर उन्हें युवाओं को नौकरी देने की इतनी ही फिक्र थी तो साल 2015 से लेकर साल 2017 तक राज्य सरकार में शामिल रहे तेजस्वी यादव को उस दौरान युवाओं को नौकरी देने की बात क्यों याद नहीं आ रही थी

## साइंस म्यूजियम ग्लॉसगो का राज्य सरकार के पदाधिकारियों ने किया परिभ्रमण

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। बिहार सरकार के पदाधिकारियों के दल द्वारा लंदन दौरा के क्रम में स्कॉटलैंड के ग्लॉसगो साइंस सेंटर का गुरुवार को परिभ्रमण किया गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की परिकल्पना के अनुरूप पटना में निमार्णाधीन डॉ. ऐ पी जे अब्दुल कलाम साइंस सेंटर को विश्वस्तरीय स्वरूप देने के उद्देश्य से बिहार सरकार के डेलीगेशन द्वारा ग्लॉसगो साइंस सेन्टर का भ्रमण किया गया है। राज्य सरकार के पदाधिकारियों द्वारा स्कॉटलैंड के ग्लॉसगो साइंस सेंटर की एक-एक चीजों का गहराई से अध्ययन किया गया।
ग्लॉसगो स्कॉटलैंड का सबसे बड़ा शहर है। पैसिफिक क्षेत्र में ग्लॉसगो साइंस सेंटर स्थित है। यहां तीन प्रमुख इमारतों में विज्ञान केंद्र का निर्माण किया गया है। ग्लासगो साइंस सेंटर आगंतुकों के लिए आकर्षण का केंद है जो कि स्कॉटलैंड के ग्लॉसगो में क्लाइड नदी के दक्षिणी तट पर क्लाइड वाटरफ्रंट रीजेनरेशन क्षेत्र में स्थित है। महारानी एलिजाबेथ द्वितीय द्वारा 5 जुलाई 2001 को ग्लासगो साइंस सेंटर लोगों के लिए खोला गया था।

## राबड़ी देवी सहित महागठबंधन के सभी उम्मीदवारों के निर्विरोध विधान पार्षद निर्वाचित होने पर बधाई

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। महागठबंधन के सभी उम्मीदवारों के निर्विरोध विधान पार्षद निर्वाचित होने पर प्रदेश राजद प्रवक्ता एजाज अहमद ने हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे महिला सशक्तिकरण के साथ- साथ पार्टी का सभी वर्गों में विश्वास बढ़ा है। प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने निर्विरोध विधान पार्षद चुने जाने पर पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुलबारी सिद्दिकी, प्रदेश प्रवक्ता डॉ उर्मिला ठाकुर, राष्ट्रीय महासचिव फैसल अली सहित भाकपा माले की कॉ शशि यादव को बधाई देते हो कहा कि इससे राष्ट्रीय जनता दल और महागठबंधन के प्रति लोगों का विश्वास और मजबूत हुआ है साथ ही लालू प्रसाद और तेजस्वी प्रसाद यादव के द्वारा सभी वर्गों को सम्मान देने की जो नीति है उसको मजबूती मिलेगी और महिला सशक्तिकरण के प्रति महागठबंधन का जो सच है उसको एक नया आयाम मिला है।

## मेरा नेता मेरा अभिमान अभियान के तहत सीएम नीतीश के 18 वर्षों की उपलब्धियां को जनता तक पहुंचाया जाएगा : अशोक

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पूर्व मंत्री एवं एमएलसी अशोक चौधरी अपने सरकारी आवास पर संवाददाता को संबोधित किया। श्री चौधरी ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए मेरा नेता मेरा अभिमान अभियान एवं अभियान की सफलता के लिए महत्वपूर्ण तत्वों पर जानकारी देते हुए कहा कि इस कार्यक्रम को 2025 तक चलाएंगे, जिसमें नेता नीतीश कुमार के द्वारा किए गए विकास के कार्यों की चर्चा करेंगे। 2005 से पहले के बिहार से आज की नई पीढ़ी अनभिज्ञ है। इस अभियान के माध्यम से हमारा ये प्रयास होगा कि इस नई पीढ़ी को अपने नेता के 18 वर्ष के कार्यकाल के दौरान बिहार की विकास गाथा से अवगत करायें।
श्री चौधरी ने कहा कि जिस बिहार में 1000 मेगावाट बिजली की खपत थी वहीं नेता के बिहार में आज बिजली की खपत करीब साढे. सात हजार मेगावाट है। वर्ष 2005 में माननीय नेता को जब बिहार की जनता ने बड़े स्नेह और आदर के साथ नेता को बिहार की बागडोर सौंपी थी, तब इस प्रदेश का बजट मात्र 23 हजार 885 करोड़ हुआ करता था लेकिन अपने अपने 18 वर्ष के कार्यकाल में इसे अपनी दूरदर्शिता और कार्यकुशलता से 2 लाख करोड़ से भी ऊपर पहुँचाया है। उन्होंने कहा कि माननीय नेता के नेतृत्व में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 2 लाख 78 हजार 725.72 करोड़ का बजट राज्य की जनता को समर्पित किया है। श्री चौधरी ने कहा कि आज जो लोग नेता नीतीश कुमार की राजनैतिक छवि को धुमिल करने का प्रयास कर रहें हैं वो नेता द्वारा बिहार के सर्वांगीण विकास के लिए किए गए कार्यों की चर्चा नहीं करते न हीं वो गांधीवादी नीतीश कुमार की चर्चा करते हैं। श्री अशोक चौधरी ने कहा कि नीतीश कुमार ने प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में बिहार की बागडोर संभाली तथा अपने 18 वर्ष के कार्यकाल में सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक रूप से कैसे वंचित एवं दलित समाज सबल हो, सशक्त हो इसके लिए नेता ने अब तक के कार्यकाल में योजनाओं का निर्माण एवं बजट का प्रावधान किया और योजनाओं को धरातल पर उतारा है।

## संपत्ति कर का भुगतान नहीं करने वाले डिफॉल्टर संस्थानों पर लगेगा नगर निगम का ताला

- बकायेदार सरकारी 4 एवं निजी सम्पत्ति धारकों कि प्रॉपर्टी को सील एवं जब्त करने के लिए अंचल को उपलब्ध कराये गए 400 ताले

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। संपत्ति कर का भुगतान नहीं करने एवं बार-बार नोटिस देने के बाद भी निगम के नोटिस कि अवहेलना करने वाले सरकारी गैर सरकारी, संपत्ति मालिकों व संस्थानों पर ताला लगा कर उसे जब्त किया जाएगा। गौरतलब है कि इन बकायेदार भवनों की मार्किंग भी पूर्व में पटना नगर निगम द्वारा की जा चुकी है।

पटना नगर निगम द्वारा अंचल को उपलब्ध कराये गए हैं 400 ताले :
पटना नगर निगम के सभी अंचल में मुख्यालय द्वारा सभी कार्यपालक पदाधिकारियों एवं नोडल पदाधिकारियों को लगभग 400 ताले उपलब्ध कराये गए हैं।बता दें कि सभी अंचल में सरकारी एवं गैर सरकारी भवनो को इसके लिए अंचलवार चिन्हित कर कई बार नोटिस दिया जा चूका है।

पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के संस्थान विशेषकर ए एन कॉलेज पर सबसे अधिक बकाया, जब्त हो सकती हैं सम्पत्ति :
सरकारी संस्थानों में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले शिक्षण संस्थान विशेषकर एन कॉलेज पर सबसे अधिक बकाया है। नगर निगम द्वारा कई बार नोटिस भी दिया जा चुका है। परन्तु उनके द्वारा नोटिस को गंभीरता से नहीं लेते हुए अब तक भुगतान नहीं किया गया हैं। ऐसे में पटना नगर निगम द्वारा उनकी चल अंचल सम्पत्ति ( संस्थानों के अंदर स्थित कक्षा एवं कार्यालय के सामान, उपयोग किये जा रहे वाहन एवं अन्य सभी तरह कि सम्पत्तियों को ) पटना नगर निगम द्वारा जब्त किया जा सकता है।

प्रतिदिन घूम रही है टीमः
पटना नगर निगम द्वारा मिशन 7 टू 11 के अंतर्गत प्रतिदिन ( रविवार एवं अवकाश के दिन भी ) टीम सभी वार्डों में घूम कर संपत्ति कर एवं कचरा प्रबंधन शुल्क कर रही है। इसके साथ डिफॉल्टर को भी कई बार टीम के द्वारा भुगतान के लिए समय दिया जा चुका है। परंतु बार-बार प्रयास करने के बाद भी ऐसे संस्थान जो कोई राशि नहीं देना चाहते उन पर कड़ी कार्रवाई करते हुए टीम द्वारा या कार्य सुनिश्चित करवाया जा रहा है।

## होली के अवसर पर 07 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

दिल्ली, आनंद बिहार और पूर्व मध्य रेल के मध्य चलेगी स्पेशल ट्रेन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। होली के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर रेलवे द्वारा कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन करने का निर्णय लिया गया है । इनमें से 14 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों की सूचना पूर्व में प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी जा चुकी है । इसी क्रम में और 07 जोडी. स्पेशल ट्रेनों का परिचालन करने का निर्णय लिया गया है। गाड़ी सं. 04066 आनंद विहार-पटना सुपरफास्ट एसी फेस्टिवल स्पेशल दिनांक 21, 25 एवं 28 मार्च को आनंद विहार से 23.00 बजे प्रस्थान करेगी तथा विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन 16.00 बजे पटना पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी संख्या 04065 पटना-आनंद विहार सुपरफास्ट एसी फेस्टिवल स्पेशल 22, 26 एवं 29 मार्च को पटना से 17.45 बजे प्रस्थान कर विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन 11.20 बजे दिल्ली पहुंचेगी । 04062 दिल्ली-बरौनी फेस्टिवल स्पेशल एक्सप्रेस 24 एवं 31 मार्च, 2024 को दिल्ली से 08.50 बजे खुलकर अगले दिन 06.30 बजे बरौनी पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं. 04061 बरौनी-दिल्ली फेस्टिवल स्पेशल एक्सप्रेस 25 मार्च एवं 01 अप्रैल को बरौनी से 08.00 बजे खुलकर अगले दिन 07.35 बजे दिल्ली पहुंचेगी। 04060 आनंद विहार-जयनगर आरक्षित फेस्टिवल स्पेशल एक्सप्रेस 22, 26 एवं 29 मार्च को आनंद विहार से 10.30 बजे खुलकर अगले दिन 15.15 बजे जयनगर पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं. 04059 जयनगर-आनंद विहार आरक्षित फेस्टिवल स्पेशल एक्सप्रेस 23, 27 एवं 30 मार्च को जयनगर से 17.00 बजे खुलकर अगले दिन 19.55 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। 01664 आनंद विहार-सहरसा फेस्टिवल स्पेशल एक्सप्रेस 25 मार्च को आनंद विहार से 11.10 बजे खुलकर अगले दिन 11.20 बजे सहरसा पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं. 01663 सहरसा-आनंद विहार फेस्टिवल स्पेशल एक्सप्रेस 27 मार्च को सहरसा से 09.30 बजे खुलकर अगले दिन 13.55 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। 04010/04009 आनंद विहार-जोगबनी-आनंद विहार स्पेशल एक्सप्रेस - 04010 आनंद विहार-जोगबनी स्पेशल एक्सप्रेस 26 मार्च को आनंद विहार से 23.45 बजे खुलकर 28 मार्च को 05.20 बजे जोगबनी पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं. 04009 जोगबनी-आनंद विहार स्पेशल एक्सप्रेस 28 मार्च को जोगबनी से 09.00 बजे खुलकर अगले दिन 16.05 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। 04068 दिल्ली-दरभंगा फेस्टिवल स्पेशल एक्सप्रेस 22, 26 एवं 29 मार्च को दिल्ली से 19.30 बजे खुलकर अगले दिन 16.30 बजे दरभंगा पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं. 04067 दरभंगा-दिल्ली फेस्टिवल स्पेशल एक्सप्रेस 23, 27 एवं 30 मार्च को दरभंगा से 18.00 बजे खुलकर अगले दिन 16.40 बजे दिल्ली पहुंचेगी। 04004 नई दिल्ली-सीतामढ़ी आरक्षित फेस्टिवल स्पेशल एक्सप्रेस 22, 26 एवं 29 मार्च को नई दिल्ली से 00.10 बजे खुलकर उसी दिन 22.00 बजे सीतामढ़ी पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं. 04003 सीतामढ़ी-नई दिल्ली आरक्षित फेस्टिवल स्पेशल एक्सप्रेस 22, 26 एवं 29 मार्च को सीतामढ़ी से 23.30 बजे खुलकर तीसरे दिन 01.30 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### अधिकतम तापमान हुआ 32डिग्री सेल्सियस

मुजफ्फरपुर। वसंत के मौसम में ही लोगों को गर्मी की धमक महसूस होने लगी है। आज का अधिकतम तापमान 32डिग्री पहुंच गया।अगले चार दिनों मे अधिकतम तापमान 34डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की सम्भावना है।जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केंद्र डॉ० राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, आज अधिकतम तापमान सामान्य से 2.6 डिग्री ज्यादा रिकार्ड किया गया। न्यूनतम तापमान 13.6डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 2.1डिग्री कम बताया गया है। आज पछिया हवा की गति 18.6किमी प्रति घंटा रही।

### पुलिस ने दो हजार लीटर शराब किया विनिष्ट

मधुबनी खजौली लोकसभा मतदान 2024 एवं होली पर्व शान्तिपूर्ण एवं सौहाद्रपूर्ण वातावरण में संपन्न हो इसको लेकर खजौली पुलिस काफी चैकस है. गुरुवार को गुप्त सूचना के आधार पर खजौली पुलिस थानाक्षेत्र के डाढ़ा, बेंता कोठियाचक एवं कजियाही गांव में चुलाई शराब निर्माण स्थल पर छापेमारी की. जिसमें 150 डब्बा सहित 2000 लीटर निर्मित चुलाई शराब को नष्ट किया. वहीं चुलाई शराब बनाने के उपकरण एवं सामग्री को भी नष्ट कर दिया गया. छापेमारी के दौरान निर्माण कर में लगे सभी धंधेबाज मौके से फरार हो गया. प्रभारी थानाध्यक्ष जीतेंश मिश्रा के लिखित आवेदन पर धंधेबाजों पर एफआईआर दर्ज हुआ है.उन्होंने कहा कि धंधा में संलिप्त सभी को शीघ्र गिरफ्तार किया जायेगा छापेमारी दल में प्रभारी थानाध्यक्ष जीतेश कुमार मिश्रा, एसआई व्यासदेव कुंवर, एसआई मदन उराव, पुलिस बल सहित चैकीदार शामिल थे.

### मतदाता जागरूकता अभियान चलाया

दरभंगा कार्यालय जिला निर्वाचन अधिकारी दरभंगा के निर्देश के आलोक में आज दरभंगा का सबसे प्रसिद्ध कॉलेज एम एल एस एम में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। आज छात्र और छात्राएं काफी संख्या में आगे आए। मतदान की प्रक्रिया में अधिकारियों के द्वारा विस्तार से बताया गया। उपस्थित छात्र और छात्राओं को डबिंग वोट कर दिखाया गया। वोट करके वे काफी खुश नजर आ रहे थे। उन्हें मतदान करने के लिए शपथ भी दिलाई गयी

### बहन के घर आए युवक का पेड़ में फंदे से लटका मिला शव

समस्तीपुर। समस्तीपुर में एक युवक का पेड़ में फंदे से लटका शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। मामला लरझाघाट थाना के सलहा बुजुर्ग गांव की है। मृतक की पहचान बिथान थाना के उजान वार्ड संख्या-4 के अमरदेव मुखिया के पुत्र मनीष कुमार के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मृतक मनीष 11 मार्च को अपनी बहन के घर सलहा बुजुर्ग गांव आया हुआ था। जहां उसकी हत्या कर शव को फंदे से टांग दिया गया। इधर घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज जांच में जुट गई है। प्रेम-प्रसंग में हत्या की आशंका जताई जा रही है। हालांकि परिवार की तरफ से घटना को लेकर कोई भी आशंका जाहिर नहीं की गई है।

### मारपीट के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कल्याणपुर, समस्तीपुर। चकमेहसी थाना क्षेत्र के फुलहटा गांव में पिछले दिनों मारपीट कर लूटपाट करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की मुजफ्फरपुर जिले के हत्था ओपी के सकरी गांव निवासी बैजनाथ मिश्रा के पुत्र अमरेश मिश्रा के रूप में हुई है। गिरफ्तार युवक को गुप्त सूचना पर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं थाना अध्यक्ष दिव्य ज्योति कुमारी ने बताया कि गिरफ्तार युवक नामजद आरोपी था। जिस गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### केनरा बैंक की सौजन्य से मध्य विद्यालय चकहवीब को दिया उपस्कर

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय चकहबीब को केनरा बैंक के उप शाखा प्रबंधक अजीत कुमार मिश्रा के सौजन्य से प्रदत्त अनुदान के द्वारा केनरा बैंक दलसिंहसराय के माध्यम से उपस्कर दिया गया। जिसमें 20 पंखा, 48 जोड़ा बेंच डेक्स, 14 टेबल, दो प्यूरीफाइड वाटर सिस्टम शामिल है। इस अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता अरुण कुमार झा एवं संचालन संजय कुमार बासु कर रहे थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय प्रबंधक घनश्याम पंकज एवं विशिष्ट अतिथि साकेत कुमार एवं दुगार्नंद उपस्थित हुए। मौके पर विद्यालय के शिक्षक रामकुमार पाल, संजीत कुमार पासवान, अमित कुमार, तृप्ति कुमारी सहित प्राथमिक विद्यालय तुर्की एवं प्राथमिक विद्यालय मुसहरी के सभी शिक्षक शिक्षिका तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। वहीं मुख्य अतिथि के द्वारा प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया।

# सीएसपी लूट व हत्याकांड में दो आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, लोडेड देसी कट्टा व गोली बरामद



कल्याणपुर, प्रात : किरण संवाददाता

कल्याणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत दो दिन पूर्व सीएसपी संचालक से लूट व एक युवक की गोली मारकर हत्या मामले का उद्वेदन कर लिया गया है। डीएसपी ने बताया कि दो अपराधियों के साथ-साथ उसके पास से एक देसी लोडेड कट्टा के साथ एक गोली भी बरामद किया गया है। वहीं लूटपाट में के दौरान जो बैग सीएसपी संचालक से लूटी गई थी, उसे भी बरामद किया गया है। बता दें कि मंगलवार की देर शाम कल्याणपुर थाना क्षेत्र के मुक्तापुर मोइन के समीप सीएसपी संचालक सह किराना दुकानदार विकास झा से लूटपाट करने के क्रम में अपराधियों द्वारा गोली मार दिया गया। जिसमें विकास झा के साथ मुक्तापूर गांव के हरेंद्र राय का पुत्र सत्रहवर्षीय दीपक कुमार को भी गोली लग गई थी। जिसकी इलाज के दौरान पीएमसीच में मौत हो गया। इस मामले में कल्याणपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए, एएसपी संजय कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में छापेमारी कर हत्या में प्रयुक्त पिस्टल के साथ-साथ लूट गए सामान बरामद करने की बात कही है। साथ ही दो दोनों अपराधी को भी गिरफ्तार कर लिए जाने की बात है। एएसपी संजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि पकड़े गए दोनों अपराधियों की पहचान मुक्तापुर गांव निवासी सुरेंद्र राय का 20 वर्षीय पुत्र कुंदन कुमार व रमेश प्रसाद का 18 वर्षीय पुत्र नीतीक कुमार के रूप में हुई है। एएसपी ने बताया कि दोनों युवक से पूछताछ के क्रम में दोनों ने घटना में संलिप्तता स्वीकार किया है। वहीं नीतिक कुमार के घर से लूट गए बैग को भी बरामद कर लिया गया है। लूट मामले में एक दिन पूर्व ही सीएसपी संचालक बासुदेवपुर गांव निवासी विकास झा के द्वारा तीन अज्ञात लोगों के विरुद्ध कल्याणपुर थाना में आवेदन दिया था। जिसमें तीन अज्ञात से लूटपाट की बात बताई गई थी। वहीं छापेमारी दल में प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष नीतिश चंद्र धारिया, मथुरापुर थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक संतोष कुमार, सिपाही ओम नारायण सिंह यादव व सिपाही राम जन्म कुमार शामिल थे। इस घटना के उद्वेदन में प्रशिक्षु डीएसपी नीतीश चंद्र धारिया की भूमिका अहम रही।

# महिलाओं पर होने वाले अत्याचार के खिलाफ बुलंद हुई आवाज, 11 प्रखंडों में खुला दीदी अधिकार केंद्र

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले में जीविका द्वारा 11 प्रखंडों में दीदी अधिकार केंद्र का शुभारंभ गुरुवार को हुआ। जिस का मुख्य कार्यक्रम मुसहरी प्रखंड के संगम संकुल स्तरीय संघ, खबड़ा में आयोजित हुआ । कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ,उप विकास आयुक्त आशुतोष द्विवेदी, जीविका की डीपीएम अनीशा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान बाकी 10 प्रखंडों के दीदी अधिकार केंद्रों का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि जीविका हमेशा से महिलाओं के अधिकार के लिए काम कर रही है ऐसे में दीदियों के अधिकार के लिए एक विशिष्ट स्थान दीदी अधिकार केंद्र का शुभारंभ हो रहा है। जिससे घरेलू हिंसा और महिलाओं के प्रति होने वाले हिंसा पर प्रभावी तरीके से रोक लगेगी। संगम में उपस्थित दीदियों को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी ने कहा कि अब वक्त आ गया है कि महिलाएं समाज की मुख्य धारा में कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा हो और सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाएं ।केंद्र सरकार और राज्य सरकार महिलाओं के उत्थान के लिए लगातार योजनाओं को संचालित कर रही हैं ।जीविका के माध्यम से अन्य विभागों के समायोजन करके सभी महिलाओं को हर स्तर पर लाभ मिलना चाहिए ।इससे पहले सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए डीपीएम अनीषा ने कहा कि संगम संकुल स्तरीय संघ पूरे भारत में दीदियों के बुलंद हौसले और सफलता की एक बानगी है। दीदी अधिकार केंद्र को तकनीकी रूप से सहयोग सी थ्री संस्था कर रही है ।इससे पहले साझा शक्ति केंद्र के नाम से भी कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा था, लेकिन अब पूरे बिहार में दीदी अधिकार केंद्र के नाम से इसे जाना जाएगा। मुजफ्फरपुर के मुसहरी, मीनापुर ,मोतीपुर ,सकरा मुरौल, सरैया,बोचहां, मड़वन,औराई,गयघाट,पारू प्रखण्ड में आज दीदी अधिकार केंद्र का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का संचालन संगम सीएलएफ की मास्टर बुक कीपर मीना देवी ने किया ।सभी सम्मानित अतिथियों को पुष्प गुच्छ और प्रतीक चिन्ह दे कर सम्मानित संगम की उपसचिव रेहाना खातून ने किया ।इस दौरान संचार प्रबंधक राजीव रंजन, रितेश कुमार,उज्जवल कुमार ,मुन्ना कुमार, मयंक शेखर, सी थ्री से प्रियंका बरनवाल ,राजनंदिनी , मीना देवी, नीलू कुमारी सहित कई जीविका कर्मी और उपस्थित थी

# कार्ल मार्क्स की पुण्यतिथि पर सेमिनार का हुआ आयोजन




प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। ऑल इंडिया स्टूडेन्टस फेडरेशन की ओर से कार्ल मार्क्स की पुण्य तिथि पर समकालीन राजनीति में मार्क्स के विचारों की प्रासंगिकता विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। नीतिश्वर महाविद्यालय में आयोजित सेमीनार के आरम्भ में जिला सचिव कंचन कुमार विद्रोही ने बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर बिहार विश्विद्यालय मुजफ्फरपुर में मार्क्स स्टडी चेयर की स्थापना को लेकर प्रस्ताव पारित किया। प्रस्ताव में कहा कि कार्ल मार्क्स पूरे दुनिया के पहले ऐसे व्यक्ति है जिनकी विचारो में सार्वभौमिकता है, मार्क्स के सिद्धांत को सामाजिक विज्ञान और मानविकी के सभी विषयों में पढ़ाया जाता है। ऐसे महान शख्सियत के नाम पर विश्विद्यालय में एक चेयर की स्थापना करना सिर्फ कार्ल मार्क्स को ही सम्मान देना नही होगा, बल्कि इस से बिहार विश्विद्यालय की ख्याति भी बढ़ेगी ।सेमीनार का उद्घाटन करते हुए राज्य सह सचिव राकेश कुमार कहा कि ऑल इंडिया स्टूडेन्टस फेडरेशन लगातार छात्रों की हितों में सेमीनार परिचर्चा और आन्दोलन करते रहा है। पूर्व जिला अध्यक्ष कॉम अजय कुमार सिंह ने कहा कि छात्रों को राजनीति में बढ़ चढ़ कर प्रवेश करना चाहिए । सेमिनार को संबोधित करते हुए नीतिश्वर महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर के समाजशास्त्र के प्राध्यापक प्रो. डॉ. विश्वा आनंद ने मार्क्स के विचारो और जीवन चरित्र को पर प्रकाश डाला। सेमिनार को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता अक्त्रक्के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष कॉम रविन्द्र कुमार राय ने मार्क्स की विचारों की प्रासंगिकता पर चर्चा करते हुए कहा की पूंजीवाद का स्वरूप आज भी नहीं बदला है पूंजीवाद अपनी शुरूआती दिनों से ही मुनाफे की व्यवस्था पर आधारित रही है और देश के पूंजीपति हमेशा से यह चाहते रहे हैं कि सरकार उनके मामलों में हस्तक्षेप ना करें वहीं दूसरी ओर मार्क्स अपने समय में भी उन विचारों की मुखालफत करते रहे हैं और वर्तमान परिस्थितियों में भी जिस तरीके की मौजूदा हालात है इन हालातो में भी मार्क्स के तरीके से ही पूंजीवादी व्यवस्था का विरोध संभव है नीतिश्वर महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर के प्राचार्य प्रो. डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि जीवन में हमेशा मानव द्वन्द्व में रहता है वह हमेशा इस बात की चिंता करते रहता है कि क्या किया जाय। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए राज्य परिषद् सदस्य अभिषेक कुशवाहा ने कहा कि कि वर्तमान समय में मार्क्स की विचारों को जन-जन तक फैलाना ज्यादा जरूरी है आज जिस तरीके से देश में पूंजीवाद का दुष्परिणाम सामने आया है, इस दुष्परिणाम का निवारण मार्क्स के बताए गए सिद्धांतों पर चलकर ही संभव हो पाएगा ।सेमीनार में जिला अध्यक्ष महिपाल ओझा भाकपा जिला सचिव राम किशोर झा प्रकाश, गौरव, बसंत समेत दर्जनों छात्रों उपस्थित थे

# प्रखंड़ क्षेत्र के सभी पंचायत के आशा कार्यकताओं को प्रशिक्षण दिया गया



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली सीएचसी के सभागार में गुरुवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. जोतीन्द्र नारायण के अध्यक्षता में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर प्रखंड़ क्षेत्र के सभी पंचायत के आशा कार्यकताओं के साथ प्रशिक्षण का आयोजन किया गया.इस प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित सभी आशा कार्यकताओं को कहा कि कृमि जैसे गंम्भीर बीमारी से वच्चों की स्वास्थ खराब हो सकती है. यह बीमारी बच्चों की शरीर में फैलने पर विभिन्न प्रकार की वच्चों में लक्षण दिखाई देगा. वच्चो को भूख नही लगना, उल्टी होना,पेट मे दर्द होना,दस्त, खून की कमी,कुपोषण एव वजन कम होने से उस बच्चे को उपचार करने का दिशा निर्देश दिया.वही 1 से 19 वर्ष की बच्चों में यह लक्षण दिखाई देने पर कृमि निरोधक दवा को खिलाने की सलाह दी.वही बीएमई राजन प्रसाद रजत ने प्रशिक्षण के दौरान आशा कार्यकताओं को कहा कि कृमि जैसे बीमारी में एवेलडाजोल की गोली को 1 से 2 वर्ष के बच्चों आधा गोली एव 2 से 19 वर्ष के बच्चों को पूरी गोली चबाकर खिलाने का बताया गया.वही आगनबाड़ी केंद्र पर आगनबाड़ी सेविका द्वारा पोषक क्षेत्र के वच्चो को 15 से 19 मार्च तक एलबेंडाजोल की गोली खिलाने का निर्देश दिया गया.उन्होंने कहा कि आगनबाड़ी केंद्र पर ही वच्चों को दवा की गोली खिलाने का बताया गया. कोई भी व्यक्ति को घर पर ले जाने के लिए दवा मुहैया नही कराया जाएगा. इस मौके पर डा. शाहिद एकवाल,डा. रमेश पासवान, हेल्थ मैनेजर अर्चना भट्ट,बीसीएम शंम्भू कुमार, लेखापाल पलव्वी कुमारी, नोडल परसन उपेंद्र यादव सहित सभी आशा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# चार लीटर देसी शराब बरामद मामले में पांच वर्ष सश्रम कारावास व एक लाख जुमार्ना

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

अनन्य विशेष उत्पाद न्यायाधीश संजय कुमार द्वितीय ने गुरुवार को उत्पाद मामले से सम्बंधित पटोरी थाना कांड संख्या 90/23 के मामले में अभियुक्त को दोषी पाते हुए उसे धारा 30 (ए) बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2016 के तहत पांच वर्ष सश्रम कारावास एवं एक लाख रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई है। साथ ही जुमार्ना की राशि अदा नहीं करने के पर दोषी को छह माह अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी। अभियुक्त की पहचान पटोरी थाना क्षेत्र के हरपुर सैदाबाद के दिनेश राम के रूप में बतायी गई है। बताया गया कि 29 जनवरी 2023 की शाम अभियुक्त के हरपुर सैदाबाद स्थित कब्जे वाले घर से चार लीटर देसी शराब बरामद किया गया था। इसके साथ ही अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद बरामद देसी शराब के आधार पर मद्य निषेध अधिनियम के उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया था। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता विश्वनाथ राय, अभियोजन पक्ष से मद्य निषेध के विशेष लोक अभियोजक अविनाश राय एवं उत्पाद विभाग की तरफ से अधिवक्ता पंकज कुमार थे।

# राशि गबन मामले में वार्ड सदस्य एवं वार्ड सचिव गिरफ्तार

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

गली नली एवं पक्कीकरण योजना के राशि गवन मामले में भुसवर पंचायत के वार्ड 11 के वार्ड सदस्य लक्ष्मी राम एवं वार्ड 13 के वार्ड सचिव संजीत कुमार शर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बता दें की योजना की राशि गवन मामले को लेकर भूसवर पंचायत के पंचायत सचिव सुनील कुमार राम ने विभूतिपुर थाना में 12 अक्टूबर 2022 को प्राथमिकी दर्ज कराया था। जिसमें भूसवर पंचायत वार्ड 11 के वार्ड सदस्य लक्ष्मी राम एवं वार्ड सचिव ललित कुमार शर्मा तथा वार्ड 13 के वार्ड सदस्य गायत्री देवी एवं वार्ड सचिव संजीत कुमार शर्मा तथा पंचायत के पूर्व मुखिया मनोज कुमार को आरोपित किया था। बताया गया था कि वार्ड 11 में 2 लाख तथा वार्ड 13 में 4 लाख रुपया चेक के द्वारा मुख्यमंत्री ग्रामीण गली नली एवं पक्कीकरण योजना कार्य हेतु ली गई। लेकिन कार्य नहीं किया गया। विभूतिपुर तकनीकी सहायक अपने जांच प्रतिवेदन में संबंधित वार्ड में रुपए निकासी के बावजूद कार्य नहीं कराने का प्रतिवेदन दिया था। सभी मिलकर राशि गबन के उद्देश्य से कार्य नहीं कराया। वहीं न्यायालय के वारंटी तिलो शर्मा को पुलिस ने शाहपुर से गिरफ्तार किया है।

# लक्ष्य प्रामाणीकरण को लेकर स्टेट की टीम ने किया सदर अस्पताल के प्रसव कक्ष, ओटी व एसएनसीयू का निरीक्षण



समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

लक्ष्य प्रामाणीकरण को लेकर दो सदस्यीय स्टेट टीम के द्वारा गुरुवार को सदर अस्पताल का निरीक्षण किया गया। टीम के द्वारा प्रसव कक्ष, ऑपरेशन थियेटर व एसएनसीयू का निरीक्षण किया गया। जांच टीम के सदस्यों में यूनिसेफ के डॉ जगजीत सिंह एवं एनआईपीएल के डॉ मनीष कुमार शामिल हैं। दोनों सदस्यों के द्वारा अलग-अलग बिंदुओं के आधार पर निरीक्षण किया गया। इस सम्बन्ध में डॉक्टरों की टीम से भी जानकारी ली गई। बता दें कि लक्ष्य योजना के तहत चयनित अस्पताल का तीन स्तर पर रैंकिंग का प्रावधान है। राज्यस्तरीय टीम अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंपेगी। इसके बाद केंद्रीय टीम जांच करने आएगी। जांच के बाद अच्छी रैंकिंग आने पर सदर अस्पताल को पुरस्कृत भी किया जाएगा। बता दें कि अस्पताल के प्रसव कक्ष तथा ऑपरेशन थिएटर को लक्ष्य कार्यक्रम के मानक के अनुरूप विकसित किया गया है। बताया गया कि अस्पताल की गुणवत्ता का मूल्यांकन आधारभूत संरचना, साफ-सफाई का स्तर, स्टाफ की उपलब्धता, लेबर रूम के अंदर संसाधनों की उपलब्धता, ऑपरेशन थिएटर, मरीजों का अनुभव के आधार पर किया जाएगा। मौके पर सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ गिरीश कुमार, अस्पताल प्रबंधक डॉ विश्वजीत रामानंद एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे। जांच टीम के द्वारा शुक्रवार को भी सदर अस्पताल के प्रसव कक्ष व ऑपरेशन थियेटर का निरीक्षण किया जाएगा।

# औचक निरीक्षण करने पहुंचे एसडीओ

प्रात : किरण संवाददाता

कुशेश्वरस्थान पूर्वी नगर पंचायत कार्यालय का औचक निरीक्षण करने पहुंचे एसडीओ उमेश कुमार भारती जहां कार्यपालक पदाधिकारी सहित कई कर्मी गायब पाए गए। मुख्य पार्षद शत्रुघ्न पासवान उर्फ जरुण पासवान की लिखित शिकायत पर औचक निरीक्षण करने नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे एसडीओ भारती कार्यालय की व्यवस्था देख भौंचक रह गए। कार्यालय में कुर्सी, टेबल, संचिका सहित अन्य सामान अस्त-व्यस्त थे। मौके पर उपस्थित कार्यालय सहायक सुनील कुमार लाल देव को कड़ी फटकार लगाते हुए कार्यालय को व्यवस्थित रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कार्यपालक सहायक लालदेव से नगर पंचायत की सभी संचिकाओं की मांग की। जिसपर कार्यपालक सहायक ने कोई संचिका कार्यालय में उपलब्ध नहीं रहने की बात कही। इतना सुनते ही एसडीओ भारती ने नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी जयचंद अकेला को उनके मोबाइल फोन पर काल कर पूछा कहां हैं। तो कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा कि कुशेश्वरस्थान कार्यालय में है। जब एसडीओ ने कहा कि मैं तो कार्यालय में मौजूद हूं तो उन्होंने कहा कि धोबलिया में योजना का निरीक्षण में आया हूं। इसके बाद कई बार फोन करने पर कार्यपालक पदाधिकारी फोन रिसीव नहीं किया। निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत के पदाधिकारी रोहित कुमार, एमटीएस अरविंद कुमार साह तथा सफाई निरीक्षक सुमन कुमार झा कार्यालय में उपस्थित पाए गए। कनीय अभियंता राम बली राय, लेखापाल किरण ठाकुर, एमटीएस पूजा कुमारी, नगर अमीन कृष्ण कुमार पोद्दार तथा कार्यालय ब्वाय संजय रजक बिना किसी सूचना के अनुपस्थित पाए गए। मुख्य पार्षद द्वारा नगर पंचायत के लोगों को जाति, आवासीय, आय, जन्म, मृत्यु सहित अन्य प्रमाण पत्र नहीं बनने की शिकायत किए जाने पर एसडीओ भारती ने डाटा आपरेटर से पूछताछ की। उसने प्रमाण पत्र बनाने के लिए कंम्प्यूटर सहित अन्य संसाधन नगर पंचायत कार्यालय में उपलब्ध नहीं होने की बात कही। कहा कि नगर पंचायत में कार्यरत कर्मियों को हस्ताक्षर करने के लिए उपस्थिति पंजी भी नहीं है। मुख्य पार्षद पासवान ने नगर पंचायत के गठन के बाद से दो तीन बैठक के बाद काफी दिनों से कोई बैठक नहीं करने, विकास से संबंधित योजनाओं के चयन में नगर पंचायत के निर्वाचित प्रतिनिधियों से सलाह नहीं लेने, कार्यकारणी की बैठक पंजी में मुख्य पार्षद सहित कई अन्य जनप्रतिनिधि का फर्जी हस्ताक्षर करने, मनमानी ढंग से नगर पंचायत में काम कर राशि का गबन करने सहित कई गंभीर आरोप कार्यपालक पदाधिकारी अकेला पर लगाया। उपमुख्य पार्षद सुजीत पासवान ने भी कार्यपालक पदाधिकारी के खिलाफ कई आरोप लगाए। एसडीओ ने मुख्य पार्षद के आरोप को गंभीरता से लेते हुए जांचोपरांत आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

# भाजपा के नारी शक्ति वन्दन सह लाभार्थी संपर्क अभियान चलाया गया

प्रात : किरण संवाददाता

भाजपा के नारी शक्ति वन्दन सह लाभार्थी संपर्क अभियान कार्यक्रम के तहत पार्टी कार्यकताओं ने मंडल अध्यक्ष घनश्याम चौधरी के नेतृत्व में चिगरी सिमराहा, एवं पकाही झझरा शक्ति केन्द्र के विभिन्न गांव में लोगों से संपर्क कर महिलाओं के लिए चलाए जा रहे केन्द्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दिया। गांव में जगह जगह आयोजित जन सम्पर्क अभियान को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष श्री चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने नारी शक्ति को जो सम्मान दिया। उतना सम्मान किसी भी सरकार ने नहीं दिया। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण योजना चला कर स्वाबलंबी बनाया है। जिसका परिणाम है कि आज हर क्षेत्र में महिलाएं पुरुषों के बराबर काम कर रही है। उन्होंने उपस्थित लोगों से आसन्न लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट देकर तीसरी बार मोदी जी को सरकार बनाने में सहयोग करने का अपील किया। कार्यक्रम में केन्द्र सरकार के उपलब्धियों से संबंधित पत्रक का वितरण किया गया। मौके पर पार्टी नेता व एमएलसी प्रतिनिधि संतोष कुमार झा,पार्टी के प्रखंड महामंत्री अंकित सिंह व बिरजू चौपाल, मंडल उपाध्यक्ष मदन मोहन झा, प्रणय मिश्रा, अजय सिंह, शक्ति केन्द्र प्रमुख विनोद झा, शंकर चौधरी, ब्रज मोहन चौधरी, चन्दन चौधरी, कप्पो मुखिया, नुनु मुखिया, मनोज मांझी, कपिलदेव शर्मा, सागर यादव, रौशन महतो, टिंकु कर्ण, प्रवीण राय, शिवनाथ शर्मा, रामवृक्ष साह सहित अनेक पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों में भाजपा ने पूरी तरह से कस लि है कमर



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा लोकसभा अंतर्गत अलीनगर विधानसभा के दसौथ ग्राम में विधानसभा स्तरीय बैठक में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने शिरकत की। इस बैठक में अलीनगर विधानसभा के बूथ कमिटि का गठन करने और प्रत्येक बूथ को मजबूत करने का मूलमंत्र दिया गया। दरभंगा के सांसद गोपाल जी ठाकुर ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अबकी बार 400 पार का नारा बुलंद किया है और इस लक्ष्य को प्राप्त करने में भाजपा के एक-एक कार्यकर्ता का महत्वपूर्ण योगदान रहने वाला है। सांसद गोपाल जी ठाकुर ने कहा कि देश के कोने-कोने से आवाज आ रही है कि एक बार फिर से मोदी सरकार। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी , भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा , गृह मंत्री अमित शाह जी से प्रेरित होकर राजद पार्टी के लोग भाजपा में शामिल हुए हैं और मैं सभी का भाजपा परिवार में स्वागत करता हूं। इस अवसर पर किसान मोर्चा दरभंगा के जिलाध्यक्ष संजय सिंह ह्यपप्पू सिंहह्ल ने कहा कि एक बूथ पर कम से कम 20 यूथ को सक्रियता के संग काम करने की आवश्यकता है। बूथ जीतेंगे तो देश का यूथ भी जीतेगा क्योंकि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नौजवानों के उत्थान के लिए संकल्पित हैं। संजय सिंह ह्यपप्पू सिंहह्ल ने कहा कि प्रत्येक बूथ के लिए अलग से व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर उस बूथ के सक्रिय कार्यकताओं को जोड़ा जाएगा। प्रत्येक बूथ पर शत प्रतिशत मतदान हो ये जिम्मेदारी बूथ कमिटि की होगी। गांव-मोहल्ले और टोले के सभी लोग मतदान में शामिल हों यह जिम्मेदारी भी महत्वपूर्ण है। आज से और अभी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 वर्षों के ऐतिहासिक कामों की गिनती गिनाकर हमें अपने आसपास के लोगों को भाजपा के पक्ष में मतदान करने का विनम्र निवेदन करना चाहिए। इस बैठक में भाजपा के जिलाध्यक्ष जीबछ सहनी, जिला संयोजक उमेश कुशवाहा, लोकसभा संयोजक प्रफुल्ल ठाकुर, लोकसभा पालक प्रमोद चौधरी, जिला महामंत्री सुरेंद्र चौधरी, धनपति ठाकुर मंडल अध्यक्ष, जिला मंत्री सुधा देवी, विधानसभा विस्तारक बैद्यनाथ सिंह, पुरुषोत्तम सिंह, अमित कुमार सिंह, लालकांत झा, प्रमोद चौधरी, बैद्यनाथ यादव, कहैया चौधरी, संजीव सिंह, पुरषोत्तम झा, कुंदन कुमार सिंह, विनय पासवान, अश्विनी सारंगी, सुधा देवी, चंदन ठाकुर, ललित जी समेत अन्य कार्यकर्ता प्रमुख रुप से उपस्थित रहे।

# कौशल विकास केंद्र में पाठ्य पुस्तक का किया गया वितरण



विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर प्रखंड क्षेत्र के खदियाही स्थित दूर देहात द्वारा संचालित कौशल विकास केंद्र में प्रशिक्षण ले रहे युवाओं के बीच गुरुवार को बिहार सरकार द्वारा प्रदत कुशल युवा प्रशिक्षण पाठ्य पुस्तक का वितरण समारोहपूर्वक किया गया। अध्यक्षता दूर देहात के सचिव प्रभु नारायण झा ने की। समारोह को संबोधित करते हुए संस्था के संरक्षक सह राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश सचिव श्याम किशोर कुशवाहा ने कहा कि के वाय पी प्रशिक्षण ने ग्रामीण युवाओं की सूरत व सीरत बदल दी है। इस प्रशिक्षण को प्राप्त कर ग्रामीण परिवेश के युवाओं को ऑनलाइन एग्जाम देने में भी मदद हो रही है। उन्होंने कहा कि पुस्तकों का अध्ययन व्यक्तित्व के विकास में सहायक होता। इससे भाषा पर पकड़ मजबूत होती है। समय प्रबंधन का ज्ञान युवाओं के कौशल को बढ़ाता है। आगत अतिथियों का स्वागत दूर देहात के प्रोग्राम इंचार्ज रूपेश कुमार झा ने की। मौके पर एल एफ नीतीश कुमार, रूपम कुमारी, निकिता भारती, रवीना कुमारी, पूजा कुमारी, अनामिका कुमारी, संगम कुमारी, प्रियंका कुमारी, प्रीति कुमारी, सोनम कुमारी आदि मौजूद थे।

# महिलाओं को सशक्त करने एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सराहनीय कार्य करने के लिए सम्मानित हुई दीपशिखा सिंह




● महिला विकास मंच के कार्य को देखते हुए दीपशिखा सिंह को किया गया सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी महिला विकास मंच मधुबनी को जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित और प्रोत्साहित किया गया है। आपको बता दें कि महिला विकास मंच, मधुबनी द्वारा सराहनीय एवं उत्कृष्ट कार्य करने हेतु, महिलाओं को सशक्त करने की दिशा में उनके सकारात्मक पहल के लिए दीपशिखा सिंह को फिर एकबार सम्मानित किया गया है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा आयोजित खास कार्यक्रम में महिला विकास मंच की बिहार प्रदेश अध्यक्ष दीपशिखा सिंह को सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि महिला विकास मंच सदैव अपने कार्यों को लेकर सुर्खियों में रहती है और इनके द्वारा महिला सशक्तिकरण एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सराहनीय प्रयास किए जा रहे हैं।ज्ञात हो कि पूर्व में भी महिला विकास मंच एवं दीपशिखा सिंह को उनके द्वारा उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय कार्य करने हेतु कई प्रतिष्ठित सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है। इस अवसर पर जिला प्रशासन के कई अधिकारी उपस्थित रहे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, शुक्रवार, 15 मार्च, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### महिला की संदिग्ध मौत, दहेज हत्या का आरोप

हाजीपुर। रुस्तमपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 12 में एक महिला की संदिग्ध परिस्थिति में शव मिलने से कोहराम मच गया। मृतका स्थानीय कौशल कुमार के 25 वर्षीय पत्नी प्रियंका कुमारी थी। घटनास्थल पर पहुचे मृतका के परिवार वालों ने ससुराल वालों पर दहेज में रुपए अन्य सामान नहीं देने पर हत्या का आरोप लगाया है। पटना जिले के मौजीपुर रामकृपाल टोला निवासी भीमराव की पुत्री प्रियंका कुमारी की शादी करीब 4 साल पहले रुस्तमपुर निवासी कौशल कुमार के साथ हुई थी। मायकेवालों का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले नगद रुपए टीवी समेत अन्य मांग को लेकर लड़की को प्रताड़ित एवं मारपीट किया करता था। थानाप्रभारी ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।मामले की जांच की जा रही है।

# धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र की अवधारणा को कमजोर करने वाला कानून है सीएए - बाबूसाहब सिंह

प्रातः किरण, संवाददाता




जमुई सीएए जैसे भेदभावपूर्ण और विभाजनकारी कानून के खिलाफ राष्ट्रव्यापी विरोध दिवस के तहत आज जमुई कचहरी चौक स्थित बाबा साहब भीमराव अंबेडकर मूर्ति के समक्ष भाकपा माले के कार्यकताओ ने धरना दिया` धरना की अध्यक्षता करते हुए भाकपा माले के जिला सचिव शम्भू शरण सिंह ने कहा कि 2024 लोक सभा चुनाव के ऐन वक्त पहले सीएए कानून लाना राजनीतिक साजिश है वही मंच संचालन करते हुए भाकपा माले के नेता बाबू साहब सिंह ने कहा कि दिसम्बर 2019 में पास किये गये भेदभावकारी और विभाजनकारी अन्यायपूर्ण नागरिकता संशोधन कानून को लागू करने से भारत जैसे धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र की अवधारणा को कमजोर करने वाला कानून है सीएए है। वही सभा को सम्बोधित करते हुए खेग्रामस के जिला संयोजक बासुदेव राय ने कहा 2024 लोकसभा चुनावों की अधिसूचना आने से ठीक पहले जारी करना एक संकेत है कि अमित शाह ने खुद सीएए की ह्यक्रोनोलॉजीह्ल समझाते हुए कहा था कि इस कानून को लागू करने के बाद एनआरसी–एनपीआर को देशव्यापी स्तर पर लाया जायेगा जिसके माध्यम से दस्तावेज न दिखा पाने वाले नागरिकों को नागरिकता के अधिकार से वंचित कर दिया जायेगा. सीएए नागरिकों को धर्म के आधार पर बांटने के मकसद से लाया गया है, जो भ्रामक रूप से गैरमुस्लिम ह्यशरणार्थियोंह्ल को नागरिकता देने और मुसलमानों की नागरिकता छीनने, यहां तक कि देशनिकाला देने, तक की बात करता है.वही किसान महा सभा के जिला सचिव मनोज कुमार पांडये और जयराम तुरी ने कहा कि असम में की गयी एनआरसी की कवायद और देश में जगह–जगह चलाये जा रहे बुलडोजर ध्वस्तीकरण अभियानों से स्पष्ट हो चुका है कि आदिवासियों और वनवासियों समेत सभी समुदायों के गरीब इससे प्रभावित होंगे. देश का लोकतांत्रिक अभिमत और समान नागरिकता एवं संवैधानिक अधिकार आन्दोलन ने सीएए–एनआरसी के पूरे पैकेज को संविधान पर हमला बता कर खारिज कर दिया है. चुनाव से पहले सीएए नियमावली की अधिसूचना ने लोकतंत्र के संवैधानिक आधार को बचाने के जनआन्दोलन की अनिवार्यता को पुनः रेखांकित किया है. मोदी सरकार को आगामी आम चुनावों में सत्ताच्युत करना जरूरी हो गया है. मौके पर झाझा प्रखण्ड सचिव कंचन रजक,रमेश यादव,गुलटेंन पुजहर,बासुदेव हासदा,जयप्रकाश दास, राज किशोर किस्को, मोहम्मद हैदर, शंकर शाह, अर्जुन मांझी ,बहादुर तांती ,इजरेल अंसारी,यूनुस मिया,सकुर अंसारी,कासिम अंसारी रहीम मिया सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे ।

## तीन दिन से लापता वृद्ध का पोखर में मिला शव, फैली सनसनी



● जताया जा रहा है हत्या की आशंका, जांच में जुटी पुलिस

प्रातः किरण, संवाददाता

मुरलीगंज (मधेपुरा) रामपुर पंचायत वार्ड दस अंतर्गत एक पोखर में गुरूवार की अहले सुबह संदिग्ध स्थिति में एक वृद्ध का शव मिलने से क्षेत्र मे सनसनी व्याप्त है। शव की पहचान जोरगामा पंचायत के वार्ड दस निवासी राजेद्र उर्फ राजो पासवान (65) वर्ष के रूप में हुई है। मृतक की पुतहू सीता देवी ने बताया कि मेरे ससुर तीन से दिन लापता था। काफी खोजबीन के बाद बुधवार को थाना में आवेदन भी दिया गया है। लोगों के द्वारा पता चला कि पोखर में ससुर राजो पासवान का शव है। उन्होंने बताया कि वे सिंगयान पंचायत के अमरपुरा निवासी जीवन सिंह के पोखर का देखरेख का काम करता था। जीवन सिंह के द्वारा भी लापता होने का आवेदन थाना में दिया गया है। जिस पोखर में शव मिला उक्त पोखर का देखरेख करीब ढ़ेड साल से कर रहे थे। लापता होने के बाद गुरुवार की सुबह वृद्ध का शव उसी पोखर से बरामद हुआ है। हालांकि स्थानीय ग्रामीणों ने वृद्ध की हत्या का आशंका जाहिर कर रहे हैं। घटना को लेकर पीड़ित परिवार में मातमी माहौल गमगीन है। बहरहाल पुलिस सभी बिन्दुओ पर छानबीन तेज कर दिया है। थानाध्यक्ष मंजू कुमारी ने कहा कि शव की शिनाख्त और परिजन से पूछताछ के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। एक दिन पूर्व वृद्ध के लापता होने का दो आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले की छानबीन की जा रही है।

## पुलिस अधीक्षक के सफल निर्देशन में अपहृत युवक बरामद

प्रातः किरण, संवाददाता



जमुई जिले के सोनो थाना क्षेत्र अन्तर्गत लोहा निवासी राजेश सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने 13 मार्च को सोनो थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी कि मेरा 19 वर्षीय पुत्र मौसम कुमार का अज्ञात लोगों के द्वारा अपहरण कर लिया गया है जिसका काण्ड संख्या 89/24 है वहीं अपहरण का मामला दर्ज होते ही जमुई पुलिस अधीक्षक डॉ शौर्य सुमन ने झाझा एस डी पी ओ राजेश कुमार के नेत्वृत में एक टीम का गठन किया गयो जिसमें सोनो थाना अध्यक्ष दीनानाथ सिंह, एस आई मनकेश्वर प्रसाद, प्रशिक्षु एस आई विशाल कुमार सिंह, जमुई तकनीकी शाखा के कर्मी एवम सोनो थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे उपर्युक्त टीम के द्वारा लगातार छापामारी से भयभीत होकर अपहृत युवक मौसम कुमार स्वयं घर पहुंच गयो रात्रि 8:30 बजे के करीब छापामारी दल ने अपहृत युवक मौसम कुमार को घर से बरामद कर सोनो थाना ले आऐ अपहृत मौसम कुमार ने पुलिस के समक्ष ब्यान दिया कि गांव के ही प्रदीप यादव के द्वारा आपसी रंजिश चल रहा थो जिस पर दबाव बनाने के लिए मैंने मंसूर के खेत से ही भागने का प्रोग्राम बनायो फिर मैंने मंसूर के खेत में अपना चप्पल का फीता उतार कर और अपना मोबाइल रख कर झाझा स्टेशन पहुंच गऐजहां से मैने हावड़ा स्टेशन की ट्रेन पकड़ कर हावड़ा चला आयोफिर मुझे एहसास हुआ कि मैंने गलती की है और मैं घर वापस लौट आयो पुलिस ने तत्परता दिखाई और इस अपहरण काण्ड का सफल उद्भेदन कियोजमुई पुलिस आपकी सेवा में सदैव तत्पर।

## संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ एवं देश बचाओ अभियान ने किसान महापंचायत का किया आयोजन




प्रातः किरण, संवाददाता

मानसी खगड़िया। संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर देश बचाओ अभियान एवं राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के बैनर तले खुटिया में गायत्री परिसर में किसान महापंचायत का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता मोर्चा के राज्यनेता व अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने किया। दर्जनों किसान बैनर झंडा पोस्टर के साथ जुलूस निकाल कर किसान महापंचायत में पहुंचे। राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के प्रदेश महासचिव किरण देव यादव ने किसान महापंचायत में ज्यूरी टीम के समक्ष किसानों के समस्या समाधान करने संबंधित मांगों को रखे। श्री यादव ने न्यूनतम समर्थन मूल्य धरातल पर लागू करने, स्वामीनाथन आयोग के सिफारिश को लागू करने, किसानों के सस्ते दर पर खाद बीज मुहैया करने, खेती को उद्योग का दर्जा देने, किसान कृषि किसानी जमीन जीविका बचाने, किसान के अनाज के लागत का डेढ़ गुनी दाम देने, हर फसल का सुरक्षा देने, फसल क्षतिपूर्ति देने, किसान को पेंशन देने, किसानों का सभी प्रकार का ऋण माफ करने एवं सस्ते दर पर ऋण देने, कृषि यंत्र उपलब्ध कराने, खाद की कालाबाजारी पर रोक लगाने, पैक्स के माध्यम से धरातल पर फसल की खरीदारी करने, न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अनाज नहीं खरीदने वाले व्यवसायी पर मुकदमा दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने, आत्महत्या करने वाले किसान एवं आंदोलन के क्रम में शहीद किसानों को शहीद का दर्जा देने एवं 20-20 लाख रुपया मुआवजा देने, आश्रित को नौकरी देने, किसानों के हत्यारे अजय मिश्रा एवं उनके पुत्र पर कानूनी कार्रवाई कर फांसी देने का अपील किया। देश बचाओ अभियान के सचिव धर्मेंद्र कुमार, संयोजक मधुबाला ने कहा कि भारत में 80% किसानों का देश है, किसान अन्नदाता है, किसानों पर लाठी गोली ड्रोन से युद्ध जैसा हमला, सड़कों पर कील ठोकने, दीवाल खड़ा करने, आतंकवादी घोषित करने जैसी अपने ही देश के किसानों को आतंकवादी बताना दुर्भाग्यपूर्ण है। दोषी केंद्र सरकार एवं पुलिस प्रशासन पर कार्रवाई हो। दर्जनों किसान शंकर यादव, जय जय राम यादव, मंचन यादव गायत्री देवी आदि ने किसानों की समस्या को रखा। किसानों के अधिवक्ता डॉ कमल किशोर यादव ने किसानों के पक्ष रखते हुए किसानों के हित में ज्यूरी टीम से न्याय देने का अपील किया, उन्होंने कहा कि पूंजीपतियों का लोन खरबों रुपया माफ किया जाता है किंतु किसानों का 50 हजार रुपए के लोन पर जेल भेज दी जाती है। किसानों पर हो रहे अन्याय पर रोक लगाकर न्याय देने की जरूरत है। किसान एवं अधिवक्ता का पक्ष समस्या सुनने के बाद पांच सदस्यीय न्याय खंडपीठ ज्यूरी टीम सरपंच रविंद्र यादव, सरपंच मनोज कुमार ने त्वरित संज्ञान लेते हुए किसानों की मांग को जायज ठहराते हुए किसान के हित में निर्णय दिये तथा फैसले को महामहिम राष्ट्रपति को प्रेषित किया जाएगा। समाजसेवी किरण देव यादव ने कहा कि केंद्र एवं बिहार सरकार किसान मजदूर विरोधी है जिसे 2024 25 के चुनाव में उखाड़ फेंकने का किसान महापंचायत में निर्णय लिया गया। किसान महापंचायत में किसान, कृषि, किसानी बचाओ - देश बचाओ नारों को बुलंद किया गया।

## अनियंत्रित मछली लदा पिकअप वैन पेड़ से टकराई , गाड़ी में लगी आग चालक और कारोबारी हुए घायल



प्रातः किरण, संवाददाता

जमुई जिले के सोनो थाना क्षेत्र के एनएच 333अ पर पंचपहाड़ी के समीप एक तेज रफ्तार पिकअप गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पेड़ से टकराने के बाद गाड़ी में आग लग गई। इस दुर्घटना में पिकअप चालक और मछली कारोबारी बुरी तरह घायल हो गया। जिसको इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोनो लाया गया। मिली जानकारी के अनुसार सोनो चौक निवासी मछली कारोबारी शमसीर जमुई से मछली खरीद कर सोनो स्थित अपने दुकान पिकअप वाहन से जा रहा था। इसी दौरान दुकान पहुंचने से पहले पंच पहाड़ी के समीप पिकअप गाड़ी अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। पिकअप वाहन के पेड़ से टकराते ही उसके इंजन में आग लग गया। इसके बाद स्थानीय लोगों ने पिकअप में फंसे चालक और मछली कारोबारी को पिकअप से बाहर निकाला। दुर्घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने सोनो पुलिस को दिया, जिसके बाद मौके पर सोनो थाना की पुलिस घटना स्थल पर पहुंचे और घायल पिकअप ड्राइवर मुफकिर और मछली कारोबारी शमसिर को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोनो ले गए। इस मामले में स्थानीय लोगों का कहना है कि पिकअप की रफ्तार तेज होने की वजह से यह दुर्घटना घटी है। वहीं पुलिस ने पिकअप वाहन को अपने कब्जे में लेकर घटना की छानबीन में जुट गई है।

## भाकपा माले नेता राम स्वार्थ सिंह की मौत, श्रधांजलि सभा आयोजित

प्रातः किरण, संवाददाता

हाजीपुर। प्रखंड के बहुआरा निवासी राम स्वाथ सिंह का हृदय गति रुकने से आज निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही भाकपा-माले जिला सचिव कामरेडविशेश्वर प्रसाद यादव, जिला कमेटी सदस्य योगेंद्र राय, रामबाबू पासवान, सुमन कुमार,सुरेंद्र प्रसाद सिंह, संगीता देवी, रामबाबू भगत, मनोज पांडे,पार्टी नेता गोपाल पासवान, मजिंदर शाह, रामनाथ सिंह, लाला प्रसाद सिंह, हरि नारायण सिंह, विजय सिंह, श्रवण कुमार, महताब राय, विकास कुमार, अरविंद ठाकुर, बच्चा बाबू, सहित सैकड़ो की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक उनके निवास स्थान पर जाकर श्रद्धांजलि दिया । श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई, जिसे संबोधित करते हुए जिला सचिव विशेश्वर प्रसाद यादव ने कहा कि कामरेड रामस्वाथसिंह लंबे समय तक पार्टी के पूर्णकालिक कार्यकर्ता रहे, बिहार प्रदेश किसान सभा का जिला सचिव रहते हुए जिले के किसानों मजदूरों को संगठित कर संघर्ष को आगे बढ़ने का काम किया, अपने राजनीतिक जीवन में कई बार अपराधियों और गुंडो के हमले का भी शिकार हुए, जेल की यातनाएं भी सहनी परी, परंतु कभी भी अपने राजनीतिक विचारधारा से पीछे नहीं हटे, 1988 से 1991 तक वे पार्टी के जिला सचिव भी रहे, इनके अंदर कभी भी व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा दिखाई नहीं दिया, पार्टी के निर्देश पर आइपीएफ के चुनाव चिन्ह से 1990 में हाजीपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव भी लड़े।

## स्वतंत्रता सेनानी पूर्व मंत्री वीरचंद पटेल की मनाई गई जयंती समारोह



प्रातः किरण, संवाददाता

हाजीपुर । हाजीपुर के सांचीपट्टी तंगौल चौक स्थित सरदार पटेल सेवा सदन भवन परिसर में प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी पूर्व मंत्री बिहार गौरव वीरचंद पटेल की 114 वीं जयंती समारोह आयोजित हुई। समारोह में वीरचंद पटेल स्मारक महाविद्यालय देसरी में हिंदी के कार्यकारी विभागाध्यक्ष डा. चंद्रभूषण सिंह शशि को बिहार साहित्य रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। पूर्व केंद्रीय मंत्री दशई चौधरी, वैशाली विधायक सिद्धार्थ पटेल, अमनौर विधायक कृष्ण कुमार सिंह मंटू एवं अन्य साहित्यकारों ने सम्मान के रूप में उन्हें प्रतीक चिन्ह, चादर और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। उन्होंने कहा कि प्रो. शशि चालीस वर्षों से पत्रकारिता के साथ ही करीब तीस वर्षों से प्रोफेसर के रूप में हिंदी की सेवा कर रहे हैं। इनकी कई पुस्तकें पूर्व में प्रकाशित हो चुकी है। जबकि यह कई पत्र-पत्रिकाओं और न्यूज चैनल के मुख्य संपादक भी रह चुके हैं। समारोह का आयोजन वीरचंद पटेल समाजसेवा संस्थान बिहार और सरदार पटेल सेवा सदन ने संयुक्त रूप से किया था। समारोह की अध्यक्षता संस्थान प्रदेश अध्यक्ष विपिन विप्लवी, संचालन सदन महामंत्री दिग्विजय दिवाकर और धन्यवाद ज्ञापन सदन अध्यक्ष धुरन राय ने की। विवेक चौधरी तथा रश्मि चौधरी स्वागत गीत प्रस्तुत किया। समारोह में पटेल सेवा संघ अध्यक्ष अनिल कुमार, डा. हेमंत कुमार सिंह, डा. कृष्ण कुमार, जनार्दन प्रसाद सिन्हा, विश्वनाथ सिंह, सुधीर कुमार सिंह, शंभू प्रसाद सिंह, राजेश्वर सिंह, ओंकार सिंह, डा. रंजीत पटेल, प्रो. वेदप्रकाश, अधिवक्ता रघुवीर प्रसाद सिंह, अनीता कुमारी, मृत्युंजय कुमार, सुबोध पटेल, अरविंद कुमार, हरेंद्र सिंह, देवानंद सिंह आदि उपस्थित थे। इस मौके पर वीरचंद पटेल की जीवनी से संबंधित पुस्तकें और पत्रिकाओं की प्रदर्शनी भी लगाई गई थी।

# नवनियुक्त समन्वयक के सम्मान में स्वागत समारोह का हुआ आयोजन




प्रातः किरण, संवाददाता

मधेपुरा ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा के बायोटेक्नोलॉजी विभाग में बुधवार को नवनियुक्त समन्वयक ले. गुड्डु कुमार के सम्मान में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य डॉ. कैलाश प्रसाद यादव ने कहा कि महाविद्यालय में पंद्रह पारंपरिक विषयों के अतिरिक्त बी. एड. बीसीए, बीबीए, बायोटेक्नोलॉजी एवं बीपीएससी कोर्स संचालित है। इन सभी कोर्सों से विद्यार्थियों को काफी लाभ हो रहा है। मुख्य अतिथि उपकुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने कहा कि कोसी-सीमांचल में रोजगारपरक कोर्स कम हैं। जो कोर्स हैं, उनका लाभ अधिकाधिक विद्यार्थियों तक पहुंचाने की जरूरत है। इसलिए सभी कोर्सों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। सम्मानित अतिथि नोडल पदाधिकारी डॉ. मोहित गुप्ता ने कहा कि नवनियुक्त समन्वयक से हमें काफी उम्मीदें हैं। इनके कार्यकाल में विभाग नई ऊंचाइयों को छूएगा। बायोटेक्नोलॉजी के समन्वयक सह गणित विभागाध्यक्ष ले. गुड्डु कुमार ने समन्वयक की जिम्मेदारी देने के लिए महाविद्यालय प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वे अपनी जिम्मेदारियों को ईमानदारीपूर्वक निभाने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर भौतिकी विभागाध्यक्ष डॉ. शिवनाथ कुमार, कौशल किशोर, माधुरिका कुमारी, निशा कुमारी, प्रणव कुमार प्रियदर्शी, रामनरेश कुमार, आशीष कुमार, राहुल राज, मिथुन कुमार, अमन कुमार, मन्नू गुप्ता, प्रशांत कुमार, सुमित कुमार, नौसाबा परवीन, लक्ष्मी कुमारी, रिशु कुमार, सावन कुमार, दीपक कुमार, आशीष कुमार, नीतीश कुमार, केशव कुमार, गौरी कुमारी, अंजली कुमारी, आशा कुमारी, रितु कुमारी आदि उपस्थित थे।

## लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के कार्यकर्ताओं ने मनाई होली



प्रातः किरण, संवाददाता

हाजीपुर।लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के एनडीए गठबंधन से हाजीपुर लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनने पर लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के कार्यकर्ताओं में अबीर, गुलाल एवं पटाखे छोड़कर होली के साथ-साथ दीपावली मनाया गया।सैकड़ो कार्यकर्ताओ के साथ हाजीपुर के आम ईमान भी इस रंग उत्सव मे उपस्थित हुए।सभी ने कहा कि स्वर्गीय रामविलास पासवान जी आज स्वर्ग लोक से भी बहुत खुश होंगे और अपने पुत्र चिराग को आशीर्वाद दे रहे होंगे ।साथ ही साथ हाजीपुर के कार्यकर्ता को भी उनका आशीर्वाद मिल रहा होगा । ये जीत लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के कार्यकताओं की जीत है ,हाजीपुर की महान जनता की जीत है इस कार्यक्रम में अवधेश सिंह ,नगर अध्यक्ष मनोज सिन्हा ,राजकुमार पासवान ,श्रीकांत पासवान ,संतोष स्वराज ,संतोष शर्मा ,धर्मवीर यादव, सोनू कुमार, रणविजय चौरसिया, रिंकू कुमारी ,शंभू पासवान ,अजय सिंह ,लक्ष्मी देवी, रवि कुमार ,आकाश कुमार ,सुरेंद्र यादव, अविनाश शर्मा, मुन्ना पासवान ,सोनू सूद ,पवन राज ,सुजीत कुमार, दिलीप पासवान, हरीश सिंह, अधिवक्ता निर्मल सिंह ,अधिवक्ता राजकुमार दिवाकर ,राकेश पासवान, किस मुरारी पासवान, इंदल पासवानसहित अनेक कार्यकताओं ने गुलाल एवं पटाखे छोड़कर होली के साथ-साथ दीपावली मनाने का काम किया।

## प्रखंड मुखिया संघ की अध्यक्षा बनी शुशीला देवी



प्रातः किरण, संवाददाता

वैशाली। वैशाली पंचायत की मुखिया सुशीला देवी वैशाली प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष पद पर चयन हुआ। गुरूवार को प्रखंड क्षेत्र के मदरना पंचायत के मुखिया सुनिल साह के आवास पर मुखिया संघ का बैठक आयोजित किया गया। बैठक मे 16 मुखिया मे ग्यारह मुखिया उपस्थित हुए।पुराने संघ को भंग कर नया चुनाव किया गया। बैठक मे मुखिया प्रभा देवी, राजकिशोर, सुनील कुमार साह, अनिता देवी, संजीव कुमार, बीरेन्द्र पासवान, निरमा कुमारी, संगीता देवी, पुष्पा कुमारी, कांती देवी उपस्थित हुए। उपाध्यक्ष पद पर मुखिया राजकिशोर कुमार ,सचिव पद पर मुखिया संजीव कुमार, कोषाध्यक्ष पद पर सुनील कुमार साह एवं मीडिया प्रभारी नीरमा कुमारी का चयन हुआ।ईस संबंध मे निवर्तमान मुखिया संघ अध्यक्ष राजनंदन राय ने पुछे जाने पर बताया कि यह पद कोई संवैधानिक पद नही है।

## बिहार दिवस मनाने के लिए बैठक,लिए गये कई निर्णय



प्रातः किरण, संवाददाता

हाजीपुर। उप विकास आयुक्त, द्वारा आगामी 22 मार्च को बिहार दिवस मनाने की तैयारियों की समीक्षा बैठक की गई। पदाधिकारियों को बताया गया कि यह 112 वॉ बिहार स्थापना दिवस होगा, इसलिए इसे यादगार बनाने के लिए 112 दीयों को जला कर रौशनी किया जाये तथा इसे स्वीप गतिविधियों से भी लिंक किया जाए। इस अवसर पर सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई, वैशाली एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी, वैशाली को निदेश दिया गया कि 22 मार्च की प्रातःमें स्कूली बच्चों के माध्यम से पूर्व की भांति प्रभातफेरी निकाला जाए। साथ हीं जिले के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के बीच रंगोली, वाद-विवाद तथा पेंटिंग प्रतियोगिता समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में दोपहर में कराने का निर्णय लिया गया। स्थापना दिवस की पूर्व संध्या से लेकर आयोजन की तिथि दिन तक समाहरणालय भवन तथा वैशाली जिला अर्न्तगत अन्य सरकारी भवनों पर नीले रंग की सीरीज लाईट से सजाने का निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त वैशाली जिले के सभी प्रमुख चौक-चौराहों, प्रवेश द्वारों तक पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था/ नीले रंग की सीरीज लाईट लगाने हेतु संबंधित पदाधिकरियों को निदेशित किया गया। विदित हो कि 22 मार्च 1912 को बिहार अस्तित्व में आया था। बिहार दिवस 2010 से मनाया जा रहा है। इसका मूल उद्देश्य है- बिहार की गौरवशाली इतिहास से नई पीढ़ी को परिचित कराया जाये। समीक्षा बैठक में उप विकास आयुक्त श्री शम्स जावेद आंसारी के साथ एडीएम (आपदा) श्री अरुण कुमार सिंह, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी सह जिला योजना पदाधिकारी श्री नीरज, सामान्य प्रशाखा के प्रभारी पदाधिकारी के साथ कई विभागों के पदाधिकारी बैठक में मौजूद थे।

## 16वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा आयोजित मोबाइल फोन रिपेयरिंग ट्रेनिंग प्रशिक्षण का हुआ समापन

प्रातः किरण, संवाददाता



गिद्धौर/ जमुईः 16वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत एक माह से चले आ रहे मोबाइल फोन रिपेयरिंग ट्रेनिंग प्रशिक्षण का समापन गुरुवार को किया गया। 16वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के कमांडेट मनीष कुमार द्वारा विधिवत प्रशिक्षण दिलाया गया। सशस्त्र सीमा बल द्वारा सुरक्षा के साथ साथ क्षेत्र के लोगों को स्वरोजगार परक बनाने के उदेश्य से समय समय पर सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत विभिन्न प्रकार के कम्प्यूटर, सिलाई, मोबाइल रिपेरिंग, ब्यूटी पार्लर आदि का प्रशिक्षण दिया जाता है, ताकि वह अपने आप को रोजगार योग्य बना सके। इसके तहत औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गिद्धौर में मोबाइल रिपेयरिंग का प्रशिक्षण एक माह से दिया गया। जिसमें आसपास के गावों के 30 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। जिन्हें एक माह के प्रशिक्षण में मोबाइल रिपेयरिंग का काम सिखाया गया, जिसमें यह सभी प्रशिक्षनार्थी निपुण भी हुए। इस दौरान प्रशिक्षुओं को उप कमांनडेट विनोद कुमार दास के द्वारा प्रशिक्षण प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का समापन करते हुए 16वीं वाहिनी के कमांडेंट श्री कुमार ने कहा कि इस प्रशिक्षण से युवा स्वावलम्बी एवं रोजगार योग्य बनेंगे और युवाओं के लिए अपने पैरों पर खड़ा होने का यह सुनहरा अवसर है। इस समापन पर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गिद्धौर के मोहम्मद जावेद अहमद, समूह प्रशिक्षक संजय अत्री तथा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गिद्धौर के अन्य कर्मी सहित उप कमांडेट, सहायक कमांडेट, अधीनस्थ अधिकारी, जवान और प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे ।

## जनहित एक्सप्रेस ट्रेन परिचालन होने पर सांसद का जताया आभार

प्रातः किरण संवाददाता

मधेपुरा जनहित एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन पूर्णिया कोर्ट स्टेशन से शुरू होने पर जदयू कार्यकताओं से सहित व्यवसायी वर्ग के लोग खुशी व्यक्त करते हुए सांसद दिनेश चंद्र यादव के प्रति आभार जताया है। आभार जताते हुए लोगों ने कहा कि जनहित का परिचालन पूर्णिया से होने की वजह से अब मधेपुरा के लोगों का पटना आना जाना आसान हो गया है। इससे आम लोगों सहित व्यवसायी वर्ग के लोगों को काफी फायदा होगा। सांसद प्रतिनिधि बिजेंद्र यादव ने बताया कि सांसद दिनेश चंद्र यादव के प्रयास की वजह से मधेपुरा का तेजी से विकास हो रहा है। उन्होंने बताया कि सांसद के प्रयास के वजह से ही कपूरी चौक पर आरओबी निमार्ण कार्य शुरू हो सका है। एनएच 106 तथा 107 पूर्ण होने की स्थिति में है। मधेपुरा में कामर्स कालेज से बायपास तुनीयाही, सुखासन, मानिकपुर, मरुआहा, नेहलपट्टी होते राजपुर रोड तक निर्माण किया जा रहा है। वहीं मुरलीगंज में मीरगंज से बायपास केपी कालेज के पीछे से होते हुए गौशाला चौक से आगे एनएच 107 को जोड़ती है। इसका भी निमार्ण कार्य तेजी से बढ़ रहा है। पुनः मधेपुरा से सिंहेश्वर बायपास, मनिकपुर से सिंहेश्वर केला बाड़ी तक के निर्माण हेतु डी पी आर तैयार किया जा रहा है। एन एच 107 में कई आरओबी का निमार्ण कार्य पूर्ण होने की स्थिति में है। सांसद के पहल से जिले में चल रही विकास योजना ।

सम्पादकीय

## चुनाव से ठीक पहले

सीएए को सिर्फ सीमित चुनावी नजरिए से देखना उचित नहीं होगा। बल्कि यह भाजपा की वैचारिक परियोजना का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा है। इसके जरिए भारतीय नागरिकता को तय करने वाली कसौटियों में अब धर्म एक पहलू बन गया है। केंद्र सरकार ने नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को लागू कर दिया है। इसके लिए जरूरी नियम जारी कर दिए गए हैं। जाहिर है, ये कदम 18वें आम चुनाव से ठीक पहले उठाया गया है। खबरों के मुताबिक हफ्ते भर के अंदर चुनाव कार्यक्रम की घोषणा होने वाली है। उस पृष्ठभूमि में इसे सरकार और सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी के एक चुनावी कदम के रूप में देखा जा सकता है। महजबी आधार पर ध्रुवीकरण भाजपा की एक प्रमुख राजनीतिक ताकत है। अगर चार साल पहले की घटनाओं पर-जब सीएए पारित हुआ था-गौर करें, तो तब इस कानून के खिलाफ एक बड़ा आंदोलन हुआ था, जिसमें मुस्लिम समुदाय ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। उसी सिलसिले में दिल्ली में दंगा भी हुआ। इससे सांप्रदायिक ध्रुवीकरण को हवा मिली थी। कानून लागू होने के साथ उन सारी घटनाएं की याद ताजा हो सकती है। इसके अलावा अगर फिर से इस कानून का विरोध हुआ, तो ऐसा माहौल और अधिक गरमा सकता है। बहरहाल, इस कानून को सिर्फ इस सीमित नजरिए से देखना उचित नहीं होगा। बल्कि यह भाजपा की वैचारिक परियोजना का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा है। इसके जरिए भारतीय नागरिकता को तय करने वाली कसौटियों में अब धर्म एक पहलू बन गया है। इस कानून के तहत अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश से भारत आने वाले गैर-मुस्लिम व्यक्ति भारतीय नागरिकता के लिए अर्जी दे सकेंगे। इस तरह मजहब नागरिकता तय करने की एक कसौटी बन जाएगा। समझा जा सकता है कि यही व्यवस्था करना इस कानून का मुख्य मकसद है। वरना, अगर उद्देश्य पड़ोसी देशों में उत्पीड़ित व्यक्तियों को राहत देना होता, तो फिर इस कानून के दायरे में श्रीलंका और म्यांमार को भी शामिल किया जाता-जहां अधिकतर उत्पीड़ित व्यक्ति हिंदू धर्म को मानने वाले होते हैं। जाहिर है, कानून उत्पीड़ित शरणार्थियों को राहत देने के लिए नहीं, बल्कि भारतीय राज्य के मूलभूत स्वरूप में परिवर्तन के लिए बनाया गया है। भाजपा का हमेशा से यह एक वैचारिक उद्देश्य रहा है। इस बीच चूंकि सुप्रीम कोर्ट ने इसके खिलाफ दायरे याचिकाओं को लटका रखा है, इसलिए सरकार के इस ओर बढ़े का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

## कितना कुछ जाहिर होगा?

आशंका जताई गई है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश में ही ऐसी बात शामिल है, जिससे कई महत्त्वपूर्ण सूचनाएं जाहिर होने से रह जाएंगी। फिलहाल, यह नहीं मालूम होगा कि किस व्यक्ति या उद्योग घराने ने किस पार्टी को कब और कितना चंदा दिया। सुप्रीम कोर्ट ने आम चुनाव तक इलेक्ट्रॉल बॉन्ड्स संबंधित विवरण पर परदा डालने की भारतीय स्टेट बैंक की कोशिश नाकाम कर दी। कोर्ट के आदेश के मुताबिक अब 15 मार्च को स्टेट बैंक से मिली जानकारियां निर्वाचन आयोग को अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित करनी होंगी। इससे देश को पता चलेगा कि इन बॉन्ड्स के माध्यम से किन लोगों या उद्योग घरानों ने राजनीतिक चंदा दिया। किस राजनीतिक दल को कितना चंदा मिला, यह ब्योरा भी आयोग की वेबसाइट पर आ जाएगा। मगर यह सूचना तो पहले से सार्वजनिक दायरे में उपलब्ध है। आशंका जताई गई है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश में ही ऐसी बात शामिल है, जिससे कई महत्त्वपूर्ण सूचनाएं जाहिर होने से रह जाएंगी। फिलहाल, यह नहीं मालूम होगा कि किस व्यक्ति या उद्योग घराने ने किस पार्टी को कब और कितना चंदा दिया। अगर ये जानकारियां सामने आतीं, तो सिविल सोसायटी के लोग यह आकलन करने की स्थिति में होते कि केंद्र और विभिन्न राज्यों में सत्ताधारी दलों को किन घरानों से कितना पैसा मिला। फिर वे यह पड़ताल करते कि क्या संबंधित सरकार ने से फैसला लेते वक्त उन खास घरानों के साथ पक्षपात किया। यानी क्या उन घरानों को कोई अनुचित लाभ पहुंचाया गया। इससे वह पारदर्शिता आती, जिससे भविष्य में धनी-मानी तबकों और राजनीतिक दलों के बीच होने वाली प्रत्यक्ष लेन-देन पर रोक लगती। मगर, स्टेट बैंक ने कह दिया कि यह मिलान करने में उसे बहुत वक्त लगेगा। इस बीच उसके पास चंदा दाताओं और चंदा प्राप्तकताओं की सूची है, जिसे वह सौंप सकता है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी कर दी कि उसने कभी वह ब्योरा देने को नहीं कहा था, जिसके लिए स्टेट बैंक समय मांग रहा है। कोर्ट के इस नजरिए से उन बहुत से लोगों को निराशा हुई है, जो चुनावी चंदे में पूरी जवाबदेही के लिए प्रयासरत रहे हैं। इस तरह उनके नजरिए से देखा जाए, तो इलेक्ट्रॉल बॉन्ड्स के मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला पारदर्शिता की आंशिक जीत ही है। अब देश के मतदाताओं को अगले आम चुनाव में अपना निर्णय बिना उपरोक्त महत्त्वपूर्ण जानकारी के ही तय करना होगा।

### होली पर विशेष

## क्या पूर्णिया से हुई थी होली की शुरूआत?



संजय कुमार सुमन

(लेखक संजय कुमार सुमन लगातार विभिन्न विधाओं पर लिखते रहे हैं।राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दर्जनों सम्मानों से सम्मानित हैं।)

होलिका दहन को लेकर मान्यता है कि इसकी शुरूआत सबसे पहले बिहार के पूर्णिया जिले में हुई थी। जिले के बनमनखी के धरहरा गांव में पहली होली खेली गई थी।ऐसा कहा जाता हैं कि भक्त प्रह्लाद को बचाने के लिए इसी जगह भगवान विष्णु ने नरसिंह अवतार लेकर हिरण्यकश्यप का संध्या बेला में वध किया था। मान्यता है कि पूरे देश में होलिका दहन की शुरूआत बनमनखी के सिकलीगढ़ धरहरा से ही हुई थी। आज भी यहां वो खम्भा मौजूद है, जिसके बारे में मान्यता है कि भगवान नरसिंह प्रहलाद को बचाने के लिए इसी से बाहर आए थे। भगवान ने आधा नर और आधा सिंह का रूप रख इसी खंभे से अवतार लेकर राक्षस राज हिरण्यकश्यप का वध किया था। कहते हैं कि हिरण्यकश्यप को ब्रह्मा जी का वरदान था कि उनका वध ना तो देवता कर पाएंगे ना दानव, ना जल में होगा ना थल में ना ही नभ में, ना दिन में होगा ना रात में, ना घर में होगा ना बाहर। हिरण्यकश्यप ने अपने बेटे भगवान विष्णु के भक्त प्रहलाद को मारने का प्रयास किया। तब भगवान नरसिंह ने इसी खम्भे से अवतार लेकर घर की चौखट पर हिरण्यकश्यप को अपने जंघा पर रखकर अपने नाखून से फाड़ दिया था। मान्यताओं के अनुसार राजा हिरण्यकश्यपु राक्षसों का राजा था। उसका एक पुत्र था जिसका नाम प्रह्लाद था। वह भगवान विष्णु का परम भक्त था। राजा हिरण्यकश्यपु भगवान विष्णु को अपना शत्रु मानता था। जब उसे पता चला कि प्रह्लाद विष्णु का भक्त है तो उसने प्रह्लाद को रोकने का काफी प्रयास किया लेकिन तब भी प्रह्लाद की भगवान विष्णु की भक्ति कम नहीं हुई। यह देखकर हिरण्यकश्यपु प्रह्लाद को यातनाएं देने लगा। हिरण्यकश्यपु ने प्रह्लाद को पहाड़ से नीचे गिराया,हाथी के पैरों से कुचलने की कोशिश की किंतु भगवान विष्णु की कृपा से प्रह्लाद को कुछ भी नहीं हुआ। हिरण्यकश्यपु की एक बहन थी-होलिका।उसे वरदान था कि अग्नि उसे जला नहीं सकती। हिरण्यकश्यपु ने प्रह्लाद को मारने के लिए होलिका से कहा। होलिका प्रह्लाद को गोद में बैठाकर आग में प्रवेश कई किंतु भगवान विष्णु की कृपा से हवा से तब भी भक्त प्रह्लाद बच गया और होलिका जल गई। तभी से बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक रूप में होली का त्योहार मनाया जाने लगा। क्या था वरदान हिरण्यकशिपु का पुत्र प्रह्लाद, भगवान विष्णु का उपासक था और यातना एवं प्रताड़ना के बावजूद वह विष्णु की पूजा करता रहा। क्रोधित होकर हिरण्यकशिपु ने अपनी बहन होलिका से कहा कि वह अपनी गोद में प्रह्लाद को लेकर प्रज्ज्वलित अग्नि में चली जाय क्योंकि होलिका को वरदान था कि वह अग्नि में नहीं जलेगी। जब होलिका ने प्रह्लाद को लेकर अग्नि में प्रवेश किया तो प्रह्लाद का बाल भी बाँका न हुआ पर होलिका जलकर राख हो गई। अंतिम प्रयास में हिरण्यकशिपु ने लोहे के एक खंभे को गर्म कर लाल कर दिया तथा प्रह्लाद को उसे गले लगाने को कहा। एक बार फिर भगवान विष्णु प्रह्लाद को उबारने आए। वे खंभे से नरसिंह के रूप में प्रकट हुए तथा हिरण्यकशिपु को महल के प्रवेशद्वार की चौखट पर, जो न घर का बाहर था।

# कांग्रेस में अपनी उपेक्षा से बहुत खिन्न थे सुरेश पचौरी

**कांग्रेस पार्टी में रहकर सुरेश पचौरी ने जो पद और प्रतिष्ठा अर्जित की उसे देखते हुए यह अनुमान लगाना गलत होगा कि वे अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति के लिए भाजपा में शामिल हुए हैं। इस उच्च शिक्षित, विनम्र और सहज सरल व्यक्तित्व के धनी इस राजनेता ने पचास वर्षों के राजनीतिक जीवन में इतना यश अर्जित कर लिया था कि कोई राजनीतिक महत्वाकांक्षा उन्हें भाजपा में शामिल होने के लिए प्रेरित नहीं कर सकती थी। 2014 में केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा नीत राजग सरकार के गठन के बाद कई ऐसे मौके आए जब वे राजनीतिक सौदेबाजी करके भाजपा में शामिल हो सकते थे परन्तु शायद पानी गले तक पहुंच जाने के बाद वे यह अप्रत्याशित फैसला फैसला लेने के लिए विवश हो गये। कांग्रेस पार्टी सुरेश पचौरी के इस अप्रत्याशित फैसले के लिए आज उनकी आलोचना करते समय यह क्यों भूल जाती है कि उनके राजनीतिक सूझबूझ और अनुभवों से लाभ लेने के बजाय उन्हें एक तरह से हाशिए पर पहुंचा देने में भी संकोच नहीं किया गया। पिछले कुछ सालों में ऐसे अनेक अवसर आए जब पार्टी के विभिन्न फोरमों में लिए जाने वाले महत्वपूर्ण फैसलों में सुरेश पचौरी की राय लेने की आवश्यकता महसूस नहीं की गई। पार्टी में लगातार अपनी उपेक्षा से उपजी उनके मन की पीड़ा का अंदाजा कांग्रेस का वरिष्ठ नेतृत्व नहीं लगा पाया।**





**कृष्णमोहन झा-**
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

पिछले कुछ महीनों में मध्यप्रदेश में कांग्रेस के जिन वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी छोड़ कर भाजपा में शामिल होने का फैसला किया है उनमें पूर्व केंद्रीअय मंत्री, पार्टी के भूतपूर्व अध्यक्ष और चार बार के राज्य सभा सांसद सुरेश पचौरी की कमी पार्टी को सबसे अधिक खल रही है। सुरेश पचौरी के भाजपा में शामिल होने की खबर के बाद भले ही अचानक आई हो परन्तु हकीकत यह है कि हमेशा ही कांग्रेस के समर्पित नेताओं की कतार में अग्रणी रहे सुरेश पचौरी ने यह फैसला तब लिया जब अत्यंत भरे मन से लिए गए इस फैसले के अलावा उनके सामने कोई अन्य विकल्प कांग्रेस ने नहीं छोड़ा था। कांग्रेस पार्टी में रहकर सुरेश पचौरी ने जो पद और प्रतिष्ठा अर्जित की उसे देखते हुए यह अनुमान लगाना गलत होगा कि वे अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति के लिए भाजपा में शामिल हुए हैं। इस उच्च शिक्षित, विनम्र और सहज सरल व्यक्तित्व के धनी इस राजनेता ने पचास वर्षों के राजनीतिक जीवन में इतना यश अर्जित कर लिया था कि कोई राजनीतिक महत्वाकांक्षा उन्हें भाजपा में शामिल होने के लिए प्रेरित नहीं कर सकती थी। 2014 में केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा नीत राजग सरकार के गठन के बाद कई ऐसे मौके आए जब वे राजनीतिक सौदेबाजी करके भाजपा में शामिल हो सकते थे परन्तु शायद पानी गले तक पहुंच जाने के बाद वे यह अप्रत्याशित फैसला फैसला लेने के लिए विवश हो गये। कांग्रेस पार्टी सुरेश पचौरी के इस अप्रत्याशित फैसले के लिए आज उनकी आलोचना करते समय यह क्यों भूल जाती है कि उनके राजनीतिक सूझबूझ और अनुभवों से लाभ लेने के बजाय उन्हें एक तरह से हाशिए पर पहुंचा देने में भी संकोच नहीं किया गया। पिछले कुछ सालों में ऐसे अनेक अवसर आए जब पार्टी के विभिन्न फोरमों में लिए जाने वाले महत्वपूर्ण फैसलों में सुरेश पचौरी की राय लेने की आवश्यकता महसूस नहीं की गई। पार्टी में लगातार अपनी उपेक्षा से उपजी उनके मन की पीड़ा का अंदाजा कांग्रेस का वरिष्ठ नेतृत्व नहीं लगा पाया। यह पीड़ा उस समय और घनीभूत हो गई जब कांग्रेस ने विगत दिनों अयोध्या में नवनिर्मित भव्य मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आमंत्रण ठुकरा दिया। कांग्रेस के इस फैसले से सुरेश पचौरी इतने व्यथित हो गये कि उन्होंने कांग्रेस से अपना पचास वर्षों का नाता तोड़ने का फैसला कर लिया। भाजपा में शामिल होने के बाद सुरेश पचौरी ने रामचरित मानस की एक चौपाई का उदाहरण देते हुए कहा कि कोई कितना भी प्रिय क्यों न हो लेकिन अगर वह राम का विरोध करे तो उसे छोड़ दो। जो लोग भगवान राम का अनादर कर रहे हैं मैं उनके साथ खड़ा नहीं हो सकता। सुरेश पचौरी ने साफ कहा कि मैं बिना किसी शर्त के भाजपा में आया हूं और अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की सेवा करूंगा। सुरेश पचौरी ने यद्यपि अयोध्या में नवनिर्मित भव्य मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में शामिल न होने के कांग्रेस पार्टी के फैसले को पार्टी छोड़ने का मुख्य कारण बताया परंतु इसमें दो राय नहीं हो सकती कि पिछले कई महीनों से अनेक मुद्दों पर कांग्रेस पार्टी के साथ उनके मतभेदों में निरंतर इजाफा हो रहा था। सर्जिकल स्ट्राइक पर कांग्रेस पार्टी द्वारा उठाए गए सवालों को अनुचित बताते हुए उन्होंने कहा कि सेना के शौर्य पर सवाल नहीं उठाए जाते परंतु कांग्रेस ने ऐसा किया। जाति जनगणना का समर्थन करके कांग्रेस ने वर्षों पुराने नारे ह्ल जात पर न पात पर मोहर लगेगी हाथ पर ह्ल को भुला दिया है। कांग्रेस कभी अपने जिन सिद्धांतों और नीतियों के लिए जानी जाती थी उनसे वह विमुख हो गई है। सुरेश पचौरी ने कांग्रेस छोड़ने के जो कारण गिनाए हैं उन पर निःसंदेह गौर करने की जरूरत है। जिस पार्टी में उन्होंने पचास वर्षों तक सेवाएं दीं उससे रिश्ता तोड़ने में उन्हें कितनी पीड़ा हुई होगी उसका अहसास शायद कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व को नहीं है। दिक्कत यह है कि कांग्रेस नेतृत्व गंभीरता पूर्वक आत्ममंथन करके उन कारणों का पता भी नहीं लगाना चाहती जो जिनकी वजह से समर्पित और निष्ठावान नेताओं को भरे मन से पार्टी छोड़ने के लिए विवश होना पड़ रहा है और अगर ऐसे समर्पित और निष्ठावान नेताओं का भाजपा में पलक पांवड़े बिछाकर स्वागत किया जा रहा है तो कांग्रेस को उन पर विश्वासघात करने का आरोप लगाने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।

# आम के खिले हुए मंजर पर कीटनाशकों का प्रयोग है नुकसान दायक

**फूलों की पाँच पंखुड़ियाँ होती हैं और आमतौर पर लगभग 5 मिमी व्यास की होती हैं। उनके पास एक मीठी व सुखद सुगंध होती है जो परागण प्रक्रिया के लिए महत्वपूर्ण हैं। इसी मीठी सुगंध के प्रति आकर्षित परागणकर्ता आम के बागों में आते हैं ,जो परागण जैसे अति महत्वपूर्ण कार्य को संपादित करते है। यह क्रिया फल के विकास के लिए आवश्यक है। अपूर्ण परागण की अवस्था में फल झड़ जाते है। आम के फूल बसंत और गर्मी के महीनों में खिलते हैं, और फल कई महीनों बाद परिपक्व होकर पकते हैं।मधुमक्खियों, मक्खियों, तितलियों और ततैया सहित कई प्रकार के परागणकों द्वारा आम का परागण किया जाता है। वे बताते हैं कि मधुमक्खियों की कुछ प्रजातियाँ, जैसे आम मधुमक्खी (एपिस मेलिफेरा) और अकेली बढ़ई मधुमक्खी (जाइलोकोपा प्रजाति), आम के फूलों के परागण में विशेष रूप से प्रभावी हैं। कुछ क्षेत्रों में, किसान अपने आम के पेड़ों को परागित करने के लिए मधुमक्खियों पर निर्भर रहते हैं। हालांकि, जंगली परागणकर्ता भी आम के परागण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, और परागणकताओं के विविध समुदाय को बनाए रखने से इष्टतम परागण और फलों के उत्पादन को सुनिश्चित करने में मदद मिलती है। प्राकृतिक परागणकताओं के अलावा, कुछ आम किसान मैनुअल परागण तकनीकों का भी उपयोग करते हैं, जैसे कि हाथ से परागण या फूलों की रिहाई और पराग हस्तांतरण को प्रोत्साहित करने के लिए कंपन उपकरणों का उपयोग।**





**प्रोफेसर डाक्टर एस के सिंह**
लेखक

जब आम के फूल (मंजर)खिले हों, उस समय किसी भी कृषि रसायन खासकर कीटनाशक का प्रयोग न करें , नही तो मधुमक्खियां, मक्खियां, तितलियां और ततैया बाग से दूर चले जायेंगे ,जिससे आम के उत्पादन में भारी नुकसान हो सकता है। यह कहना है प्रधान अन्वेषक,अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना (फल) एवं विभागाध्यक्ष ,पोस्ट ग्रेजुएट डिपार्टमेंट ऑफ प्लांट पैथोलॉजी एंड नेमेटोलॉजी ,डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय के डाक्टर एस के सिंह का। डाक्टर सिंह ने इस सम्बंध में प्रातः किरण से विस्तार से बातचीत करते हुए बताया कि आम के फूल छोटे, सुगंधित और सफेद से लेकर गुलाबी रंग के होते हैं। वे पत्तियों के उभरने से पहले युवा शाखाओं की युक्तियों पर गुच्छों में बढ़ते हैं। फूलों की पाँच पंखुड़ियाँ होती हैं और आमतौर पर लगभग 5 मिमी व्यास की होती हैं। उनके पास एक मीठी व सुखद सुगंध होती है जो परागण प्रक्रिया के लिए महत्वपूर्ण हैं। इसी मीठी सुगंध के प्रति आकर्षित परागणकर्ता आम के बागों में आते हैं ,जो परागण जैसे अति महत्वपूर्ण कार्य को संपादित करते है। यह क्रिया फल के विकास के लिए आवश्यक है। अपूर्ण परागण की अवस्था में फल झड़ जाते है। आम के फूल बसंत और गर्मी के महीनों में खिलते हैं, और फल कई महीनों बाद परिपक्व होकर पकते हैं।मधुमक्खियों, मक्खियों, तितलियों और ततैया सहित कई प्रकार के परागणकों द्वारा आम का परागण किया जाता है। वे बताते हैं कि मधुमक्खियों की कुछ प्रजातियाँ, जैसे आम मधुमक्खी (एपिस मेलिफेरा) और अकेली बढ़ई मधुमक्खी (जाइलोकोपा प्रजाति), आम के फूलों के परागण में विशेष रूप से प्रभावी हैं। कुछ क्षेत्रों में, किसान अपने आम के पेड़ों को परागित करने के लिए मधुमक्खियों पर निर्भर रहते हैं। हालांकि, जंगली परागणकर्ता भी आम के परागण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, और परागणकताओं के विविध समुदाय को बनाए रखने से इष्टतम परागण और फलों के उत्पादन को सुनिश्चित करने में मदद मिलती है। प्राकृतिक परागणकताओं के अलावा, कुछ आम किसान मैनुअल परागण तकनीकों का भी उपयोग करते हैं, जैसे कि हाथ से परागण या फूलों की रिहाई और पराग हस्तांतरण को प्रोत्साहित करने के लिए कंपन उपकरणों का उपयोग। ये तकनीकें फलों के सेट को बढ़ाने और फलों की गुणवत्ता में सुधार करने में मदद करती हैं, खासकर उन क्षेत्रों में जहां परागणकताओं की आबादी सीमित है। लेकिन यह सब अभी अनुसंधान स्तर तक सीमित है। जब फूल खिले हो उस समय किसी भी प्रकार का कोई भी कृषि रसायन खासकर कीटनाशक का प्रयोग नही करना चाहिए क्योंकि इससे फायदा तो कोई नही होगा बल्कि भारी नुकसान होगा ।आम के फूल के कोमल हिस्से इन रसायनों के प्रयोग से घायल हो सकते है एवं मेहमान परागण कर्ता कीट नाराज होकर बाग छोड़ कर चले जायेंगे। ये कीट हमारे मित्र है, जिन्हे आम के फूल से निकली हुई एक मीठी सुगंध आमंत्रण देकर बुलाती है । हमारी एक छोटी -सी नासमझी जिस वजह से जब हम कीटनाशक का उपयोग करते है तब ये परागकर्ता हमारे बाग को छोड़कर चले जाते है जिसकी वजह से परागण जैसे महत्वपूर्ण कार्य बीच में ही छूट जाते है। यहां इस बात का उल्लेख करना आवश्यक है की आम के बाग में मधुमक्खियां परागण का कार्य तो करती है लेकिन आम के बाग से मधु नही प्राप्त होता है जबकि इसके विपरीत लीची के बाग में ये मधुमक्खियां परागण भी करती है ।इनसे उच्च कोटि का शहद भी प्राप्त होता है।

# डूबने की गारंटी भी देती है आज की सियासत....



**राकेश अचल-**
लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं

कम से कम हमारी पीढ़ी ने तो कभी नहीं सोचा था कि भारत जैसे महान देश में सियासत में गारंटी पर भी गारंटी दी जाएगी। लोग घोषणापत्रों पर नहीं व्यक्तियों की निजी गारंटी पर वोट देंगे और सुविधाएं लेंगे। लेकिन आज गारंटी की राजनीति ही एक कड़वा सच है। आप इसे मीठा सच भी मान सकते हैं बाशर्त कि आपके मन में भक्ति-भाव आम आदमी के मुकाबले कुछ ज्यादा हो, या आपकी दृष्टि कुछ ज्यादा धुंधली हो गयी हो। कायदे से गारंटी उपभोक्तावाद का प्रमुख लक्षण है। गारंटी में प्रोडक्ट की अदला-बदली का करार होता है, लेकिन सियासत की गारंटी में ऐसा कुछ नहीं है। आज की सियासत में गारंटी का युग शुरू करने का एकमेव श्रेय प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी को जाता है। उनसे पहले न उनके वंशजों ने गारंटी की सियासत की थी और न उन कांग्रेसियों ने जिन्होंने देश की आजादी की लड़ाई में अग्रणीय भूमिका अदा की थी। नेहरू, शास्त्री, गाँधी, सिंह , राव और मन मोहन सिंह, जैसे प्रधानमंत्रियों को तो छोड़िये चौमासा प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, चंद्रशेखर , आइके गुजराल या हरदन हल्ली देवगौड़ा के अलावा माननीय अटल बिहारी बाजपेयी भी राजनीति में गारंटी का युग शुरू नहीं कर पाए। बाजपेयी जी ने इंडिया को साइन करने की कोशिश की थी तो उन्हें देश की जनता ने चमका दिया, लेकिन मानना पडेगा कि मोदी जी ने बाजपेयी जी को चमकाने का बदला देश की जनता से अच्छे दिन आएंगे का मिथ्या नारा देकर बराबर कर लिया। आजकल देश में कम से कम 80 करोड़ लोगों को रोजगार की गारंटी भले ही न दी गयी हो लेकिन आने वाले पांच साल तक दो जून मुफ्त अनाज देने की गारंटी जरूर दी गयी है। जाहिर है कि आने वाले पांच साल तक उनके दिन नहीं बदलने वाले। मोदी जी की गारंटी से माँ हो या बाबा सब मजबूत हो रहे हैं, ऐसा आजकल हमें टीवी चैनलों पर आ रहे विज्ञापनों से पता चल रहा है। विज्ञापनबाजी में सरकारों के बीच एक अंधी प्रतिस्पर्द्धा चल रही है। सिंगल इंजिन की सरकार हो या डबल इंजिन की सरकार बराबर अपनी गारंटियों का विज्ञापन कर रहीं है। इस कुकृत्य में न मोदी पीछे हैं है और न भगवंत सिंह मान। बहरहाल बात सियासत में गारंटी की चल रही है। मोदी जी ने दो आम चुनाव केवल जुमलों के बूते जीते थे, अब वे तीसरा चुनाव गारंटी के बल पर जीतना चाहते है। उनकी इच्छाशक्ति का कोई मुकाबला नहीं है। वे जो ठान लेते हैं, कर दिखाते है। उन्होंने ठाना कि वे जलते हुए मणिपुर नहीं जायेंगे तो देख लीजिये नहीं गए। उन्होंने ठान लिया कि वे सब कुछ करेंगे किन्तु आन्दोलनजीवी किसानों से संवाद नहीं करेंगे, तो उन्होंने अब तक नहीं किया। मोदी जी एक-एक दिन में चार राज्यों में चुनावी रैलियां करते हैं लेकिन किसानों से संवाद नहीं करते। उन्हें पता है कि यदि बात करेंगे तो किसानों को भी गारंटी देना पड़ेगी और मोदी जी के पास किसानों को देने के लिए कुछ बचा नहीं है। सब कुछ अडानी, अम्बानी और मोदियों की फौज पहले ही लूट-पाट चुकी है। मोदी जी ने गारंटी नहीं दी इसीलिए आप देख लीजिये कि कल शेयर बाजार में एक झटके में आम जनता के साथ अडानी जी के भी 13 लाख करोड़ रुपए स्वाहा हो गए। 13 लाख करोड़ रुपए कुछ होते हैं, लेकिन किसी को भी इस होम का धुंआ उठता नहीं दिखाई दे रहा है। न भाजपा बोली और न कांग्रेस। बाकी की तो बोलने की हैसियत ही नहीं बची है। देश के किसान पहले एक साल दिल्ली के बाहर डेरा डेल रहे, सात सौ किसानों की जान चली गयी किन्तु किसी किसान को न तब किसी सियासत ने एमएसपी की गारंटी दी और न आज एक माह से ज्यादा से दिल्ली के बाहर डेरा डेल किसानों को कोई गारंटी देने के लिए तैयार है। मोदी जी किसानों की रैली के जबाब में दिल्ली में पार्टी के लिए रैली कर सकते हैं किन्तु किसानों को जरा सी गारंटी नहीं दे सकते, क्योंकि जानते हैं की किसान उनका, उनकी पार्टी का और उनकी सरकार का बाल भी बांका नहीं कर सकते। देश में गारंटी की राजनीति के जनक माननीय नरेंद्र मोदी की गारंटियों के जबाब में कांग्रेस ने भी चुनाव से पहले नारी न्याय गारंटी योजना का ऐलान किया है। इसके तहत गरीब महिलाओं को एक लाख सालाना मदद, सरकारी नौकरी में 50 फीसदी आरक्षण का वादा कर दिया है।कांग्रेस को भी पता है कि न नौ मन तेल होगा, न राधा नाचेगी। अर्थात न कांग्रेस कि सरकार बनेगी और न महिलाओं को दी गारंटी पूरी करना पड़ेगी। कांग्रेस इलेक्टोरल बांड के जरिये उतना कमा ही नहीं पायी कि सरकार बना ले। कांग्रेस के प्रति अब तो सहानुभूति जताने में संकोच होता है। कमाई का डाटा केंचुआ कि वेब साइट पर आजकल में मिल जाएगा। राजनीति में गारंटी ने बहुत कुछ बदला है। अब देखिये न लोकसभा चुनाव में टिकिट की गारंटी न मिलने पर कितने लोगों ने अपनी सियासी बल्दियत बदल डाली। कुछ भाजपा छोड़ कांग्रेस में चले गए और कुछ कांग्रेस छोड़ भाजपा में चले गए। देश में इस समय दल-बदल के लिए भाजपा और कांग्रेस ही दो प्रमुख ठिकाने है। यहीं गारंटी से सियासत करने की सुविधा है। बाकी के क्षेत्रीय दलों की गारंटी पर कोई ज्यादा यकीन करता नहीं। देश की जनता जब चड्डी-बनियान तक पर गारंटी मांगती है तो उसे यदि सियासत में गारंटी मिल रही है तो उसे आखिर क्यूँ कर नकारेगी? काश कि इस गारंटी में चड्डी-बनियान की तरह खराबी निकलने पर सरकार और प्रधानमंत्री बदलने का भी प्रावधान शामिल होता, लेकिन नहीं है ! देश में एक दशक से चड्डी-बनियान वालों कि सरकार है, किसी ने उसे बदला? फिलहाल लोगों को इस बात पर यकीन करना चाहिए कि देश में ये अंतिम आम चुनाव नहीं है। सरकार की और से गारंटी दी जा रही है कि 2029 में फिर चुनाव होंगे और एक देश, एक चुनाव की तर्ज पर होंगे। मोदी सरकार देश में सब कुछ एक देश की तरह एक करना चाहती है। जैसे एक कानून, एक चुनाव, एक नेता, एक भाषा, एक बोली, एक खानपान, एक परिधान, एक राष्ट्रगान, तीन रंग के बजाय एक रंग का निशान, एकांगी संविधान और एक भगवान। अब देखिये कब तक देश एकाकार होता है? हम भी फिलहाल यहीं हैं और आप भी। जय सियाराम।

## संक्षिप्त खबरें

### आपसी विवाद मे महिला को पीटा, किया जख्मी

बनियापुर। सहाजितपुर थाना क्षेत्र के मानोपाली गाव मे घर से भैस निकालने के विवाद मे पड़ोस के लोग ने महिला के साथ मारपीट कर जख्मी कर दिया,जिसमे महिला के ब्यान पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। घटना के संबंध मे पीड़ित रीना देवी ने स्थानीय राजेश कुमार अजित कुमार महेश कुमार को नामजद करते प्राथमिकी दर्ज कराया गया है।

### चलाया गया चेकिंग अभियान

छपरा। यातायात सुरक्षा को लेकर छपरा में जिला परिवहन पादधिकारी के नेतृत्व में सघन हेलमेट एवं ड्राइविंग लाइसेंस चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान में कुल 33 वाहन चालकों से 109000 रुपये फाइन की वसूली की गई। आम लोगों को यातायात के नियमों के पालन हेतु लगातार विभिन्न माध्यमों से जागरूक किया जा रहा है।

### इसुआपुर पुलिस ने देसी शराब किया बरामद

इसुआपुर। स्थानीय पुलिस ने थाना क्षेत्र के उसुरी कला गांव से गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर 10 लीटर देशी शराब बरामद किया। वहीं धन्देबाज केसीया कुंवर तथा लालबाबू मांझी पुलिस को देखकर भागने में सफल रहे। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष टिंकू कुमार,अपर थानाध्यक्ष कुंदन कुमार के साथ पुलिस बल थी।

# महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र में सर्वांगीण विकास हुआ है : सिग्रीवाल

- सबका साथ सबका विश्वास सबका प्रयास हमारा मुलमंत्र

प्रात : किरण संवाददाता




बनियापुर। महाराजगंज लोक सभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हुआ है,जन जन की सेवा किया है एक सेवक के रुओ मे काम किया, यह बाते सांसद सिग्रीवाल ने कही, स्थानीय प्रखड़ के कन्हौली संग्राम मे गंडकी नदी पर बने लगभग 10 लाख की लागत से सुंदर भव्य छठ घाट का उद्घाटन करते महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने किया जहा उन्होंने आम जन मानस एव मतदाताओ से मोदी सरकार द्वारा देश हीत मे लिए कई फैसलों का जिक्र करते मतदान की अपील भी किया, उन्होंने महाराजगंज निर्वाचन क्षेत्र के अनेको विकास कार्य की चर्चा किया, जहा बनियापुर जलालपुर मसरख के भाजपा कार्यकर्ताओ एव अपने सभी कार्यकर्ताओ ने मिशनमॉड चुनाव के लिए तैयार रहने की आवश्यकता पर बल दिया चुकी कभी भी चुनाव का नोटफिकेशन जारी हि सकता है।मौके पर भजपा बीरेंद्र कुमार ओझा नेता बृजमोहन सिंह शैलेन्द्र पाण्डेय संजीव कुमार भजपा नेता दीपू चतुवेदी गुडू चौधरी आदि भारी संख्या मे कार्यकर्ता गणमान्य शामिल थे।

## मुर्गा दुकान में लगी आग

प्रात : किरण, संवाददाता

परसा। स्थानीय थाना क्षेत्र के माड़र बाजार के समीप मुर्गा दुकान में बिजली की शार्ट सर्किट से लगी आग.जिससे नगद समेत लाखो लाखो रुपये का समान जलकर हुआ खाक.ग्रामीणों द्वारा आग बुझाने का प्रयास किया गया.लेकिन आग की लपेट इतनी तेज थी कि आग पर काबू पाना मुश्किल था.जिसके बाद दमकल को सूचना दिया गया.सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ी मौके पर पहुँची.और काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया.जब तक आग पर काबू पाया जाता तबतक दुकान में रखे सारे समान जलकर रख हो गया. इस संबंध में दुकान मालिक इरफान अंसारी ने बताया पहले साइबर कैफ का दुकान चलाते थे.कुछ माह पहले साइबर कैफ का दुकान बंद कर मुर्गा का दुकान खोले, जिसका सारी समान मुर्गा के दुकान में रखे गये थे।

## एकमा में बरौनी ग्वालियर एक्सप्रेस का हुआ ठहराव



- सांसद ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

प्रात : किरण, संवाददाता

एकमा । क्षेत्र वासियों कि वर्षो से चिर परिचित मांग को सांसद ने किया पूरा लगातार दर्जनों से अधिक ट्रेनों का ठहराव हुआ आरम्भ एकमा स्टेशन को अमृत भारत में शामिल कराकर स्टेशन का सौंदर्यीकरण प्लेटफार्म कि लम्बाई चौड़ाई का विस्तार शौचालय पेयजल वेटिंग रूम 100 फीट की ऊंची राष्ट्रीय ध्वज वाई-फाई से लैस के साथ अन्य यात्री सुविधाओं का विस्तार हो रही है ।जिससे एकमा ही नहीं आसपास के कई प्रखंड वासियों के लिए मिल का पत्थर साबित हो रहा है। इस क्षेत्र के लोग जब चाहे कहीं के लिए यात्रा करना नामुमकिन नहीं मुमकिन हो गया है । सांसद ने महाराजगंज एकमा मशरख का चौमुखी विकास कर इन स्टेशनो को बड़े-बड़े स्टेशनों के लाइन में लाकर खड़ा कर दिया है ।जिसे क्षेत्र कि जनता आज उन्हें विकास पुरुष में जानते हैं ।इसके पूर्व एक सभा का आयोजन हुआ जिसमें भाजपा के जिला उपाध्यक्ष चैतेन्दर नाथ सिंह वीरेंद्र पांडेय समाजसेवी व सफल व्यवसायी योगेन्द्र शर्मा श्री सुर्य नंदन शाही पप्पू सिंह जितेंद्र पांडेय टिका बाबा भोला जी आदि वक्ताओं ने संबोधन किया ।इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने कहा कि एकमा के पुर्वज एकमा ही नहीं हमारे लिए भी आदरणीय है। उनके कत्थक प्रयास से एकम एवं एकमा बाजार आज कोई क्षेत्र में धरोहर के रूप में विकसित होते जा रहा है मैं उन पर्वतों को नमन करता हूं जिन्होंने एक मां के विकास में अपनी योगदान दिया है हाल ही में देश के प्रधानमंत्री ने वन स्टेशन वन प्रोडक्ट्स की घोषणा किया है जिसमें भी एक में भी शामिल है जहां आप स्टेशनों पर लोकल प्रोडक्ट्स भी बिक्री होगी । और देश के सभी प्रमुख स्टेशनों पर लोकल सामानों की भी बिक्री होगी । एकमा स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या दो भी एक नंबर जैसा ही आने वाले दिनों में बनकर तैयार हो जाएगा जहां दोनों प्लेटफार्म पर ट्रेनों का टिकट मिलेगी । वहीं ट्रेनों विस्तार के बारे में बताया कि यहां पर अब जब चाहे देश के किसी भी हिस्सा में जा सकते हैं।

# पति ने पत्नी व बेटी को मौत के घाट उतार

- दो साल की पुत्री एवं अपने को भी किया जख्मी

प्रात : किरण, संवाददाता

एकमा। रसूलपुर थाना क्षेत्र का अतसरन पंचायत के चपरईठा गांव में बीती रात्रि के समय आपसी विवाद में एक पति ने अपने पत्नी व बेटी को चाकू से प्रहार कर मौत का घाट उतार दिया साथ ही ।साथ ही तीन साल की पुत्री एवं अपने को भी चाकू से प्रहार कर बुरी तरह जख्मी हो। जहां परिजनों ने इलाज हेतु एकमा समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया जिनमें 30 वषिय बिट्टू बिन पत्नी 25 वर्षीय आरंभ देवी 12 वर्षीय पुत्री चंचल कुमारी तथा दो वर्षीय पुत्री अंशिका कुमारी इलाज हेतु भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने पत्नी रंभा देवी एवं पुत्री चंचल कुमारी को मृत घोषित कर दिया। वहीं बिट्टू एवं अंशिका कुमारी को रेफर कर दिया ।परिजनों ने बताया कि बिट्टू बिन कोलकाता में रहकर प्राइवेट नौकरी करता था । वह बुधवार के दिन अपने घर आया था बृहस्पतिवार के दिन आपसी विवाद में पत्नी व बेटी चंचल कुमारी को चाकू से गोदकर मौत का घाट उतार दिया। जहां डॉक्टरों ने घायलों का बेहतर इलाज हेतु रेफर कर दिया।

# छः साल के नन्हा रोजदार ने रमजान का पहला रोजा रखा

प्रात : किरण, संवाददाता



छपरा। मुस्लिम समुदाय का पवित्र महीना रमजान मंगलवार से शुरू हो गया है, बता दें कि रमजान के महीना में अल्लाह हर एक नेकी के बदले कई गुणा नेकियों का सवाब अता फरमाते हैं। इसी कड़ी में स्थानीय नई बाजार निवासी मोहम्मद आसिफ खान के 6 वर्षीय पुत्र मोहम्मद आतिफ खान ने रमजान का पहला दिन बड़ों के साथ-साथ मासूम बच्चों ने भी रोजा रखकर शबाब हासिल किया है,और अल्लाह की इबादत कर रहे हैं। इस संबंध में नन्हा रोजदार मोहम्मद आतिफ ने बताया कि रोजा रखने से अल्लाह खुश होते हैं, बच्चों ने बताया कि रमजान के माह में रोजा रखने से अल्लाह हर एक नेकी के बदले 70 नेकियों का सवाब अता फरमाते हैं।

## इस बार केंद्र में पुन: 400 के ज्यादा सीटों के साथ भाजपा की सरकार बननी तय : तारकिशोर प्रसाद




प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद अपने एक दिवसीय प्रवास के दौरान पार्टी के द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत कर लोगों से बातचीत किए एवं संबोधित किया अपने कार्यक्रम की शुरूआत पार्वती आश्रम में पूजा अर्चना के साथ की उसके बाद जिला परिषद सभागार में व्यवसाईयों के समूह के साथ आवश्यक बैठक बातचीत एवं समस्याओं को समझा एवं उन्हें संबोधित किया बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह ने किया संचालन महामंत्री शत्रुघन भक्त, मालाकार एवं कार्यक्रम के प्रभारी व जिला महामंत्री धर्मेंद्र कुमार साह ने धन्यवाद ज्ञापन किया। जिसमें शहर के प्रसिद्ध व्यवसाईयों ने भाग लिया ।साथ ही नगर निगम के मेयर लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने भी अपना विचार रखा। उसके बाद प्रकाश आनामेंट्स कार्यालय में लाभार्थियों को संबोधित किया एवं शक्ति वंदन कार्यक्रम में भाग लिया तथा उपस्थित लाभार्थियों एवं मातृशक्ति को संबोधित किया तथा उपस्थित पत्रकारों से बातचीत भी किया फिर उसके बाद आरडीएस विद्यालय के प्रांगण में सुक्ष्म लघु उद्योमियो से बातचीत की उनकी समस्याओं को समझा एवं उनको संबोधित किया तथा केंद्र की योजनाओं को विस्तृत रूप से उनके साथ चर्चा की तत्पश्चात जिला भाजपा संपर्क कार्यालय में भाजपा प्रकोष्ठ के संयोजकों के साथ बैठक की बैठक में अगामी कार्यक्रमों के बारे में पदाधिकारी के साथ चर्चा की तथा इसकी रूपरेखा तैयार की गई।

## भरतमिश्र-संस्कृत-महाविद्यालय द्वारा चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान




- जागरूकता रैली में शामिल प्राचार्या एवं अन्य

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा सदर गुरुवार को भारत मिश्र संस्कृत महाविद्यालय छपरा में मतदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।इस कार्यक्रम के अन्तर्गत महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं सभी कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओ द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। जो विभिन्न मार्गो से होते हुए पुनः महाविद्यालय आकर समाप्ति हुई। मतदाता जागरूकता अभियान की उद्घाटन भरते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ आभा कुमारी ने कहा कि लोकतंत्र का आधार ही मताधिकार है। अतः मतदाताओं को इस विषय में जागरूक करना अत्यन्त आवश्यक है। जिससे वे अपनी स्व-विवेक से मताधिकार का प्रयोग कर सके। इसमें पहली बार मत- दान करने वाले मतदाताओं को मतदान हेतु शपथ दिलाई गई। उक्त अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. आभा कुमारी, विनोद कुमार पाण्डेय तथा प्रभावती देवी एवं

# सीएस ने फैमिली प्लानिंग कार्यक्रम के अंतर्गत बनियापुर को सर्वश्रेष्ठ आवार्ड से किया सम्मानित

- देख- रेख मे विधि व्यवस्था सहित अब नजर आ रहा हैं हर तरफ विकास

प्रात : किरण, संवाददाता



बनियापुर। बनियापुर के रेफरल अस्पताल बनियपुर मे चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. एमएम जाफरी के कार्य के प्रति समर्पण निष्ठा के. चलते अस्पताल मे विकासात्मक गतिविधियों का एक न्या आयाम मिला है,वही अस्पताल का सभी कर्मी ससमय अपने कार्य मे निष्ठापूर्वक पहुंच जाते है साथ ही ओ टी समय से चलता है रोगोयो को दवा सामग्री का वितरण होता है। वही अस्पताल के समस्त गतिविधिया ससमय संचालित हो रही है। वही जब से प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के पद पर डा जाफरी ने योगदान किया तब से अस्पताल के चिकित्सीय गतिविधियों मे व्यापक सुधार हुआ है। इसी को लेकर व जिले मे फैमली प्लानिंग के क्षेत्र उत्कृष्ठ कार्य के लिए बनियापुर की कार्य सराहना करते सर्वश्रेष्ठ आवार्ड से नवाजा गया है, जिस को लेकर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा सभी एनएम आशा फैसिलेटर जी एन एम,सी एच ओ को दिल से बधाई देते कहा की कोई कार्य दिल से ईमानदारी से टीम भावना से कार्य करते है तो प्रतिफल अच्छा आता है। डा एम एम जाफरी के सफल देख रेख मे विधि व्यवस्था सहित अब हर तरफ विकास नजर आ रहा,आने वाले दिनो मे रेफरल अस्पताल का चाउमुखी विकास की उम्मीदें आम जनता को जुड़ी है।

## भेल्दी में करंट लगने से राज मिस्त्री की हुई मौत

प्रात : किरण, संवाददाता

भेल्दी(सारण)। अमनौर-परसा एसएच 73 पर सोनहो नोनिया व दलित बस्ती के समीप घर का निर्माण कर रहे एक राज मिस्त्री की बिजली प्रवाहित तार की चपेट में आने से वह बुरी तरह झुलस गया।परसा सीएचसी में इलाज के दौरान राज मिस्त्री की मौत हो गई।मृतक चन्द्रमा महतो(35) भेल्दी थाने के सोनहो गांव निवासी स्व रामधारी महतो का पुत्र बताया जाता है। मिली जानकारी के अनुसार भेल्दी थाने के सोनहो गांव के राज मिस्त्री चन्द्रमा महतो अपने गांव के ही एक ब्यक्ति के घर का निर्माण कर रहा था।वह छत पर लोहे की एक पाइप को जैसे ही खड़ा किया कि बिजली प्रवाहित तार की चपेट में आ गया।तार की चपेट में आते ही वह झुलस कर अचेत होकर गिर पड़ा।

# एक वोट में बहुत ताकत है: प्रो.अनिल

- मेरा पहला वोट राष्ट्र के लिए, कार्यक्रम से मतदान के महत्व को दिया बढ़ावा

प्रात : किरण, संवाददाता




छपरा। गुरुवार को जय प्रकाश विश्वविद्यालय के स्नात्तकोत्तर राजनीति विज्ञान विभाग के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमे पुरे विश्विद्यालय कैंपस में शिक्षक, छात्र, छात्रा रैली निकाली गई। पहली बार मतदान करने के योग्य युवाओं को बूथ तक लाने की पहल। मेरा पहला वोट राष्ट्र के लिए कार्यक्रम से मतदान के महत्व को बढ़ावा। देने हेतु विश्वविद्यालय अलग-अलग जगहों पर कर रही है ।कार्यक्रम एक युवा देश के तौर पर भारत की पहचान काफी उत्साहवर्धक है। इस अवसर पर सोशल साइंस संकाय के डिन प्रो (डॉ )अनिल कुमार सिंह ने कहा की 2024 के लोकसभा चुनावों में पहली बार मतदान करने के योग्य हुए मतदाताओं की संख्या 1.84 करोड़ है जबकि कुल मतदाता 96.8 करोड़ हैं। फरवरी 2024 के आंकड़े बताते हैं कि 1 करोड़, 84 लाख, 81 हजार, 610 मतदाताओं की उम्र 18 से 19 वर्ष है। यही वजह है कि इन युवाओं को मताधिकार का उपयोग जरूर करने के लिए प्रेरित करने का अभियान चलाया जा रहा है। ह्यमेरा पहला वोट देश के लिएह्ल नाम से यह पहल युवा मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से शैक्षणिक संस्थानों से लेकर अन्य उचित जगहों पर चलाई जा रही है। आपके एक वोट में बहुत ताकत है ।समाज के सभी लोगों से पहली बार मतदान करने वाले युवाओं के बीच ह्यमेरा पहला वोट राष्ट्र के लिएह्ल अभियान के बारे में जागरूकता फैलाने का आग्रह किया है। विभाग अध्यक्ष प्रो विभु कुमार ने कहा की सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म पर भी अभियान ह्यमेरा पहला वोट राष्ट्र के लिएह्ल युवाओं से प्रचार करने की अपील की। आइए हम अपनी चुनावी प्रक्रिया को और अधिक सहभागी बनाएं। मैं समाज के सभी लोगों से आग्रह करता हूं कि वे अपने तरीके से पहली बार मतदान करने वाले युवाओं के बीच संदेश फैलाएं - मेरा पहला वोट राष्ट्र के लिए! प्रो संजय पाठक ने कहा कि ह्यमेरा पहला वोट राष्ट्र के लिए अभियान। उच्च शिक्षण संस्थानों में ह्यमेरा पहला वोट देश के लिएह्ल नामक एक कार्यक्रम आयोजित की गई है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हमारे देश के युवा चुनावों में बढ़-चढ़कर भाग लें। युवाओं और पहली बार मतदान करने वालों से बड़ी संख्या में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।

## वाहन पलटने से एक की मौत

प्रात : किरण, संवाददाता

दाउदपुर। छपरा-सिवान मुख्य मार्ग (एनएच 531) पर बुधवार की रात जैतपुर एवं बेलदारी गांव के बीच भोला ढ़ाला के समीप चक्का ब्लास्ट कर जाने के कारण स्कॉर्पियो पलट गई। जिसमें सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि चालक समेत चार अन्य साथी गंभीर रूप जख्मी हो गए। वहीं स्पीड काफी अधिक होने के कारण स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए। घटना में मृत व्यक्ति डोरीगंज थाना क्षेत्र के इसरौवा गांव निवासी स्व. विदेश्वरी राय का पुत्र अभिषेक कुमार बताया जाता है। जबकि जख्मी लोगों में महाराजगंज के महेश राय का पुत्र अजित राय, मुफ्फसिल थाना छपरा के रमाकांत राय का पुत्र पवन कुमार एवं डोरीगंज थाना क्षेत्र के सिंगही गांव के वकील राय का पुत्र गुड्डू कुमार व एक अन्य शामिल हैं। बताया जाता है कि स्कॉर्पियो में सवार सभी लोग रात में करीब साढ़े बारह बजे महाराजगंज से एक शादी समारोह में शामिल होकर डोरीगंज लौट रहे थे। इसी दौरान दाउदपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत भोला ढ़ाला के समीप अचानक वाहन का एक चक्का ब्लास्ट कर गया और तेज रफ्तार वाहन असंतुलित होकर सड़क किनारे खाई में जाकर पलट गई। घटना की सूचना मिलने के बाद गश्ती में निकले दाउदपुर थाने के एएसआई संतोष कुमार अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए और जख्मियों को इलाज के लिए एकमा पीएचसी में ले जाकर भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान गंभीररूप से जख्मी अभिषेक कुमार ने दम तोड़ दिया। वही हादसे में गंभीर रूप से जख्मी दो लोगों को चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। इस बीच पुलिस ने घटना की सूचना परिजन को दी। गुरुवार को पुलिस ने हादसे में क्षतिग्रस्त वाहन को जब्त कर थाने पहुंची। बताया जाता है कि हादसे में मृत युवक के परिवार में हाहाकार मचा हुआ है।

# स्वच्छ समाज के बिना स्वस्थ जीवन की कल्पना करना संभव नहीं : प्रो. आदित्य चंद्र झा

- महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो. मो. अंजर आलम ने एनएसएस स्वयंसेवकों की सक्रियता की तारीफ करते हुए कहा कि आप देश के भविष्य हैं व आपकी निष्ठा और लगन को देखकर मैं अभिभूत हूँ

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। गंगा सिंह महाविद्यालय छपरा में संचालित हो रहे एनएसएस स्पेशल कैम्प 12 मार्च से 18 मार्च 2024 चलने वाले कार्यक्रम के तीसरे दिन कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ कमाल अहमद के नेतृत्व में एनएसएस स्वयंसेवक और स्वयं सेविकाओं ने गोद लिए गए गांव मलिन बस्ती दहियावां टोला, छपरा में स्वच्छता जागरूकता रैली निकालकर स्थानीय निवासियों के बीच जागरूकता कैम्पेन चलाया। एनएसएस स्वयंसेवकों के लिए आयोजित इस विशेष शिविर के बौद्धिक सत्र में महाविद्यालय के पूर्व प्रभारी प्राचार्य और चर्चित इतिहासकार प्रो डॉ आदित्य चंद्र झा ने ह्यस्वच्छ भारत श्रेष्ठ भारतह्ल विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने सिंधु घाटी सभ्यता, वैदिक सभ्यता, स्वतंत्रता आंदोलन और वर्तमान समय के बीच स्वच्छता के प्रति नागरिक दायित्यों का क्रमवार विश्लेषण करते हुए कहा कि स्वच्छ समाज में ही स्वस्थ जीवन का वास हो सकता है। उन्होंने ग्लोबल वार्मिंग की चुनौतियों और हरित आवरण क्षेत्र के विस्तार की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक का यह प्राथमिक कर्तव्य है कि वह स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण के निर्माण में सहायक बने। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो मो अंजर आलम ने एनएसएस स्वयंसेवकों की सक्रियता की तारीफ करते हुए कहा कि आप देश के भविष्य हैं, और आपकी निष्ठा और लगन को देखकर मैं अभिभूत हूँ। उन्होंने कहा कि इस विशेष शिविर में आप एक अनुशासित शिक्षार्थी के रूप में जीवन के विभिन्न अनुभवों और अनुशासनों से गुजरेंगे, यही आपकी सफलता और भविष्य के निर्माण का आधार होगा। इस अवसर पर महाविद्यालय शिक्षक संघ के सचिव डॉ संतोष कुमार सिंह ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि इस शिविर में आकर आप नए-नए ज्ञान और अनुभवों से अपनी शिक्षा और सोच का दायरा बढ़ा रहे हैं। जबकि डॉ हरिमोहन पिंटू, डॉ दिनेश कुमार और डॉ धर्मेंद्र कुमार सिंह ने भी बच्चों को संबोधित करते हुए सामाजिक दायित्वों और सामुदायिक सेवा के प्रति निष्ठा के विभिन्न आयामों की चर्चा की। एनएसएस के इस विशेष शिविर में आज 40 से अधिक स्वयंसेवकों की सक्रिय सहभागिता रही। इन सभी कार्यक्रमों में महाविद्यालय के कई प्राध्यापकों की सक्रिय उपस्थिति भी रही।

# शहर की मुख्य सड़क होली के पहले दुरुस्त करने का पदाधिकारियों को छपरा विधायक का स्पष्ट निर्देश

प्रात : किरण, संवाददाता



छपरा। शहर के ब्रह्मपुर से लेकर गांधी चौक तक की मुख्य सड़क पर उड़ती धूल और गढ़ेनुमा सड़क को ठीक करने के लिए पथ निर्माण विभाग एवं बुडको के पदाधिकारियों के साथ विधायक डॉ सी एन गुप्ता ने बैठक करके होली के पहले मुख्य सड़क को ठीक करने का स्पष्ट निर्देश दिया। विधायक ने उपस्थित पदाधिकारी से पूछा कि आखिर क्यों आपसी तालमेल के साथ काम नहीं हो रहा है,कहां रुकावट आ रही है और कहां-कहां आपको दिक्कत हो रही है.आपसी तालमेल से काम नहीं करने से आमजन को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है जो बर्दाश्त के बाहर है. विधायक ने कहा की यहां सरकार लोगों की सुविधाओं को उच्च प्राथमिकता देने के लिए प्रतिबद्ध है और विभाग की लापरवाही से आमजन को अगर यह ना मिले तो यह बिल्कुल ही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. विधायक ने कहा कि काम कल से ही शुरू हो जाना चाहिए और मैं खुद ग्राउंड स्तर पर इसकी मॉनिटरिंग करूंगा कि कहां-कहां काम हुआ.पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता ने आने वाले 10 दिनों में शहर की सड़को को ठीक करने का आश्वासन दिया. इस दौरान पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता समेत बुडको के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# 52वीं सीनियर महिला नेशनल हैंडबॉल में भाग लेने बिहार टीम दादर नागर हवेली रवाना

प्रात : किरण, संवाददाता



मशरक। दादर नागर हवेली में 16 से 20 मार्च तक आयोजित 52 वी सीनियर महिला नेशनल हैंडबॉल में भाग लेने वाली 18 सदस्यीय बिहार टीम पटना जंकशन से रवाना हुई। टीम में सारण से तीन बेटियां बिहार टीम में शामिल है। बिहार हैंडबॉल संघ के महासचिव ब्रजकिशोर शर्मा ने बताया कि चयनित बिहार टीम का 15 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर दरभंगा हैंडबॉल संघ द्वारा पुनहद दरभंगा में लगाया गया। दरभंगा हैंडबॉल के सचिव रविन्द्र प्रसाद सिंह के देखरेख में बिहार पुलिस के एन आई एस कोच वरुण कुमार ने टीम को प्रशिक्षण दिया। वही से खिलाड़ियों को खेल पोशाक देकर दादर नागर हवेली के लिए रवाना किया गया। बिहार टीम कोच वरुण कुमार जबकि टीम मैनेजर राजेश कुमार को बनाया गया है । सिवान की राष्ट्रीय खिलाड़ी राधा कुमारी के नेतृत्व में बिहार टीम में सारण से पुष्पा कुमारी, मनीषा कुमारी, निधि कुमारी बेगुसराय से सुषमा कुमारी, प्रिया कुमारी, कोमल कुमारी पटना से रोहिणी कुमारी, मानसी कुमारी, सिमरन कुमारी, शेखपुरा से अंजली कुमारी, छोटी कुमारी, लखिसराय से कोमल, दरभंगा से पुष्पा, किस्मत, पिंकी, रचना, शिवानी शामिल है।

## पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत महिलाओं को दिया गया सिलाई मशीन

प्रात : किरण, संवाददाता। छपरा। भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ के द्वारा छपरा में लाभार्थियों से संपर्क एवं नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने किया। समारोह का उद्घाटन दीप प्रचलित कर पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकेश्वर प्रसाद, भाजपा के जिला अध्यक्ष रणजीत सिंह, छपरा नगर निगम की पूर्व मेयर व भारतीय जनता पार्टी नगर निकाय प्रकोष्ठ की उपाध्यक्ष राखी गुप्ता, चरण दास, विकास कुमार गुप्ता, श्याम कुमार, विजय कुमार, सोना सिंह, विनय कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रणजीत सिंह ने कहा कि मोदी सरकार के द्वारा दी जा रही योजनाओं का लाभ लाभार्थियों को दिया जा रहा है। लाभार्थियों से जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक वरुण प्रकाश राजा ने बताया कि पिछले दो वर्षों से हमारे प्रांगण में बिहार सरकार एवं राज्य सरकार की सभी योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुंचा जा रहा है। 96 हजार से अधिक लोगों ने लाभ प्राप्त किया है। बिहार सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकेश्वर प्रसाद ने कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार जन-जन के लिए योजना चल रही है। लोगों को सरकार पर पूरा भरोसा है। गारंटी के साथ सभी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचा जा रहा है। बड़ी संख्याओं में महिला का उपस्थित होना यह बताता है महिलाओं का साथ नरेंद्र मोदी जी के साथ है। महिलाओं को आज सिलाई के साथ-साथ, आयुष्मान कार्ड और राशन कार्ड दिया गया है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



# एसडीएम ने विद्यालय का किया औचक निरीक्षण विद्यालय के पठन-पाठन की बच्चों से ली जानकारी

## विद्यालय निरीक्षक के दौरान बच्चों के साथ जमीन पर बैठकर पढ़ाने लगे डेहरी एसडीएम सूर्य प्रताप सिंह

प्रात : किरण संवाददाता



रोहतास। कोई भी व्यक्ति अपने पद और प्रतिष्ठा से तो बड़ा होता है ही लेकिन अपने व्यक्तित्व और स्वभाव से महान बन जाता है। उच्च पद पर कार्यरत होने के बावजूद भी आम-जन से जुड़कर उनकी समस्याओं का निदान करना कोई भी व्यक्ति को महान बना देता है। दरअसल हम बात कर रहे हैं ऐसे एक आईएएस अधिकारी की जिनका स्वभाव बिल्कुल ही सरल है। 2021 बैच के इस आईएएस अधिकारी सूर्य प्रताप सिंह फिलहाल रोहतास के डेहरी अनुमंडल पदाधिकारी के पद पर पदस्थापित है।

आज डेहरी अनुमंडल पदाधिकारी सूर्य प्रताप सिंह द्वारा औचक निरीक्षण के दौरान डेहरी के एक सरकारी विद्यालय में पहुँचे। जहाँ उन्होंने विद्यालय के क्लासरूम में बच्चों के साथ जमीन पर बैठकर उनसे सवाल पूछे और उसके बाद शिक्षक की भूमिका में बच्चों को ब्लैक बोर्ड पर लिखकर पढ़ाने लगे। एसडीएम ने बच्चों से कई सवाल पूछे जिसका बच्चों ने भी बखूबी सही जवाब दिया। उसके बाद एसडीएम ने विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों को कई जानकारियाँ भी दी और उन्हें अपने जैसे उच्च पद के अधिकारी बनने की प्रेरणा भी दी। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने शिक्षकों से भी बच्चों की पढ़ाई से संबंधित कई जानकारियाँ ली और उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। बच्चों ने भी एक आईएएस अधिकारी को शिक्षक के रूप में अपने विद्यालय में देखकर काफी खुश हुए और एसडीएम के साथ बेहिचक बातें भी की। एक आईएएस अधिकारी अपने ताम- झाम को छोड़कर एक आम शिक्षक की तरह विद्यालय में पहुँचे और बच्चों को पढ़ाने लगे। एसडीएम को पढ़ाता देखकर विद्यालय में कार्यरत शिक्षक भी अचंभित रह गए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने विद्यालय में पठन-पाठन एवं सुविधाओं का जायजा भी लिया। इस संबंध की जानकारी देते हुए एसडीएम सूर्य प्रताप सिंह ने कहा कि आज उनके द्वारा विद्यालयों का निरीक्षण किया गया है। जिसमें बच्चों के पठन-पाठन की गुणवत्ता,मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि इस विद्यालय में सारी बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर मौजूद है। इसके साथ ही बच्चे भी उपस्थित हैं और रोस्टर के अनुसार विद्यालय के शिक्षक भी विद्यालय में मौजूद है। वहीं उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान हम लोग देखते हैं कि बच्चों को वास्तविकता में कितनी जानकारी है विद्यालय में बच्चों को जो पढ़ाया जा रहा है इसका उन्हें ज्ञान है या नही। इसके साथ ही शिक्षकों द्वारा पढ़ाये गए विषय पर सवाल पूछा जाए तो वह बिना भय के उचित जवाब दे सके। इसे पता चलता है कि हमारे बच्चे सही दिशा में पढ़ाई कर रहे हैं। इसीलिए निरीक्षण के दौरान बच्चों से सवाल पूछे जाते हैं।

# डीएम और एसपी ने अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ की बड़ी कार्रवाई

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। जिले में भोजपुर प्रशासन की अवैध खनन और परिवहन की लगातार चल रही कार्रवाई के तहत आज तड़के लगभग 04:00 बजे पुलिस अधीक्षक तथा जिलापदाधिकारी और सहायक पुलिस अधीक्षक-सह-अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर आरा और खनन के संयुक्त कार्रवाई दल में शामिल सभी पदाधिकारी और सशस्त्र बलों एवं एस०एस०बी०के साथ अवैध खनन और परिवहन के विरूद्ध संयुक्त कार्रवाई की गई।

इस कार्रवाई में प्राप्त जानकारी के अनुसार अभी तक अवैध चालान और ओवरलोडेड लगभग 80 से ज्यादा ट्रक और ट्रैक्टर को जप्त किया गया।जिनसे लगभग 04 करोड से ज्यादा राजस्व की वसूली की संभावना है। बताया गया की भोजपुर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में लगातार भोजपुर पुलिस अवैध खनन और परिवहन के विरूद्ध कार्रवाई कर रही हैं और जो भी इससे संबंधित अपराधी तत्व या माफिया तत्व हैं उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करते हुए न सिर्फ राजस्व की वसूली की जायेगी बल्कि नए अपराध नियंत्रण कानून-2024 के तहत कार्रवाई भी सुनिश्चित की जायेगी। इस कार्रवाई में जिले के बाहर की भी अवैध खनन से संबंधित गाड़िया जप्त हुई हैं। जिला प्रशासन ने बताया की इसके अतिरिक्त इस कार्रवाई के दौरान संबंधित घाट को भी चिन्हित किया जाएगा, जहाँ से ओवरलोडेड या अवैधचालान से संबंधित या बिना चालान की गाड़ियाँ निकलती हैं और उनके खिलाफ भी सख्त विधि-सम्मत कार्रवाई की जायेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### डीजे की धुन पर अश्लील गाने बजाए, तो अब नहीं छोड़ेगी भोजपुर पुलिस

आरा। भोजपुर पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने पत्रकारों को बताया कि भोजपुर मे हुड़दंगअश्लील गाना डीजे बजाने पर कार्रवाई की जाएगी अक्सर कहा जाता है कि होली के अवसर पर गाने जाने वाले अश्लील लोकगीत व डीजे पर पूरी तरह से रोक लगाई जाएगी। लेकिन त्योहार शुरू होते ही यह बातें हवा हवाई साबित हो जाती हैं। कुछ गानों में इतनी अभद्रता होती है कि उन्हें सुनने में भी शर्म आ जाए। त्योहार पर ऐसे गानों को न बजाने को लेकर कानूनी प्रावधान बनाए गए हैं। पुलिस से व्हाट्सऐप और कॉल के जरिये संपर्क कर इस तरह के गानों को रोकने के भी नियम हैं। अब इस नियम को भोजपुर पुलिस पालन करते हुए नजर आएगी क्योंकि भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी पत्रकारों को दी और कहा कि अगर होली में अश्लील गाना बजा या हुड़दंग हुआ तो उन हुड़दंगयों का खैर नहीं है, उन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### स्मार्ट प्रीपेड मीटर बाईपास कर बिजली जलाना पड़ा महंगा

बिक्रमगंज(रोहतास)। बिक्रमगंज नगर परिषद बिक्रमगंज अंतर्गत कनीय विद्युत अभियंता नवदीप गोयल के नेतृत्व में कम खपत वाले उपभोक्ताओं का जांच हेतु एक जांच दल का गठन किया गया । जांच के क्रम में प्रीपेड मीटर को बाइपास कर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर तेन्दुनी के मो0 ईशा अंसारी पिता जिब्रील अंसारी पर 27 हजार 912 रुपये तथा कपिल मुनी साह पिता तरजेश्वर साह पर 9 हजार 136 रुपये राजस्व क्षति को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है । उपरोक्त उपभोक्ता के द्वारा मीटर बाईपास करने के कारण वास्तविक पठन अवरुद्ध हो रहा था । सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया है कि जो भी उपभोक्ता मीटर बाईपास कर विद्युत का उपयोग कर रहे हैं,वह दुरुस्त कर लें । साथ ही साथ जो व्यक्ति विद्युत संबंध नहीं लिए हैं ,वह अपना विद्युत संबंध ले लें तथा जिनका बकाया पर विद्युत कनेक्शन काटा जाता है तो बकाया राशि और रिकनेक्शन शुल्क जमा करने के पश्चात हीं विद्युत ऊर्जा का उपयोग करें अन्यथा पकड़े जाने पर आर्थिक जुमार्ना के साथ विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी ।

### अवैध बालू लदे एक ट्रक को पुलिस ने किया जब्त

नसरीगंज(रोहतास)। नासरीगंज पुलिस ने अवैध बालू लदे एक ट्रक को किया जब्त , मामले में ट्रक चालक गिरफ्तार । थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के पडूरी से अवैध बालू लदे एक ट्रक को पुलिस ने जब्त कर लिया । साथ ही साथ पुलिस ने ट्रक चालक को भी गिरफ्तार कर लिया है । उन्होंने कहा कि उक्त मामले में गिरफ्तार ट्रक चालक सासाराम मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अदमा निवासी चंद्रदेव कुमार बताया जाता है । उन्होंने कहा कि ट्रक चालक के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज करते हुए जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया । श्री कुमार ने कहा कि अवैध बालू लदे ट्रक के विरुद्ध कागजी प्रक्रिया पूरी कर संबंधित विभाग के वरीय अधिकारियों के पास रिपोर्ट भेज दी गई है । उन्होंने कहा कि जब्त ट्रक को स्थानीय पुलिस की निगरानी में रखा गया है ।

### सड़क हादसा में चिलहरी वार्ड सदस्य की मौत

डुमरांव (बक्सर) जिला क्षेत्र के चेनारी थाना स्थित सड़क हादसे में स्थानीय प्रखंड के चिलहरी पंचायत के वार्ड चार की वार्ड सदस्य मीना देवी 50 वर्ष पति रामलखन प्रसाद की मौत हो गई है।इसकी जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार वह अपने एक रिश्तेदार के बच्चे के मुंडन संस्कार में शामिल होने के लिए दुर्घटनाग्रस्त पिकअप पर सवार होकर जा रही थी। उनके मौत की खबर मिलते ही गांव में कोहराम मच गया है।

### तेज रफ्तार ट्रक ने महिला को रौंदा, मौत

सिमरी (बक्सर) रामदास राय के डेरा ओपी थाना क्षेत्र के नियाजीपुर में एक तेज रफ्तार ट्रक ने एक महिला को रौंद दिया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। दुर्घटना को अंजाम दे ट्रक चालक अपना वाहन छोड़ भागने में सफल रहा। घटना बुधवार सुबह 11 बजे की है। मृतका की पहचान नियाजीपुर लाल सिंह के डेरा गांव निवासी ललन यादव की 54 वर्षीय पत्नी उमा देवी के रूप में हुई। मिली जानकारी के अनुसार वह बुधवार को घर से बाजार जाने के लिए निकली थी। जैसे ही नियाजीपुर विश्वानाथा आश्रम दुर्गा मंदिर से थोड़ा आगे बढ़ी एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसे रौंद दिया। इसकी जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वही परिजन दौड़े भागे घटना स्थल पर पहुंचे तथा शव से लिपट विलाप करने लगे। इधर सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने परिजनों को समझा बुझाकर शांत कराया तथा शव को कब्जे में ले पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेजा।

# युवती गोली कांड में तीन अपराधी गिरफ्तार

## जिंदा कारतूस, आर्म्स सहित बाइक को पुलिस ने किया जब्त

प्रात : किरण संवाददाता



दिनारा (रोहतास) थाना क्षेत्र में विगत दिन एनएच 319 फ्लाई ओवर के नीचे ग्राम सरना के पास सूचना मिली कि एक मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति के द्वारा खनिता गांव निवासी गोल्डी कुमारी एक लड़की गोली मारकर जख्मी कर दिया गया था। जिसके विरुद्ध दिनारा थाना कांड सं. 98/24 तहत बुधवार को आर्म्स एक्ट के विरुद्ध अनिश कुमार सिंह, पिता सुशील सिंह, अमरेश कुमार सिंह, पिता हरेराम सिंह जो दोनों आरोपी दिनारा थाना क्षेत्र के कुम्हौरा गांव के रहने वालें है। जिसके विरुद्ध स्थानीय पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज किया था। जिस कांड की सूचना के बाद रोहतास पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार ने तत्काल एक्शन मूड में कार्रवाई करते हुए दिशा निर्देश जारी कर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बिक्रमगंज के नेतृत्व में एक टीम का गठन कराया।

जिसमें थानाध्यक्ष विनय कुमार सहित गौतम कुमार, पंकज कुमार, अमरनाथ कुमार, आशुतोष कुमार,कौशल कुमार कौशिक ने अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छपेमारी अभियान क्रम में विधि विरुद्ध बालक अनिश कुमार सिंह उर्फ अनिश कुमार, पिता सुशील सिंह, ग्राम कुम्हौरा, थाना दिनारा जिला रोहतास को निगरानी में लेकर गहन पूछ-ताछ किया। जिस क्रम में उसने बताया कि वह उस लड़की से प्रेम करता था। जो किसी कारण उसका मोबाइल नंबर और इस्टाग्राम पर ब्लॉक कर दिया गया। जिसको लेकर वह तनाव में रहने लगा। जिसके बाद उसने विशुनपुरा गांव के अशोक कुमार यादव, पिता कमेश्वर सिंह एवं उनके दोस्त दीपक कुमार, पिता बासुदेव सिंह के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया। जिसके बाद पुलिस ने छापेमारी कर अभियुक्त अनिश कुमार, अशोक कुमार, दीपक कुमार को गिरफ्तार करते हुए घटना में संलिप्त एक दो नाली देशी कट्टा, दो जिंदा कारतूस, एक लोडेड खोखा सहित पल्सर बाइक को बरामद कर जेल भेज दिया गया है। वही गिरफ्तार तीनों अपराधियों का अपराधिक इतिहास पता करने में पुलिस जुट गई है।

# सड़क हादसे में जख्मी महिला को इलाज के लिए पहुंचाया अस्पताल

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। आरा नगर निगम की महापौर इंदु देवी के पुत्र प्रतीक राज नेकी मिशाल पेश की। उन्होंने सड़क हादसे में बुरी तरह जख्मी महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करवाया। उनके इस कार्य की सभी लोगों ने सराहना की है। जानकारी के अनुसार शहर के नवादा थाना क्षेत्र के पश्चिमी ओवरब्रिज के समीप बुधवार को अज्ञात वाहन के ठोकर से बाइक सवार महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई। उन्हें सर में काफी चोटे आई थी। उसी वक्त महापौर इंदू देवी के पुत्र प्रतीक राज अपने प्रतिष्ठान से नगर निगम की ओर जा रहे थे, उन्होंने अपनी कार में स्टाफ के सहयोग से जख्मी महिला को बैठाया और उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल ले गए। सदर अस्पताल में इमरजेंसी वार्ड में ड्यूटीरत डॉ. सूर्यकांत निराला के द्वारा जख्मी महिला का इलाज किया गया। महिला की प्रारंभिक जांच के बाद बेहतर उन्हें पटना रेफर कर दिया गया। हालांकि परिजनों के द्वारा उन्हें निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया है। महापौर पुत्र प्रतिक राज ने बताया कि महिला किसी अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक से गिरकर जख्मी हो गई थी। ठीक उसी वक्त मैं अपनी कार से शोरूम से निगम की ओर जा रहा था। महिला को सर में काफी चोटें आई थी, लेकिन कोई भी वाहन चालक और व्यक्ति अपनी गाड़ी नहीं रोक रहा था।

# पुण्यतिथि पर याद किए गए सम्भावना के संस्थापक स्वर्गीय शारदा प्रसाद सिंह

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। स्थानीय शान्ति-स्मृति सम्भावना आवासीय उच्च विद्यालय, शुभ नारायण नगर, मझौवाँ, आरा में आज पूर्व सहकारिता पदाधिकारी सह सम्भावना आवासीय उच्च विद्यालय के संस्थापक स्व० शारदा प्रसाद सिंह की 17वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर विद्यालय के निदेशक डॉ० कुमार द्विजेन्द्र, प्राचार्या डॉ० अर्चना सिंह समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उनके तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि व्यक्त की। इस मौके पर विद्यालय के निदेशक डॉ० कुमार द्विजेन्द्र ने कहा कि बाबूजी की प्रेरणा से आज सम्भावना विद्यालय भोजपुर जिले ही नहीं बल्कि सूबे में अपना नाम रौशन कर रहा हैं। यहां से शिक्षा प्राप्त कर होनहार छात्र-छात्रा उच्च पदों पर आसीन होकर देश में विद्यालय का नाम बढ़ा रहे हैं। प्राचार्या डॉ० अर्चना सिंह ने कहा कि बाबू जी का शिक्षा के प्रति विशेष लगाव था। उनका कहना था कि शिक्षा के माध्यम से ही हमारा समाज व देश तरक्की कर सकता है। उनके अधूरे कार्यो को पूरा करना ही हमारी उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। आज लोगों को उनके पद चिन्हों पर चलने एवं विचारों को आत्मसात करने की जरूरत है।

# मां आरण्य देवी मंदिर के ग्राउंड फ्लोर के दूसरे हिस्से की हुई ढलाई

आरा। शहर की अधिष्ठात्री मां आरण्य देवी के भव्य मंदिर का नवनिर्माण कार्य युद्धस्तर पर जारी है। इसी कड़ी में गुरुवार को माता के मंदिर के ग्राउंड फ्लोर के दूसरे भाग के ढलाई का कार्य हुआ। इसके पूर्व पूजा-पाठ कराकर ढलाई का कार्य शुरू किया गया। मां आरण्य देवी मंदिर ट्रस्ट के मीडिया प्रबंधक कृष्ण कुमार ने बताया कि ढलाई का कार्य सुबह 10 बजे से शाम साढे.7 बजे तक चला। ढलाई के दौरान विभिन्न विभागों के ठेकेदार के नेतृत्व में एक्सपर्ट व मजदूरों की टीम अपने कार्यो को अंतिम रूप देने में लगी रही। ढलाई का कार्य इंजीनियर जीतू सिंह, ठेकेदार धर्मेंद्र कुमार सिंह एवं पाठक जी की देखरेख में कराया गया, उन्होंने बताया कि आज मां आरण्य देवी मंदिर के गर्भगृह के दाएं तरफ के हिस्से की ढलाई का कार्य पूरा हुआ। तीसरे चरण में भैरव बाबा मंदिर के ढलाई का कार्य होगा। ढलाई के दौरान भक्तों को किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। महिला-पुरुष भक्त मां आरण्य देवी मंदिर में दर्शन करते रहें। इस मौके पर मां आरण्य देवी मंदिर विकास ट्रस्ट के मुख्य संरक्षक भीम सिंह भवेश, सचिव अरविंद कुमार पांडेय, कोषाध्यक्ष सरवन कुमार जलान, लालदास राय, मलिक यादव, संजय सरावगी उर्फ लल्लू भाई, महंथ रंगनाथ मिश्रा, संजय मिश्रा, विद्यानंद मिश्रा उर्फ बब्लू बाबा, महंथ मनोज कुमार पांडेय, राजीव रंजन, रितेश चौरसिया, रूपेश कुमार, नरेश कुमार, जयशंकर तिवारी, विनोद कुमार, रवि कुमार, ठेकेदार धर्मेंद्र कुमार सिंह, शैलेन्द्र पाठक, जेपी यादव, नारायण सर्राफ, मुकेश पोद्दार, अमित कुमार उर्फ भोलू, रिशु कुमार उर्फ सोनू एवं ट्रस्ट के सभी स्टाफ सक्रिय दिखे।

# सिर्फ धन संपति अर्जित कर लेना बड़प्पन नही होता : जीयर स्वामी

प्रात : किरण संवाददाता



बिक्रमगंज(रोहतास)। बिक्रमगंज प्रखंड के जोन्ही निज ग्राम में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर दूसरे दिन गुरुवार को अपने श्रीमुख से श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज ने कहा कि मानव के लिए शर्म का त्याग वैभव का विनाशक होता है । स्वामी जी महाराज ने कहा कि वर्तमान परिवेश में नर और नारी के द्वारा उपयोग में लाए जा रहे परिधानों पर चर्चा करते हुए कहा कि यह शर्म विहीन व्यक्तियों का परिचायक है । वस्त्र को हमारी संस्कृति, मयार्दा एवं संस्कार बताते हुए कहा कि वर्तमान में मनुष्य परिधान धारण कर स्वयं के एडवांस होने का परिचय देता है । मनोवृति को शूर्पणखा और पूतना जैसे राक्षसीन का प्रतीक बताते हुए स्वामी जी ने कहा कि इससे मानवतावादी विचारों पर कुठाराघात हो रहा है । मानव के मन मस्तिष्क में घर कर बैठे नास्तिक स्वरूप अंधियारी को दूर भगाने के लिए कथा को अनिवार्य बताया । सनातन धर्म को सृष्टि उत्पत्ति के समय से अस्तित्व में होने की बात बताते हुए सनातन धर्म को विश्व का प्रथम धर्म होना बताया । उन्होंने कहा कि सनातन के अर्थ पर चर्चा करते हुए कहा कि अधर्मी भी नहीं चाहता कि मेरे पुत्र व पुत्री अधर्म के रास्ते पर चले , यही सनातन धर्म का परिचय है । स्वामी जी ने कहा कि दो से गुणा करने पर द्वापर, तीन से गुणा करने पर त्रेता एवं 4 से गुणा करने पर प्राप्त वर्षो की संख्या को सतयुग का काल होने का गुणा करने पर एक मनु का शासनकाल होना तथा 14 मनु शासकों के शासनकाल को ब्रह्मा जी के एक दिन होना बताते हुए कहा कि अभी ब्रह्मा जी की आयु उस गुना से मात्र 50 वर्ष होना बताया गया है ।व्यक्ति के बड़प्पन पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि सिर्फ धन संपति अर्जित कर लेना बड़प्पन नहीं होता बल्कि भक्ति, साधना,आराधना ,ज्ञान, वैराग्य, प्रेम और सदाचारी प्रवृत्ति वाले व्यक्ति को धरा धाम पर सबसे बड़ा होने की बातें उनके द्वारा बताई गई । मौके पर कथा को सुनने के लिए प्रवचन स्थल पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु लोग मौजूद थे ।

# डिप्टी डायरेक्टर ने सीएचसी रिजनल का किया निरीक्षण

चौगाई (बक्सर) चौगाई सीएचसी का बुधवार को स्वास्थ्य विभाग के डिप्टी डायरेक्टर अखिलेश कुमार के नेतृत्व में पटना से आई चार सदस्ययी टीम ने निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने इस अस्पताल की साफ सफाई, मरीजों को मिलने वाली सुविधाएं, चिकित्सकों तथा स्वास्थ्यकर्मियों की मौजूदगी, उपलब्ध दवाईयों तथा अन्य संसाधनों की स्थिति, ओपीडी आदि की सूक्ष्मता से पड़ताल की तथा संतोष जताया। निरीक्षण के दौरान सीएचसी प्रभारी डॉ. मितेन्द्र प्रताप सिंह ने प्रांतीय टीम के सामने इस 30 बेड वाले अस्पताल में डॉक्टरों तथा अन्य कर्मियों की कमी बताई। जिस पर उप निदेशक ने इसे पूरा करने का आश्वासन दिया। डॉ मितेन्द्र ने उनसे बताया कि इस अस्पताल में चौगाई के अलावे केसठ, डुमरांव व नावानगर के सीमावर्तीवर्ती इलाकों के करीब एक लाख से अधिक की आबादी जुड़ी है।

# कैपेसिटी बिल्डिंग मीटिंग ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन रेफरल अस्पताल, जगदीशपुर में किया गया

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। मासिक कैपेसिटी बिल्डिंग मीटिंग और ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन रेफरल अस्पताल, जगदीशपुर के प्रांगण में किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य प्रवक्ता के रूप में डॉ. प्रवीण कुमार सिन्हा, एन. सी. डी. ओ. भोजपुर ने इस क्षेत्र की सी. एच. ओ. , एक. एन. एम. और आशाओं को एन. सी. डी. से संबंधित सारी जानकारियां देते हुए सरकार के कार्यक्रम को सफल बनाने पर जोर दिया।

ज्ञातव्य हो कि एन. सी. डी. के तहत एक मुख्य कार्यक्रम पी. बी. एस. यानी पोपुलेशन बेस्ड मास स्क्रनिंग जिसे आशाओं एवं ए. एन. एम. के सामंजस्य से संपादित होना है, इन दोनों श्रेणी के कार्यकताओं की लापरवाही व काम के प्रति उदासीनता के वजह से भोजपुर बिहार के कुल ३८ जिलों में सबसे निचले पायदान यानी ३८ वें स्थान पर विगत चार वर्षो से विद्मान है। डॉ प्रवीण के अथक प्रयासों के वावजूद इस कार्य में कोई सुधार नहीं हो पा रही है। इस कार्य को अंजाम तक पहुंचाने के उपरांत, एक फार्म भरने पर, १० रुपए प्रति फार्म आशा को और ५ रुपए प्रति इन्ट्री, एन. सी. डी. पोर्टल पर अपलोड करने, पर मिलना तय है। आशाओं के द्वारा राजनीतिक हस्तक्षेप करा कर विशिष्ट बने रहना और सरकारी फायदे को नजरंदाज कर देना एवं बहानेबाजी कर काम से बचते रहना एक आदत सी बन गई है। कार्य में लापरवाही होते हुए भी इन लोगों के खिलाफ कोई कदम उठाने में प्रशासनिक और स्वास्थ्य सेवा दोनों विफल हो चुकी है। गौरतलब इस कार्य को भलि भांति संपन्नता के लिए आम जनमानस में इसकी गंभीरता से परिचित कराना नितांत आवश्यक है। हमारे राष्ट्र के विकास के लिए समाज व सरकार के सबसे निचले पायदान पर स्थित लोगों में जागरूकता और निरंतर कार्यशील और प्रयत्नशील रहना अतिआवश्यक है।

# इलेक्ट्रॉन बांड घोटाले से घिरी मोदी सरकार ध्यान भटकाने के लिए CCA लागू किया : दिलराज प्रीतम

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। भेदभाव व विभाजनकारी अन्यायपूर्ण उउअ कानून लागू करने के खिलाफ भाकपा-माले के राष्ट्रव्यापी विरोध दिवस के आज आरा माले जिला कार्यालय श्रीटोला विरोध मार्च निकालकर बस स्टैंड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया गया !पुतला दहन कार्यक्रम के दौरान माले कार्यकर्ताओं ने देश में उउअ,ठफ्ठ कानून नहीं चलेगा,उउअ कानून वापस लो,देश में मोदी की तानाशाही नहीं चलेगी आदि नारे लगा रहे थे।

पुतला दहन कार्यक्रम के बाद बस स्टैंड में सभा आयोजित किया !सभा को संबोधित करते हुए भाकपा-माले नगर सचिव दिलराज प्रीतम ने कहा कि दिसम्बर 2019 में पास किये गये भेदभावकारी और विभाजनकारी अन्यायपूर्ण नागरिकता संशोधन कानून को लागू करने वाली नियमावली की अधिसूचना 2024 चुनावों की अधिसूचना आने से ठीक पहले जारी करना एक राजनीतिक साजिश का संकेत है !जैसा कि अमित शाह ने खुद सीएए की'क्रोनोलॉजी'समझाते हुए कहा था कि इस कानून को लागू करने के बाद एनआरसी-एनपीआर को देशव्यापी स्तर पर लाया जायेगा जिसके माध्यम से दस्तावेज न दिखा पाने वाले नागरिकों को नागरिकता के अधिकार से वंचित कर दिया जायेगा. सीएए नागरिकों को धर्म के आधार पर बांटने के मकसद से लाया गया है,जो भ्रामक रूप से गैरमुस्लिम'शरणार्थियों'को नागरिकता देने और मुसलमानों की नागरिकता छीनने,यहां तक कि देश निकाल देने,तक की बात करता है !लेकिन असम में की गयी एनआरसी की कवायद और देश में जगह-जगह चलाये जा रहे बुलडोजर ध्वस्तीकरण अभियानों से स्पष्ट हो चुका है कि आदिवासियों और वनवासियों समेत सभी समुदायों के गरीब इससे प्रभावित होंगे ! आगे माले नगर सचिव दिलराज प्रीतम ने कहा कि देश का लोकतांत्रिक अभिमत और समान नागरिकता एवं संवैधानिक अधिकार आन्दोलन ने सीएए-एनआरसी के पूरे पैकेज को संविधान पर हमला बता कर खारिज कर दिया है।

चुनाव से पहले सीएए नियमावली की अधिसूचना ने लोकतंत्र के संवैधानिक आधार को बचाने के जनआन्दोलन की अनिवार्यता को पुनः रेखांकित किया है !मोदी सरकार को आगामी आम चुनावों में सत्ताच्युत करना जरूरी हो गया है। हम अपने अधिकारों के लिए संघर्षरत समाज के सभी तबकों से एमएसपी के कानूनी अधिकार के लिए लड़ रहे किसानों, श्रम अधिकारों के लिए लड़ने वाला मजदूर वर्ग,पुरानी पेंशन योजना की बहाली के लिए संघर्षरत सरकारी कर्मचारियों, सुरक्षित रोजगार की मांग कर रहे युवाओं,आजादी,सुरक्षा और समान अधिकारों के लिए संघर्षरत महिलाओं,जातीय जनगणना व विस्तारित आरक्षण की मांग कर रहे वंचित लोगों,क्षेत्रीय पहचान और संघीय लोकतंत्र की संवैधानिक गारंटी की जद्दोजहद में जुटीं राष्ट्रीयताओं से अपील करते हैं कि वे भेदभावपूर्ण और विभाजनकारी सीएए के विरुद्ध समान नागरिकता आन्दोलन का साथ दें।

हमें एकजुट रहना होगा ताकि जनता को बांटने व आगामी चुनावों में फासिस्ट ताकतों को शिकस्त देने के मिशन से जनता का ध्यान हटाने की मोदी सरकार और भाजपा की साजिश नाकामयाब हो।

# सीएचसी स्वास्थ्य कर्मियों ओपीडी में जड़ा ताला

नावानगर(बक्सर) विगत छह माह से वेतन का भुगतान नहीं होने से आक्रोशित स्थानीय सीएचसी के स्वास्थ्यकर्मियों ने गुरुवार को ओपीडी में ताला जड़ दिया जिससे इलाज कराने आये ग्रामीणों को बगैर इलाज कराये जाना पड़ा ओपीडी में ताला सुबह दस बजे से लेकर 12 बजे तक बन्द रहा उक्त ताला बंदी बिहार चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के बैनर तले हुआ तालाबंदी की सूचना पर पहुचे नावानगर बीडीओ मनोज कुमार द्वारा सभी कर्मियों को समझा बुझा कर ताला खोलवाया गया जब बारह बजे ताला खुला तो अधिकतर लोग बगैर इलाज के जा चुके थे। ताला बंदी के बाद एएनएम द्वारा सीएससी प्रभारी के खिलाफ दूसरे दिन भी नारेबाजी करते हुए कार्य का बहिष्कार किया इस दौरान काफी संख्या में एएनएम सीएचसी के मुख्य द्वार को जम कर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के विरोध में नारे लगाए। जिसको लेकर कुछ देर के लिए अस्पताल में अराजक स्थिति उत्पन्न हो गई स्वास्थ्य कर्मियों के कार्य वहिष्कार से अस्पताल में टीकाकरण योजना पूरी तरह प्रभावित हो गई। जिसके चलते टिका लगाने के लिए पहुंची महिलाओं और ननिहालो को वैरन लौटना पड़ा प्रभारी के विरोध में उतरे स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि विगत छह माह से उन्हे वेतन नहीं मिला है।

# प्रेम में पागल जीजा के सब्र का बांध टूटा

प्रात : किरण संवाददाता

- तमंचे के बल पर बनाया शादी का दबाव
- सरहज के घर पहुंच कर लहराया हथियार
- ग्रामीणों ने जीजा की पिटाई कर किया पुलिस के हवाले

काराकाट(रोहतास)। काराकाट थाना क्षेत्र के कुरुर गांव से एक अजीबो-गरीब मामला प्रकाश में आया है । कुरुर गांव की सरहज से जीजा का प्रेम प्रसंग वर्ष 2021 से चल रहा था । प्रेम प्रसंग में जीजा सरहज से शादी करने के लिए दबाव बनाता था लेकिन सरहज शादी से इंकार करती रही । जब जीजा के सब्र का बांध टूट गया तो जीजा सरहज के गांव कुरुर पहुंच गया । कट्टा व गोली के साथ सरहज के घर में घुसकर सरहज व उसकी मां के साथ मारपीट करने लगा और कट्टा दिखाकर शादी करने का दबाव बनाने लगा । घर में हो हंगामा सुन पास-पड़ोस के लोग व ग्रामीण जुट गये । जैसे ही घटना की जानकारी लोगों को हुई तो जीजा को कट्टा व गोली के साथ ग्रामीणों ने पकड़ लिया । पुलिस को सूचना देकर जीजा को पुलिस के हवाले कर दिया । प्रभारी थानाध्यक्ष रवि भूषण कुमार ने बताया कि गिरफ्तार युवक कछवां थाना क्षेत्र के झाकर-विगहा गांव निवासी मंगरू राम का 35 वर्षीय पुत्र विजय राम उर्फ विजय रजवार है । गिरफ्तार युवक के पास से एक कट्टा व पांच जिंदा कारतूस बरामद किया गया है । श्री कुमार ने कहा कि उक्त मामले में गिरफ्तार युवक पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है ।

# घोड़ा कल्लू राजा ने जीत का लहराया परचम

ब्रह्मपुर (बक्सर) फाल्गुनी शिवरात्रि के अवसर पर ब्रहापुर में लगने वाले पशु मेला में घोड़ा रेस की प्रतियोगिता आयोजित हुई। क्वाटर फाइनल प्रतियोगिता में 18 घोड़ों ने हिस्सा लिया। प्रथम राउंड में 12 घोड़ों का चयन हुआ। दूसरे राउंड में सेमीफाइनल का आयोजन हुआ जिसमें 6 घोड़ो ने अपनी जगह बनायी। चुने गए छह घोड़ों में रोमा खान प्रवीण राय वैशाली मुखिया के घोड़े को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर घोड़ा दौड़ के आयोजक नगर पंचायत प्रतिनिधि राकेश महतो एवं सभी वार्ड पार्षद मौजूद रहे। इस बार का घोड़ा दौड़ प्रतियोगिता ऐतिहासिक रहा। शांतिपूर्ण माहौल में निर्णायक मंडली द्वारा लिया गया निर्णय सर्वमान्य रहा। प्रथम कृष्णा पांडे का घोड़ा कल्लू राजा है जिसकी घुड़सवारी मेघु ने किया जो की शाहपुर के रहने वाले हैं। द्वितीय फरहाज खान का घोड़ा एकता एक्सप्रेस जिसकी घुड़सवारी गोलू ने किया जो की मोतिहारी के रहने वाले है । तीसरा पुरस्कार फरहाज खान का घोड़ा बाबू धाम एक्सप्रेस है जिसकी घुड़सवारी जय हिंद ने किया है जो की मोतिहारी के रहने वाले हैं। विशेष पुरस्कार सरफराज खान का घोड़ा अपाचे है जो की फैजाबाद के रहने वाले हैं जिसकी घोड़े सवारी मकसूद ने की है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रात:किरण
पटना, शुक्रवार, 15 मार्च, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस ने 40 लीटर देसी शराब के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार

अरवल।एसपी राजेंद्र कुमार भील के निर्देश पर होली पर्व एवं लोकसभा चुनाव के मद्देनजर देखते हुए परासी थाने के पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध विशेष छापेमारी अभियान चलाकर देसी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है इस मामले में परासी थाना अध्यक्ष पवन कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि मसदपुर सोनतटीय इलाके में अवैध रूप से शराब के कारोबार किया जा रहा है सूचना के उपरांत विशेष छापेमारी अभियान चलाई गई जहां 40 लीटर देसी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है`गिरफ्तार तस्कर राजकुमार मसदपुर गांव का रहने वाला बताया जाता है शराब तस्कर के खिलाफ शराब अधिनियम का मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया है उन्होंने बताया कि जो भी अवैध रूप से शराब की कारोबार करेंगे उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेजा जाएगा`पुलिस की इस कार्रवाई से शराब पीने एवं बेचने वाले लोगों में हड़कंप मच गया है।

### शराब के साथ धंधेबाज गिरफ़्तार

नोखा (रोहतास) थाना क्षेत्र के शिवपुर गांव से आठ लीटर महुआ शराब के साथ सुरेश चौधरी को गिरफ्तार किया गया।इस बात की जानकारी देते हुए नोखा थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार ने बताया कि प्रत्येक दिन शराब के लेकर छापमारी जरी है।जो भी व्यक्ति शराब का कारोबारी हैं उसे खौर नहीं होंगा वह बच नहीं सकता है गुप्ता सुचना के आधार पर शिवपुर गांव से आठ लीटर महुआ शराब के साथ सुरेश चौधरी को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया गया है।

### खेलकूद से शारीरिक एवं मानसिक रूप से होता है विकास : जिप सदस्य

कैमूर।भभुआ चिल्ड्रेन ह्याएस एकेडमी केयर जोन खेलकूद प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह में पहुंचे जिला परिषद सदस्य विकास सिंह उर्फ लल्लू पटेल ने छात्र-छात्राओं को मेडल व पुरस्कार देकर सम्मानित किया।जिला परिषद सदस्य ने बताया कि आज भभुआ शहर के विद्यालय में बच्चों के खेलकूद प्रतियोगिता के उपरांत पुरस्कार वितरण करने के लिए मुख्य अतिथि के रूप में आया हूं, जहां छोटे-छोटे बच्चे खेलकूद में भाग लिए उनके हौसला को बढ़ाने के लिए आया हूं दिल से छात्र-छात्राएं सभी शामिल हैं। बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं यह अच्छा खेल करो अच्छा पढ़कर आने वाले समय मे हमारे देश का नाम रोशन करेंगे। छात्र-छात्राओं का साहस बढ़ाते हुए जिला परिषद सदस्य ने कहा कि खेल को जीवन में शामिल करने से शारीरिक मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे एक स्वस्थ्य मन से प्रयास कर किसी भी लक्ष्य को पाया जा सकता है। वही विद्यालय प्रबंधन सहित छात्र-छात्रा शिक्षक मौजूद रहे।

### सात दिवसीय भागवत कथा का आयोजन

कैमूर।भभुआ प्रखंड के अमढा गांव में सात दिवसीय चल रहे भागवत कथा के आयोजन में पहुंचे जिला परिषद सदस्य विकास सिंह।मौके पर जिला परिषद सदस्य ने वृंदावन चंद महाराज के द्वारा यह भागवत कथा कहां जा रहा है जो कि पूरे 7 दिनों तक चलेगी। जिसमें सैकड़ो महिला पुरुषों ने भाग लिया।जिला परिषद सदस्य विकास सिंह ने कहा कि महाराज जी द्वारा दिए गए ज्ञान को अपने जीवन में शामिल करने की जरूरत है अच्छा सुनने से मन के विकार दूर होते हैं और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होने लगता है कथा के उपरांत रोज भंडारे की व्यवस्था है जहां सैकड़ो लोग भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर रहा है। इस अवसर पर शिव दुलार राय, मनीष शर्मा, उमा राय, दिनेश राय, गौरी शर्मा सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### सिविल कोर्ट ट्रांसफर्मर विस्फोट का मामला पहुँचा मानवाधिकार आयोग

मुजफ्फरपुर। मानवाधिकार मामलों के अधिवक्ता एस. के. झा ने पटना सिविल कोर्ट ट्रांसफार्मर विस्फोट घटना पर राज्य मानवाधिकार आयोग में याचिका!दायर की है।सिविल कोर्ट पटना के कैंपस में हुए ट्रांसफर्मर विस्फोट हादसे की पूरी जानकारी मानवाधिकार आयोग पहुँच गई है। इस ट्रांसफर्मर विस्फोट में एक अधिवक्ता की मौत हो गई तथा आधा दर्जन से अधिक अधिवक्ता एवं मुंशी घायल हो गये। मुजफ्फरपुर के मानवाधिकार मामलों के अधिवक्ता एस. के. झा ने इस पूरे मामले के सम्बंध में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, नई दिल्ली एवं बिहार मानवाधिकार आयोग, पटना में अलग-अलग याचिका दायर की है तथा उच्चस्तरीय जाँच कर बिजली विभाग के पदाधिकारियों पर कार्रवाई की माँग की है।साथ-ही-साथ मृतक एवं घायलों के परिजनों को आपदा राहत कोष सहित सरकार के अन्य विभागों से मिलने वाली आर्थिक सहायता एवं मुआवजे की माँग की है।मानवाधिकार अधिवक्ता एस. के. झा ने बताया कि यह पूरा मामला बिजली विभाग की लापरवाही के कारण हुआ है।

# संतोष मांझी को निर्विरोध एमएलसी निर्वाचित होने पर कार्यकर्ताओं में खुशी

प्रात : किरण संवाददाता



शेरघाटी। हिंदुस्तानी आता मोर्चा(से०) पार्टी कार्यकताओं ने सूबे के मुखिया विकाश पुरुष श्री नीतीश कुमार जी तथा हम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिहार सरकार के मंत्री डॉ संतोष कुमार मांझी को और साथ में एनडीए घटक दल के सभी सदस्यों को विधान परिषद के सदस्य के रूप में निर्विरोध निर्वाचित होने पर कार्यकताओं ने खुशी जाहिर किया है। पार्टी के जिला अध्यक्ष नारायण प्रसाद मांझी ने कहा डॉ संतोष कुमार मांझी को पुनः विधान परिषद के सदस्य के रूप में निर्विरोध निर्वाचित होने पर निश्चित तौर पर युवाओं छात्रों और गरीबों की उम्मीदों को बल मिलेगा।जिस कुशलता और कर्मठता के साथ हम पार्टी के संगठन को पूरे बिहार में अपनी सूझबूझ और समझदारी के साथ विस्तार कर रहे हैं और केवल बिहार के और गरीबों के हित में अपने निर्णय को लेने का काम कर रहे हैं निश्चित तौर पर आने वाले समय में बिहार के विकास में एक लकीर खींचने का काम करेंगे।बधाई देने वालों में जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह, मो इकराम खान ,कौशलेंद्र कुमार दांगी ,दिलीप यादव, राजेश पांडे रमेश सिंह, मारकंडे प्रसाद, शंकर मांझी ,नंदलाल मांझी,/ कमलेश सिंह ,दिलेश्वर यादव, सत्येंद्र राय ,सुषमा कुमारी दांगी ,रूबी देवी ,राकेश कुमार ,रामसनेही मांझी, विजय कुमार ,मनोज मांझी ,आयुष पासवान ,तूफान यादव, पार्वती देवी आदि ने और खुशी जाहिर की।

# विवाह उपयोगी सामग्री का वितरण किया गया

प्रात : किरण संवाददाता



अरवल। महिला सशक्तिकरण एवं बाल विवाह दहेज उन्मूलन के दिशा में चलाए जा रहे हैं कार्यक्रम को साकार रूप देने के लिए समाजसेवी संस्थान कन्या विवाह एवं महिला जनकल्याण सोसाइटी प्रधान कार्यालय पानी टंकी रोड नियर निखिल इंटरप्राइजेज पालीगंज पटना संस्थान सचिव शैलेश कुमार के सौजन्य से 14 गरीब कन्या को विवाह उपयोगी सामग्री ट्रंक तोषक तकिया रजाई बेडशीट लड़का लड़की कपड़ा लेडिज बैग मच्छरदानी साड़ी चुनरी टेबल कुर्सी एवं अन्य विवाह उपयोगी सामग्री का वितरण संस्थान अध्यक्ष श्रीमती शिव कुमारी देवी के कर कमलों द्वारा संपर्क किया गया।उक्त अवसर पर संस्थान अध्यक्ष शिव कुमारी देवी ने अपने संबोधन में कहा कि जिला के सभी पंचायत स्तर पर हमारे संस्था के कार्यकर्ता गरीब परिवार को चिन्हित कर विवाह विदाई सामग्री लगातार वितरण किया जा रहा है और अपने संस्था के सभी कार्यकर्ता को हौसला बढ़ते हुए कहा कि संस्था द्वारा बहुत जल्द दो 151 गरीब कन्या को शिविर लगाकर शादी करवाया जाएगा इसके लिए संस्था को सभी कार्यकर्ता गरीब परिवार को चिन्हित कर लाभ दिलवाए इसी पर सभी संस्थान के कार्यकर्ता खुशी व्यक्त किया। उक्त अवसर पर चमेली देवी पिंकी देवी मिथिलेश कुमार सूरजमल कुमार नगीना देवी अभिषेक कुमार राहुल कुमार ओम प्रकाश यादव दीपू कुमार सुनील पासवान एवं सभी संस्था के कार्यकर्ता मौजूद थे।

# समाज के वंचित लोगों के साथ होगा होली मिलन समारोह

प्रात : किरण संवाददाता



गया। बिहार प्रदेश राष्ट्रीय मानवाधिकार के नूतन नगर कार्यालय में अध्यक्ष डॉ मनीष पंकज मिश्रा के अध्यक्षता में एक बैठक आहूत की गई इस बैठक में डॉक्टर मनीष पंकज मिश्रा ने कहा हिंदुओं का महान पर्व होली एवं मुस्लिम परिवार के लिए रमजान का पवित्र महीना चल रहा है साथी साथ लोकतंत्र के महान पर्व लोकसभा का चुनाव का भी आगाज हो रहा है हिंदू और मुस्लिम समुदाय के लोग एक दूसरे के खुशी में शामिल होने के लिए सुखद क्षण का इंतजार कर रहें है।देश के ओजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी का जो विकसित भारत संदेश है कि सबका साथ सबका सम्मान सबका विश्वास के साथ एक दूसरे के खुशी में शामिल होकर गले मिलकर एक दूसरे को बधाई का आदान प्रदान करने से अपने -आप में त्योहारों का महत्व बढ़ जाता है।होली में परिवार के लोग एक दूसरे से मिलकर रंग अबीर लगाकर इस महान पर्व का आनंद लेते हैं एवं परिवार एवं सगे संबंधियों के साथ मिलकरआनंद लेते रहे हैं इस अवसर पर डॉक्टर मनीष पंकज मिश्रा ने कहा की मानवाधिकार संगठन बैनर तले समाज के वंचित लोगों के साथ होली मिलन समारोह मनाएंगे।लोकतंत्र का महापर्व का शख नाद होना बाकी है इस लोकतंत्र के महान पर्व पूरे भारत में दो माह त्योहार के रूप में मनाया जाएगा डॉ मनीष पंकज मिश्रा कहा राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के बैनर तले मतदाताओं को जागरूकता अभियान चलाकर मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे इस अवसर पर एक गोष्ठी का भी आयोजन कर एवं राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के सदस्यों के द्वारा घर-घर जाकर जो पहली बार 18 वर्ष की आयु के लोग मतदाता बने हैं, उन्हें मत देने के लिए प्रेरित करेंगे।इस गोष्ठी में दलगत राजनीती से अलग हटकर भाजपा नेताओं को इस बैठक में आमंत्रित किया गया।इस बैठक में भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने कहा, जिस तरह से राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के बैनर तले डॉ मनीष पंकज मिश्रा के द्वारा पितृपक्ष मेले में रेलवे स्टेशन एवं चाँद चौरा मोहल्ले में निशुल्क चाय, पानी, बिस्किट एवं कई तरह के पकवान बना कर शिविर के माध्यम से निशुल्क सेवा किया गया, जो की बहुत ही सराहनीय एवं समाजसेवा का कार्य है।देश के ओजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव पर देश के स्वतंत्रता सैनानियों के परिवारों को सम्मानित करना एवं दिल्ली में सेनानियों के सम्मान में पौधा जो लगाया गया था।

# बहाली प्रकिया पूर्ण करवाने हेतु सांसद से मिला चतुर्थवर्गीय कर्मचारी का शिष्टमंडल

प्रात : किरण संवाददाता



औरंगाबाद। औरंगाबाद सांसद आवासीय कार्यालय सिंह कोठी पर कार्यालय परिचारी (चतुर्थवर्गीय कर्मचारी) का शिष्टमंडल बहाली प्रकिया पूर्ण करवाने के संबंध में सांसद सुशील कुमार सिंह से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा कि औरंगाबाद जिला अधिकारी द्वारा विज्ञापन संख्या 01/2009 में चतुर्थवर्गीय कार्यालय परिचारी की भर्ती निकाली गई थी जिसमे से कुछ लोगों को नियुक्ति करवाया गया था और कुछ लोगों का पैनल में नाम रहने के पश्चात भी नियुक्ति नही हो पाया दिनांक 14.02.2023 को सामान्य प्रशासन विभाग बिहार पटना में सम्पन बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में 2009 के पैनल में बचे हुए लोगों को बहाल करने के लिए दिनांक 01.04.2023 को विज्ञापन निकाला गया जिसमें आवेदन करने का दिनांक 10.04.2023 से 01.05.2023 तक बिहार कर्मचारी चयन आयोग पटना के द्वारा ऑनलाइन प्रकिया के माध्यम से 747 आवेदन प्राप्त हुआ है और जिला अधिकारी द्वारा 450 आवेदनों को स्वीकृत कर भेजा गया है।इन सभी बातों को सुनने के बाद सांसद ने सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव मो.सोहैल से दूरभाष पर वार्ता कर इन सभी बातों से अवगत कराते हुए पूरे बिहार में अनुसेवक बहाली की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करवाने के लिए कहा।इस मौके पर रूपेश कुमार,अरबिंद कुमार,जितेन्द्र कुमार सिंह,रमेश कुमार,महेन्द्र कुमार दास,दिपक ठाकुर,संजय यादव,विनय मालाकार,मनोज ठाकुर,ममता कुमारी,प्रियंका कुमारी,अरबिन्द कुमार रंजन,धनंजय सिंह,राजकिशोर कुमार,विकास कुमार,धर्मेन्द्र कुमार सिंह,रिकेश कुमार सिंह,अनीश कुमार,जैन सिंह,राम प्रवेश राम,अजय कुमार एवं सैंकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# 'सत्यः भव, मुक्तः भव, त्वं भव' अनंत धीश अमन

प्रात : किरण संवाददाता



गया।जीवन सत्य पथ पर अग्रसर करने हेतु यदि कठोर निर्णय भी लेना पडे तो हिचकना नहीं चाहिए क्योंकि इससे आपके अंदर साहस का उदय होग और आपके जीवन को प्रकाशमान करेगा जो की आपको सच्चे इंसान के रुप में प्रवृत्त करेगा।

जब आप स्वयं के अंदर इस प्रकाश को अनुभूति करेंगे तो आप स्वयं के भीतर के उर्जा का सदुपयोग करना प्रारंभ करेंगे।तो आप सबकुछ निर्वहन करते हुए आप किसी भी तरह के बंधन में आप स्वयं को महसूस नहीं करेंगे और आप स्वतंत्र भाव से अपने जीवन पथ पर आरूढ़ हो सकेंगे जिससे आपके अंदर निर्भीकता का आगमन होगा जो कि आपको हर क्षेत्र मे सफल बनाएगा। आप अपने परिवार, समाज से जुडे रहकर भी मुक्त हो सकते है और उन्हें संबलता प्रदान करते हुए आप अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते है। ठीक उसी प्रकार, जैसे वटवृक्ष की टहनियां मुख्य अंग से जुङकर भी अपना विस्तार करता है वह बंधन में होते हुए भी मुक्त है स्वतंत्र है और अपने साहस और उर्जा का सदुपयोग करके विशाल वृक्ष का रुप लेता है।

# आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर अधिकारियों के साथ किया गया बैठक

प्रात : किरण संवाददाता



अरवल। जिला पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी वर्षा सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अरवल की संयुक्त अध्यक्षता में आगामी लोकसभा चुनाव-2024 के मद्देनजर समाहरणालय सभाकक्ष में सेक्टर पदाधिकारी / सेक्टर पुलिस पदाधिकारी के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में सेक्टर पदाधिकारी / सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि वे अपने सेक्टर अंतर्गत सभी मतदान केन्द्रों का पुनः भौतिक सत्यापन करेंगे। प्रत्येक मतदान केन्द्र के कम से कम 10 व्यक्तियों का मोबाईल नम्बर प्राप्त करेंगे। अपने सेक्टर का नजरी नक्शा बनायेंगे। मतदाताओं के बीच जागरूकता फैलायेंगे। सभी गाँव टोला घूमकर भेद कारक का पहचान करेंगे। आदर्श आचार संहिता की चर्चा कर अनुपालन करायेंगे एवं निष्पक्ष शांतिपूर्ण मतदान कराने में पूर्ण सहयोग करेंगे। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, कोषागार पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी के साथ अन्य उपस्थित रहे।

# आयुक्त ने मगध वासियों के लिए वाटर एटीएम का किया उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता

गया ।आयुक्त कार्यालय परिसर मगध प्रमंडल गया में शहर का पहला वाटर एटीएम का उद्घाटन मयंक बड़वड़े आयुक्त, मगध प्रमंडल गया के कर कमल द्वारा किया गया है। इस अवसर पर कमलेश कुमार दिवाकर निदेशक एमडीए फूड एंड बेवरेज प्राइवेट लिमिटेड सुशील कुमार सचिव मगध प्रमंडल गया हेमंत कुमार सहायक प्रशासि पदाधिकारी रूबी कुमारी महिला प्रशासन पदाधिकारी मुनाजिर हुसैन सुनील कुमार डॉक्टर चंद्रशेखर वर्मा प्रवीण जोशी अभिषेक कुमार पूजा मिश्रा एवं अन्य गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

मालूम हो की यह वाटर एटीएम शहर का पहला वाटर एटीएम है जिससे क्यूआर कोड को स्कैन कर या आरएफआईडी कार्ड यानी एटीएम कार्ड एवं सिक्का डालकर अपनी आवश्यकता अनुसार शुद्ध एवं ठंडा पानी 24 घंटे और सातों दिन उपलब्ध रहेगी। जिससे ग्रामीण क्षेत्र से आए लोग जिन्हें 1 लीटर का बोतल 20 में खरीदना पड़ता है उन्हें ठंडा पानी मात्र 3 में ही कार्यालय परिसर के अंदर ही मिल जाएगा। इस वाटर एटीएम के उपयोग से प्रदूषण नियंत्रण में भी मदद मिलेगा क्योंकि यह वाटर एटीएम जीरो वेस्टेज सिद्धांत पर काम करता है और गुणवत्ता की जांच वैद्य लेबोरेटरी के द्वारा किया जाता है।यह वाटर एटीएम एमडीए फूड एंड बेवरेज प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा लगाया गया है। जो गया शहर का इकलौता लाइसेंसी आर ओ प्लांट है। एमडीए फूड एंड बेवरेज प्राइवेट लिमिटेड शहर का एकमात्र आर ओ वाटर सप्लायर है जिसे सेंट्रल ग्राउंडवाटर बोर्ड एवं बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा प्रमाणित है एवं पानी बेचने का अधिकृत लाइसेंस एफएसएसएआई द्वारा भी जारी है।

# कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल को निर्देश दिया बैरिकेडिंग की आवश्कता होगी उसका मैप तैयार करे

प्रात : किरण संवाददाता



गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिलाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, गया आशीष भारती द्वारा आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर गया कॉलेज में अवस्थित डिस्पैच सेंटर ,वज्रगृह,ईवीएम कमीशनिंग का निरीक्षण किया गया है।इसनिरीक्षण के क्रम में डिस्पैच सेंटर हेतु पैरामीटर के अनुसार सुरक्षा व्यवस्था, साफ सफाई, बैरिकेडिंग, पार्किंग, बिजली व्यवस्था, रोशनी की व्यवस्था आदि सुनिश्चित करने हेतु उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। डीएम एव एसएसपी ने घूम घूम कर मानविकी भवन, वाणिज्य भवन, सीवी रमन भवन, खेल मैदान, प्रशानिक भवन इत्यादि का निरीक्षण किया है। उन्होंने कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल को निर्देश दिया कि मापी करवाते हुए वज्रगृह, डिस्पैच सेन्टर, ईवीएम कमीशनिंग के लिये कितना कितना एरिया की आवश्कता पड़ेगी, कितना में बैरिकेडिंग की आवश्कता होगी उसका मैप तैयार करे। इस अवसर पर उपविक विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता लोक शिकायत, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, निदेशक डीआरडीए, भूमि सुधार उप समाहर्ता सदर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी , प्रधानाध्यापक गया कॉलेज आदि उपस्थित थें ।

# लोकसभा चुनाव को लेकर जिला पदाधिकारी ने बूथों का किया निरीक्षण



दुर्गावती। जिला पदाधिकारी कैमूर सावन कुमार के द्वारा दुर्गावती प्रखंड में केंद्रीय बल के आवसान स्थल हेतु चिन्हित राजकीयकृत इंटरस्तरीय उच्च विद्यालय धनेक्षा तथा शत्रुहरण +2 उच्च विद्यालय कल्याणपुर का निरीक्षण कर केंद्रीय बलों के आने से पूर्व उनके आवासन हेतु सभी आवश्यक सुविधा तैयार करने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा उत्क्रमित कन्या मध्य विद्यालय, खजुरा, मध्य विद्यालय छाता, उत्क्रमित मध्य विद्यालय नुआंव, उत्क्रमित उर्दू उच्च माध्यमिक विद्यालय डुमरी उत्क्रमित मध्य विद्यालय चहरिया पर अवस्थित बूथों का निरीक्षण किया गया एवं मतदान हेतु सभी आवश्यक तैयारियां ससमय करने हेतु संबंधित को निर्देश दिया गया।

# बहाली प्रकिया पूर्ण करवाने हेतु सांसद से मिला चतुर्थवर्गीय कर्मचारी का शिष्टमंडल



औरंगाबाद। औरंगाबाद सांसद आवासीय कार्यालय सिंह कोठी पर कार्यालय परिचारी (चतुर्थवर्गीय कर्मचारी) का शिष्टमंडल बहाली प्रकिया पूर्ण करवाने के संबंध में सांसद सुशील कुमार सिंह से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा कि औरंगाबाद जिला अधिकारी द्वारा विज्ञापन संख्या 01/2009 में चतुर्थवर्गीय कार्यालय परिचारी की भर्ती निकाली गई थी जिसमे से कुछ लोगों को नियुक्ति करवाया गया था और कुछ लोगों का पैनल में नाम रहने के पश्चात भी नियुक्ति नही हो पाया दिनांक 14.02.2023 को सामान्य प्रशासन विभाग बिहार पटना में सम्पन बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में 2009 के पैनल में बचे हुए लोगों को बहाल करने के लिए दिनांक 01.04.2023 को विज्ञापन निकाला गया जिसमें आवेदन करने का दिनांक 10.04.2023 से 01.05.2023 तक बिहार कर्मचारी चयन आयोग पटना के द्वारा ऑनलाइन प्रकिया के माध्यम से 747 आवेदन प्राप्त हुआ है और जिला अधिकारी द्वारा 450 आवेदनों को स्वीकृत कर भेजा गया है।इन सभी बातों को सुनने के बाद सांसद ने सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव मो.सोहैल से दूरभाष पर वार्ता कर इन सभी बातों से अवगत कराते हुए पूरे बिहार में अनुसेवक बहाली की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करवाने के लिए कहा।इस मौके पर रूपेश कुमार, अजय कुमार एवं सैंकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# सुरक्षा व्यवस्था एवं मतदान केंद्रों को लेकर की गई समीक्षा बैठक

प्रात : किरण संवाददाता



शेरघाटी।प्रखंड कार्यालय के सभा भवन में गुरुवार को अनुमंडल पदाधिकारी सारा अशरफ के नेतृत्व में मतदान केंद्रों की स्थिति व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक की। अनुमंडल के विभिन्न थाना से आए थानाध्यक्ष, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी एवं सेक्टर पदाधिकारी के साथ बैठक कर मतदान केदो का पुनरीक्षण एवं नक्सल प्रभावित बूथों को बेहतर तरीके से जांच पड़ताल करने व शराब माफियाओं पर नकेल कसने का निर्देश दिया। इसके अलावा चुनाव से जुड़े अन्य मामलों पर चर्चा कर निर्देश दिए । उक्त बैठक के दौरान सभी मतदान केदो पर भ्रमण करने एवं 107 का प्रस्ताव भी पुलिस पदाधिकारी से मांगा गया है। ताकि चुनाव के दौरान किसी प्रकार की कोई समस्या ना आ सके। बैठक के दौरान यह भी कहा गया कि किसी भी समय चुनाव आयोग का निर्देश जारी किया जा सकता है। इसलिए सभी अपने-अपने काम में लगे। बैठक के दौरान शेरघाटी ए एसपी डॉक्टर के रामदास शेरघाटी थाना के प्रशिक्षु आईपीएस शिवम धाकड़ शामिल थे। बैठक के दौरान सहायक निर्वाचन पदाधिकारी रंजय कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी स्नेहिल आनंद, अंचलाधिकारी उषा कुमारी समेत शेरघाटी आमस , गुरुआ ,इमामगंज, डोभी, बांके बाजार समेत अन्य जगहों से आए थाना अध्यक्ष, अंचलाधिकारी व प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत सेक्टर पदाधिकारी हिस्सा लिए।

# लाठी -गुलदस्ता बांटने वाले 20 शिक्षकों पर प्राथमिकी

मुजफ्फरपुर। जिले के 20 शिक्षकों के विरुद्ध शिक्षा विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। कार्रवाई की जद में परिवर्तनकारी शिक्षक संघ के पदाधिकारी भी शामिल हैं। इस कार्रवाई के बाद शिक्षकों में हडकम्पमचआ हुआ है। बताते चलें कि पिछले दिनों जिले के एक स्कूल का शिक्षा अधिकारी ने निरीक्षण किया था।निरीक्षण के दौरान विद्यालय के हेडमास्टर और पदाधिकारी में विवाद हो गया था। पदाधिकारी के घायल होने की भी बात कही जा रही है।इस घटना के बाद निरीक्षण पदाधिकारी द्वारा उक्त हेडमास्टर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। इस घटना के बाद बीते 10मार्च को स्थानीय खुदीराम बोस स्मारक स्थल पर शिक्षकों ने बैठक की और शिक्षकों के बीच लाठी और गुलदस्ता का वितरण किया गया था। , शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान यह आदेश दिया।

# हर बूथ पर होगी जदयू व्यवसाय व उद्योग प्रकोष्ठ की उपस्थिति : प्रकाश पटवा

प्रात : किरण संवाददाता



गया।जिला जदयू व्यवसायिक एवं उद्योग प्रकोष्ठ द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव के मध्य नजर कार्यकर्ता बैठक का अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रकाश राम पटवा ने किया और अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जाति, धर्म लिंग और क्षेत्र के भेदभाव के बिना बिहार में न्याय के साथ विकास को जमीन पर उतारा है। महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में अनगिनत कार्य हुए। बिहार में जातिगत गणना कराना और उसके आंकड़ों के अनुरूप आरक्षण का दायरा बढ़ाकर 75% करना उन्हीं की दृढ़ इच्छाशक्ति का परिणाम है। वर्तमान में देश की 65% आबादी युवाओं की है। इस आबादी को जदयू के विचारों और कार्यक्रमों से जोड़ने में सोशल मीडिया की अहम भूमिका होगी। हमें इस दिशा में मजबूती से काम करना है। जदयू व्यावसायिक एवं उद्योग प्रकोष्ठ सुनिश्चित करेगा कि इसकी उपस्थिति बिहार के हर बूथ पर हो। हमें इस बार लोकसभा की सभी 40 सीटें अपने नेता की झोली में डालनी है ।उपस्थित लालजी प्रसाद ,निराज वर्मा ,विमल रंजन ,विनोद कु०, अवधेश कुमार उर्फ लल्लू ,अभिषेक कुमार , सुजीत कुमार , रोशन कुमार प्रियदर्शी, संजय कुमार सिंह , महेंद्र प्रसाद बरनवाल, रवि कुमार गुप्ता, नागेश्वर प्रसाद गुप्ता, सुबोध कुमार, लाल बाबू देवीलाल साहू ,विकास कुमार विक्रांत , प्रमोद कुमार ,अनिल कुमार पांडे ,अमित जैन इत्यादि।

# असंवैधानिक, विभाजनकारी और भेदभावकारी नागरिकता संशोधन कानून मंजूर नहीं : माले

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। 2024 चुनाव से पहले देश में उअअ लागू करने के खिलाफ आज भाकपा(माले) के राष्ट्रव्यापी आवाहन पर विरोध मार्च निकाला गया। मार्च पोलो मैदान से निकलकर समाहरणालय, टावर, लोहिया चौक , बस स्टेंड होते हुए पुन पोलो मैदान में आकार सभा में तब्दील हो गया।

मार्च का नेतृत्व माले जिला सचिव बैद्यनाथ यादव, इंसाफ मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष नेयाज अहमद, राज्य कमिटी सदस्य शनिचरी देवी, विनोद सिंह, सत्यनारायण पासवान पप्पू ने संयुक्त रूप से किया।विरोध सभा की अध्यक्षता एआईसीसीटीयू के जिला सचिव उमेश साह ने किया। इस अवसर पर कार्ल मार्क्स के 141 पुण्यतिथि तथा देश के चर्चित वैज्ञानिक डॉ हौकिंग्स को श्रद्धांजलि देकर उनके विचारों पर चलने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर सभा को संबोधित करतें हुए भाकपा(माले) जिला सचिव बैद्यनाथ यादव ने कहा की दिसंबर 2019 में पास किए गए भेदभावकारी और विभाजनकारी अन्यायपूर्ण नागरिकता संशोधन कानून को लागू करने वाली नियमावली की अधिसूचना 2024 चुनावो अधिसूचना आने से ठीक पहले जारी करना एक राजनीतिक साजिश का संकेत है।

उन्होंने कहा की जन विरोधी संविधान विरोधी मोदी सरकार 2024 के आम चुनाव के घोषणा से ठीक पहले सीएए, एन आर सी और एन पी आर जैसे लोकतंत्र व संविधान विरोधी नागरिकता कानून लागु करने की घोषणा कर दिया है, जब मोदी सरकार इस आम चुनाव में रोजगार, शिक्षा, और स्वास्थ्य के मुद्दों एवं एलेक्ट्रोल बॉन्ड जैसे भ्रष्टाचार के मुद्दों पर घिर चूका है पुरे देश में मोदी सरकार के भ्रष्टाचार का मुद्दा सुप्रीम कोर्ट के जरिये उजागर हो चूका है ऐसे में खुद को सत्ता में बनाए रखने के लिए जब राम मंदिर का मुद्दा भी कार गर नहीं हो सका तब ये इस नागरिकता कानून को धार्मिक मुदा के तरह उपयोग कर सत्ता में तीसरी बार आने कि योजना बनाया है।वही ऑल इंडिया लॉयर एसोसिएशन के नेता मिथिलेश्वर सिंह ने कहा की मोदी सरकार संविधान और लोकतंत्र दोनो को खत्म करने पर तुली है। देश के अंदर कई तरह के कानून को बदल दे रहीं है। उन्होंने कहा की भारत में नागरिकता देने वाला कानून 1952 में ही बना था।जिसमे 6 बिंदु बनाया गया था। और उसी 6 बिंदु के आधार पर भारत में नागरिकता दी जाती थी। लेकिन मोदी सरकार इस कानून को चेंज कर देश में सांप्रदायिकता का माहौल पैदा करना चाहती है। जिसे हम सभी को मिलकर विरोध करना होगा। वही इंसाफ मंच के राज्य उपाध्यक्ष नेयाज अहमद ने कहा की मोदी सरकार की इस झासा में देश फसने वाला नही है। हम अपनी मांगों पर लगातार संघर्ष करते रहेंगे। आज देश के अंदर एम एस पी कें कानुनी अधिकार के लिए लड़ रहे किसान, श्रम अधिकारो के लिए लड़ रहे मजदूर वर्ग, पुरानी पेंशन योजना की बहाली के लिए लड़ रहे सरकारी सहित सभी आंदोलन को और मजबूत करना होगा। और आने वाले 2024 के चुनाव में मोदी सरकार को सत्ता से उखाड़ फेकना होगा।

# भाजपा नेबूथ को मजबूत करने का मूलमंत्र दिया

दरभंगा। आगामी दरभंगा लोकसभा अंतर्गत अलीनगर विधानसभा के दसौथ ग्राम में विधानसभा स्तरीय बैठक में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने शिरकत की। इस बैठक में अलीनगर विधानसभा के बूथ कमिटि का गठन करने और प्रत्येक बूथ को मजबूत करने का मूलमंत्र दिया गया। दरभंगा के सांसद गोपाल जी ठाकुर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने अबकी बार 400 पार का नारा बुलंद किया है और इस लक्ष्य को प्राप्त करने में भाजपा के एक-एक कार्यकर्ता का महत्वपूर्ण योगदान रहने वाला है। सांसद गोपाल जी ठाकुर ने कहा कि देश के कोने-कोने से आवाज आ रही है कि एक बार फिर से मोदी सरकार। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा जी, गृह मंत्री अमित शाह से प्रेरित होकर राजद पार्टी के लोग भाजपा में शामिल हुए हैं और मैं सभी का भाजपा परिवार में स्वागत करता हूं। इस अवसर पर किसान मोर्चा दरभंगा के जिलाध्यक्ष संजय सिंह पप्पू सिंह ने कहा कि एक बूथ पर कम से कम 20 यूथ को सक्रियता के संग काम करने की आवश्यकता है।

# श्री 1008 सहस्त्र चंडी विराट महायज्ञ में भागवत कथा शुरू, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

महनार।महनार प्रखंड के चमरहरा गांव स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में वुधवार से प्रारम्भ हुय श्री श्री 1008 सहस्त्र चंडी विराट महायज्ञ में प्रसिद्ध कथावाचिका देवी चित्रलेखा के श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ किया गया।भागवत कथा का उद्घाटन महनार एसडीओ नीरज कुमार एवं लालगंज विधायक संजय सिंह आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।इस मौके पर एसडीओ नीरज कुमार ने कहा कि इस तरह के आयोजन से गांवों में शांति,खुशहाली का वातावरण कायम होता है। उन्होंने कहा कि मन को शांति परमात्मा के चरणों में ही मिलती है।भगवान के भजन के बगैर कोई चीज मुमकिन नहीं है।विधायक संजय सिंह ने कहा कि इंसान को जीवन में सुबह शाम भगवान का भजन करना चाहिए।इससे न केवल आत्मा स्वच्छ होती है,बल्कि इंसान के विचार भी बदल जाते है।कहा कि भक्ति में बहुत शक्ति होती है।अगर इंसान सच्चे मन से भक्ति करे तो जीवन में हर चीज को पा सकता है।उद्घाटन के बाद प्रसिद्ध कथावाचिका देवी चित्रलेखा ने पहले दिन श्रीमद्भागवत कही।उन्होंने भागवत कथा के प्रसंग को विस्तार से बताया।कहा कि अहंकार से जीवन विडंबनाओं की गर्त में चला जाता है,जिससे ज्ञान व वैराग्य जर्जर हो जाता है।ज्ञान का पतन होने पर व्यक्ति के विचार शून्य हो जाते हैं और वैराग्य के पतन होने से व्यक्ति में लोभ की वृद्धि होती है।तब भक्ति व्याकुल हो जाती है।भागवत कथा सुनने के लिए सैकड़ो की संख्या में महिला व पुरुष की उवस्थित रहे।बताया गया कि भागवत कथा लगातार 19 मार्च तक चलेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### विदाई सह सम्मान समारोह का हुआ भव्य आयोजन

शाहकुंड (भागलपुर)। प्रखंड कार्यालय प्रांगण में निवर्तमान प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिनव भारती के स्थानन्तरित किये जाने के बाद कार्यालय में विदाई सह सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान नये प्रखंड विकास पदाधिकारी राजीव रंजन ने कार्यभार संभालने के साथ ही कर्मियों व जनप्रतिनिधियों ने उनका जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम को लेकर प्रखंड स्थित शिल्पी भवन प्रांगण में निवर्तमान प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिनव भारती का विदाई समारोह को लेकर प्रखंड के मुखिया एवं प्रखंड के पंचायत समितिगण द्वारा भावभीनी विदाई दी। इसी क्रम में नये पदाधिकारी के आगमन के साथ ही कार्यभार संभाला था। वही उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने अंग वस्त्र बुके भेंट देकर जोरदार स्वागत किया तो वही बीडियो के स्थानांतरण के बाद उनके कार्य गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा किये गये कार्यों की काफी प्रशंसा की और उनके उत्तम भविष्य की कामना की। साथ नए प्रखंड विकास पदाधिकारी उनको भी अंग वस्त्र व बुके भेंट देकर सभी ने सम्मानित किया और अच्छे कार्य करने का आशा रखे हैं। मौके पर अंचलाधिकारी डॉ. हर्षा कोमल, रेवेन्यू ऑफिसर उज्जवल कुमार, पंचायती राज पदाधिकारी निलेश कुमार, मनरेगा से पीओ कुणाल शेखर, प्रखंड प्रमुख अंजना देवी एवं उप प्रमुख तरन्नुम व जदयू के जिला अध्यक्ष बिपिन बिहार, कसवा खेरही पंचायत के मुखिया पिंकी देवी, सरोनी पंचायत के मुखिया उत्तम सिंह, पंचायत के मुखिया हसीन अख्तर, खैरापंचायत के मुखिया अहमद हुसैन, दरियापुर पंचायत के पैक्स अध्यक्ष राजू पासवान व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार सहित सभी जनप्रतिनिधि के अलावा दर्जनों प्रखंड बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों के साथ साथ अन्य कर्मी मौजूद थे।

### गली नाली योजना के तहत किया जा रहा सोख्ता निर्माण कार्य

संग्रामपुर (मुंगेर)। प्रखंड क्षेत्र के बलिया पंचायत अंतर्गत कुआंगढ़ी पौड़ियां ग्राम में सोख्ता निर्माण का कार्य किया जा रहा है। यह निर्माण कार्य गली नाली योजना के तहत किया जा रहा है। गली के नाली का और लोगों के घरों का पानी निकल कर खेल के मैदान में बहता रहता है, जिसके कारण खिलाड़ियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कभी-कभी खेल के दौरान कोई न कोई खिलाड़ी मैदान पर कीचड़ हो जाने के कारण फिसल कर गिर पड़ता है और घायल हो जाता है ' इस समस्या के निदान के लिए इस पंचायत की मुखिया सारिका सिंह के द्वारा जगह-जगह सोख्ता निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। तत्काल एक सोख्ता शिव मंदिर के पास दूसरा बबलू मिश्रा के घर के पास और तीसरा संजय मिश्रा उर्फ लल्लू के घर के पास बनाया जा रहा है। इसके निर्माण से नाली और घर का पानी सोख्ता में जाएगा और फिर मैदान में पानी जमने की समस्या का समाधान हो जाएगा।

### विद्यालय का जिलाधिकारी ने किया शिलान्यास

मुंगेर। बैजनाथ बालिका +2 उच्च विद्यालय तथा राजकीय उच्च विद्यालय (जिला स्कूल) में आईटीसी द्वारा कराये जा रहे जीर्णोद्धार सौंदर्यीकरण एवं शौचालय निर्माण कार्य का गुरुवार को जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह द्वारा विधिवत पूजा कर शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर आईटीसी के महाप्रबंधक वैभव गुप्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी असगर अली, आईटीसी के कॉपोरेट पदाधिकारी वाईपी सिंह सहित अन्य उपस्थित थे। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने आईटीसी द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए इस कार्य में जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग द्वारा हर संभव मदद का आश्वासन दिया। साथ ही आई टी सी के ओर से पुनीत सहयोग के हेतु धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि आईटीसी द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में अब तक 2 मॉडल स्कूल, 26 आंगनबाड़ी केंद्र एवं 197 विद्यालय में शौचालय, रसोई घर की व्यवस्था गुणवत्ता पूर्वक की गई है जिसका लाभ जिले के सरकारी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक को मिल रहा है। प्रबंधन द्वारा सीएसआर मद के माध्यम से अपने सामाजिक दायित्व के तहत शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण सेवाएं दे रही है। बैजनाथ बालिका विद्यालय तथा राजकीय जिला विद्यालय मुंगेर जिसे मुंगेर का धरोहर माना जाता है उसके जीर्णोद्धार के लिए प्रति आईटीसी प्रबंधन द्वारा कार्य प्रारंभ किया गया है ने जो लगभग 18 महीना में पूर्ण कर लिया जाएगा। इस कार्य से बैजनाथ बालिका विद्यालय के लगभग 2200 छात्राएं एवं राजकीय जिला विद्यालय के लगभग 1000 छात्र छात्राएं लाभान्वित होंगे। बैजनाथ बालिका विद्यालय का निर्माण 1932 राजकीय जिला विद्यालय का निर्माण वर्ष 1834 में हुआ था। पुनः इन स्कूलों का जीर्णोद्धार कार्य एक सराहनीय कदम है। इस अवसर पर आईटीसी के गिरिराज साह, एलिस तिग्गा, प्राचार्य बैजनाथ बालिका विद्यालय व राजकीय जिला विद्यालय, शिक्षक गण व अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

# सगे चाचा की हत्या मामले में डेढ़ वर्ष से फरार अभियुक्त चढ़ा पुलिस के हत्थे

- फरार एक अभियुक्त को पूर्व में पुलिस ने गिरफ्त में लेकर भेजा था जेल
- हत्याकांड में तीन महिला अभियुक्तों ने किया था आत्म समर्पण

**प्रात : किरण संवाददाता**



नवगछिया (भागलपुर)। बिहपुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर क्षेत्र के धर्मपुररत्ती कोरचक्का गाँव इलाके में दबिश दे बिहपुर थाना के हत्याकांड समेत अन्य मामले में वांछित व फरार अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। मामले को लेकर मिली जानकारी के मुताबिक विगत डेढ़ वर्ष से फरार व वांछित आरोपी को पुलिस ने स्थानीय धर्मपुररत्ती कोरचक्का के विक्रम सिंह पिता गनौरी सिंह को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले को लेकर बिहपुर थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी विक्रम सिंह अपने सगे चाचा महंत फूलो सिंह पर कुल्हाड़ी से तेज प्रहार कर हत्या की वारदात को अंजाम दे, विगत 17 माह से फरार चल रहा था।

जिसे गोपनीयता के तहत मिली जानकारी के आलोक में पुलिस टीम ने उसके घर पर दबिश दे मौके से गिरफ्तार करने सफलता प्राप्त की है। ज्ञात हो कि विगत 24 अक्टूबर 2022 को आपसी जमीनी विवाद को लेकर अपने सगे चाचा महंत फूलो सिंह की गर्दन पर कुल्हाड़ी से कई बार प्रहार कर मौत के घाट उतार दिया था। वही उक्त घटना के बाद मृतक के पुत्र विद्यानंद सिंह के लिखित बयान पर बिहपुर थाना में हत्या समेत अन्य मामले को लेकर मामला दर्ज किया गया था। उक्त घटना में प्रमिला देवी, नूतन देवी, रिंकी देवी, अरुण सिंह, विक्रम सिंह, गनौरी सिंह सहित कुल छह को नामजद हत्याकांड में अभियुक्त बनाया गया था। वही पुलिस ने घटना के बाद सभी आरोपित की गिरफ्तारी की निशादेही पर दबिश के क्रम में संबंधित उपरोक्त सभी आरोपी घर छोड़कर फरार व भूमिगत हो गए थे। वही मामले को लेकर तत्कालीन थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह द्वारा खुद इस कांड के अनुसंधानकर्ता बने थे। घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी भी पुलिस ने जप्त किया था, वही इस हत्या मामले में पूर्व में एक नामजद अभियुक्त गनौरी सिंह को बिहपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया था, जबकि अन्य नामजद अभियुक्त में प्रमिला देवी, नूतन देवी और रिंकी देवी ने पिछले वर्ष पुलिस की दबिश के कारण नवगछिया न्यायालय प्रांगण में पहुंचने के साथ आत्मसमर्पण किया था। मामले के मुख्य अभियुक्त विक्रम सिंह को पुलिस ने दबिश दे गिरफ्तार किया है। जबकि अभियुक्त अरुण सिंह पुलिस पकड़ से अब भी बाहर रहने के साथ फरार चल रहा है। वही थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर ने कहा कि पुलिस वांछित व फरार अभियुक्त को जल्द ही गिरफ्तार करने की बात कही है।

# विशेष सतर्कता के साथ कवायद हुई तेज: एसपी

- लोकसभा चुनाव एवं होली पर्व को लेकर क्षेत्र में किया अलर्ट
- विभिन्न चौक-चौराहों पर पुलिस गतिविधि हुई तेज
- अपराधियों की गतिविधियों पर लगाम कसने के उद्देश्य से लगातार की जा रही वाहन जांच

**प्रात : किरण संवाददाता**



नवगछिया (भागलपुर)। पुलिस जिले में आगामी लोकसभा चुनाव व होली के त्योहारों के मद्देनजर क्षेत्र इलाके में सतर्कता बढ़ा दी गई है। पुलिस जिला के कई क्षेत्र से जुड़े सभी सीमावर्ती इलाकों पर पुलिस ने विशेष सतर्कता बरतते हुए बैरिकेडिंग कर वाहनों की जांच शुरू करने की गतिविधियां तेज कर वाहन चेकिंग अभियान शुरू कर दी है। इसी कड़ी में भवानीपुर थाना पुलिस के द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत नारायणपुर बस स्टैंड, बिरबन्ना चौक के मुख्य मार्ग सहित प्रमुख चौक चौराहों पर आने-जाने वाले छोटे-बड़े वाहनों की जांच की। वही जांच के दौरान सभी आने-जाने वाले लोगों की दो पहिया और चार पहिया वाहन की डिक्की की जांच के साथ साथ वाहनों से संबंधित जरूरी कागजात की बारीकी से जांच की। बता दें कि नवगछिया एसपी पुरण कुमार झा के आदेश के आलोक में सभी थाना क्षेत्र की सीमाओं पर वाहन चेकिंग अभियान के तहत जांच की जा रही है। सभी थाना की पुलिस अपने-अपने सीमावर्ती इलाके में सतर्कता बढ़ा दी गई है। इसी कड़ी में रँगरा थाना, नगर थाना नवगछिया, गोपालपुर, इस्माइलपुर, परबत्ता, ढोलबज्जा, कदवा, खरीक, नदी, बिहपुर, झंडापुर पुलिस ने भी वाहन जांच के साथ साथ वाहन डिक्की चेकिंग की गई है। वही विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक लोकसभा चुनाव व आगामी होली के त्योहारों के मद्देनजर वाहन चेकिंग अभियान की कवायद क्षेत्र में लगातार जारी रहेगा। वही क्षेत्र में अपराध व शराब व नशे के कारोबारी पर लगाम लगाने के साथ साथ धर पकड़ की दिशा में कवायद तेज कर दी गई हैं।

# निर्वाचन की तैयारी को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक

- सभी कोषांगो के कर्मियों को दिये कई आवश्यक दिशा निर्देश

**प्रात : किरण संवाददाता**

भागलपुर। जिला समाहरणालय स्थित समीक्षा भवन प्रांगण में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की तैयारी को लेकर सभी कोषांगो के वरीय एवं नोडल पदाधिकारी व कोषांग कर्मियों की जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में संयुक्त रूप से अंतिम तैयारी की समीक्षा की इस दौरान कर्मिक कोषांग के नोडल पदाधिकारी ने बताया कि 32318 कर्मियों का डेटाबेस तैयार कर लिया गया है। वही जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्देश दिया है कि महिला मतदान कर्मी जहां भी रहेंगी, कम से कम दो की संख्या में रहेंगी, साथ ही उन्हें शहरी क्षेत्र एवं उनके पदस्थापन स्थल के समीप के क्षेत्र में ड्यूटी लगाई जाएगी। पीडब्ल्यूडी मतदान कर्मियों के लिए कम मतदाता वाले मतदान केंद्र का ही चयन किया जाय। साथ ही प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी ने बताया कि विगत 7 मार्च एवं 12 मार्च को मास्टर प्रशिक्षक को प्रशिक्षित किया जा चुका है। चुनाव की तिथि की घोषणा होते ही 18 हजार मतदान कर्मी का प्रशिक्षण तीन चरणों में कराया जाएगा। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि सभी कर्मी समय पर आए एवं प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत ही जाए। इसके लिए प्रशिक्षण केंद्र पर वीडियोग्राफी कराई जाय। साथ ही उन्होंने कहा कि उनके प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षण सामग्री तैयार कर ली जाय एवं प्रशिक्षण के उपरांत एक प्रश्नावली सत्र भी रखा जाय, जिसके लिए प्रश्न पर तैयार कर ली जाय। वही उन्होंने कहा कि पीठासीन पदाधिकारी की झोला में मॉक पोल की प्रक्रिया एवं ईवीएम के संबंध में विभिन्न जानकारी से संबंधित पेपर तैयार कर रख दिया जाय ताकि समय पर काम आ सके। वही बैठक के क्रम में विधि व्यवस्था कोषांग, मतपत्र कोषांग, ईवीएम कोषांग, स्वीप कोषांग एवं वाहन कोषांग की भी समीक्षा की गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारी सदर, नवगछिया तथा कहलगांव को कहा कि रात्रि 10:00 बजे के पश्चात सुबह 6: 00 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्र बजाने की अनुमति नहीं होगी। साथ ही 70 डेसीबल से अधिक आवाज में साउंड सिस्टम नहीं बजेगा।

साथ ही उन्होंने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में स्वीप के अंतर्गत सफाई कर्मी एवं सफाई वाहन के माध्यम से मतदाता जागरूकता कराया जाय, इसके लिए प्रिंटेड जैकेट एवं मतदाता जागरूकता संबंधित जिंगल का प्रयोग किया जाय। इसी क्रम में सुविधा, सुगम एवं समाधान एप की भी समीक्षा की गई। इस मौके पर नगर आयुक्त नितिन कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त कुमार अनुराग, अपर समाहर्ता अजय कुमार सिंह के अलावा अन्य संबंधित सभी पदाधिकारी मौजूद थे।

# ध्वनि प्रदूषण रोकथाम को ले, प्रेशर हॉर्न की बिक्री पर लगी रोक: डीएम

**प्रात : किरण संवाददाता**



भागलपुर। जिले के शहरी इलाके में ध्वनि प्रदूषण की समस्या को देखते हुए वाहनों में प्रेशर हॉर्न लगाने वाले दुकानदार को बेचने पर पूर्णतः रोक लगा दी गई है। जिला पदाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी के द्वारा जारी किये निर्देश के आलोक में वाहन विक्रेताओं को इसके संबंध में जिला परिवहन पदाधिकारी के माध्यम से सचेत करते हुए आगाह किया गया है, कि यदि ऐसा करने पर पाया जाता है कि कोई विक्रेता वाहन में प्रेशर हॉर्न लगाकर वाहन विक्रय करता है, तो उनके विरुद्ध विधि सम्मति कार्रवाई की जाएगी। वही वाहन विक्रेताओं में अमित ऑटोमोबाइल्स भागलपुर, हरिदान एंटरप्राइजेज, मां सरस्वती ट्रैक्टर्स भागलपुर, पिंकी इंजीनियरिंग भागलपुर, प्रकृति एग्रिमप्लेमेंट भागलपुर, पि एस ट्रेडर्स भागलपुर, पूर्णिया मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड भागलपुर, साह एजेंसी भागलपुर, संतोष ट्रेडर्स भागलपुर, सीमांचल मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड भागलपुर, विक्रमशिला ऑटोमोबाइल प्राइवेट लिमिटेड भागलपुर एवं लगून हुंडई सबौर, भागलपुर को सूचित किया गया हैं। वही जिलाधिकारी ने सख्त चेतावनी के साथ संबंधित विक्रेताओं को सतर्क किया है। इस मौके पर क्षेत्र के दर्जनों वाहन विक्रेतागण मौजूद थे।

# विधान पार्षद निधि से सात करोड़ की योजना की दी गई सौगात: पूर्व सांसद

**प्रात : किरण संवाददाता**

नवगछिया (भागलपुर)। भाजपा के पूर्व केंद्रीय मंत्री सह विधान पार्षद सह राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शहनवाज हुसैन के द्वारा विधान पार्षद निधि मद से भागलपुर में कुल सात करोड़ की लागत से क्रियान्वयन योजनाओं की सौगात दी है। इस दौरान कुल 63 योजनाओं का वर्चुअल माध्यम से योजनाओं का शिलान्यास किया है। इस दौरान नवगछिया शहर में भी तीन योजनाओं का शिलान्यास किया है जिससे क्षेत्र की जनता के साथ साथ कार्यकर्ता के बीच में हर्ष का माहौल बना हुआ है। वही पूर्व सांसद अनिल यादव, जिला महामंत्री मुकेश राणा, नगर अध्यक्ष कौशल जायसवाल, मारवाड़ी प्रादेशिक सम्मेलन के शाखा सचिव विनोद केजरीवाल, वरिष्ठ आनंदी शर्मा, हिंमाशु रंजन झा, कृष्ण भगत, बाबू साहब विश्वकर्मा, मनोज भगत, अनीष यादव, प्रवेश कुमार यादव, संजीव शर्मा, चंदर ठाकुर, गोपी गुप्ता एवं अन्य सम्मानित समाज सेवी नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे थे। इस मौके पर संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा कि सैयद शहनवाज हुसैन भागलपुर सहित नवगछिया के विकास के लिए तत्पर रहते है। वही उन्होंने अपने संसदीय कार्यकाल में ढ़ेर सारे विकास कार्य योजना को धरातल पर उतारने के साथ विकास कार्य को अंजाम दिये थे।

बिहार में जब उधोग मंत्रालय मिला तो उन्होने पूरे बिहार में औद्योगिक विकास को आयाम देते हुए नवगछिया अनुमंडलीय अस्पताल प्रांगण में आक्सीजन प्लांट की स्थापना कराई थी। वही विधान पार्षद निधि भागलपुर में दिए जाने पर सभी कार्यकताओं ने आभार व्यक्त किया है।

# निर्वाचन को लेकर डीएम और एसपी ने निरीक्षण कर लिया क्षेत्र का जायजा

**प्रात : किरण संवाददाता**



भागलपुर। 152- बिहपुर एवं 153- गोपालपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान कर्मियों का डिस्पैच सेंटर व वाहन पड़ाव स्थल को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी द्वारा पुलिस अधीक्षक नवगछिया पूरण कुमार झा, अनुमंडल पदाधिकारी नवगछिया उत्तम कुमार व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नवगछिया ओम प्रकाश के साथ नवगछिया के मदन अहिल्या महिला महाविद्यालय, कृषि उत्पादन बाजार समिति एवं इंटर स्तरीय महाविद्यालय नवगछिया का भ्रमण किये जाने के साथ निरीक्षण कर जायजा लिया। वही निरीक्षण के क्रम में इंटर स्तरीय महाविद्यालय नवगछिया के प्रांगण में 152 -बिहपुर एवं 153-गोपालपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान कर्मियों के डिस्पैच सेंटर के लिए व कृषि उत्पादन बाजार समिति वाहन पड़ाव स्थल के लिए उपयुक्त पाया गया है। जहां उन्होंने कहा कि क्षेत्र इलाके में निर्वाचन कर्मियों से संबंधित कार्ययोजना के तहत डिस्पेच सेंटर होगा।

### डीएम ने पुष्पगुच्छ भेंट देकर कमिश्नर का किया स्वागत

भागलपुर। भागलपुर प्रमंडल के प्रमंडलीय आयुक्त दिनेश कुमार (भा. प्र. से.) के आगमन को लेकर जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी व एसडीएम अनुराग ने पुष्पगुच्छ भेंट देकर उनका हार्दिक स्वागत करने के साथ अभिनंदन किया। इस दौरान कई विभागों के अधिकारियों व पदाधिकारी के द्वारा कमिश्नर के आगमन को लेकर मुलाकात का दौर लगा रहा था।

# क्रिकेट टूनार्मेंट फाइनल मुकाबला का हुआ भव्य आयोजन

**प्रात : किरण संवाददाता**



शाहकुंड (भागलपुर)। सुलतानगंज परिक्षेत्र अंतर्गत महेशी पंचायत स्थित पैन के कारगिल मैदान में भव्य क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। मैंच में एसीसी श्रीरामपुर व कोलगामा के बीच क्रिकेट मैच का फाइनल मुकाबला हुआ। इसके पूर्व क्रिकेट मैच का उद्घाघाटन अकबरनगर नगर पंचायत के अध्यक्ष प्रतिनिधी अंजित कुमार ने फिता काटकर किया। मैच में टॉस जीत कर एसीसी श्रीरामपुर ने पहले फील्डिंग किया। मैच में पहले बल्लेबाजी करने उतरी कोलगामा की टीम ने 16 ओवर में विशाल 298 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में उतरी श्रीरामपुर की टीम ने 16 ओवर में 260 रन ही बना पाई थी। वही मैन ऑफ द मैच का खिताब रवि रंजन को दिया गया तो वही मैच में कोल्गामा ने बैटिंग करते हुए 13 छक्का के मदद से विस्फोटक 93 रन की पारी खेला गया था और तेज गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट लिए थे तो वही मैन ऑफ द सीरीज का खिताब सचिन को दिया गया। वही श्रीरामपुर के मैच स्कोरर की भूमिका अमित कुमार रॉकी एवं कॉमेंटेटर के रूप में भूमिका ऋतिक ने निभाई थी। इस दौरान क्रिकेट टीम के खिलाड़ी एंव ग्रामीण मौजूद थे।

### विश्व किडनी दिवस के अवसर पर जागरूकता अभियान का आयोजन

हाजीपुर। शिविश्व गुर्दा दिवसश के अवसर पर सेंट्रल सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पीटल, पटना के ओ.पी.डी. परिसर में एक जन जागरूकता अभियान का आयोजन अस्पताल के चिकित्सा निदेशक डॉ. अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान गुर्दा (किडनी) स्वास्थ्य, किडनी समस्याओं के कारण, प्रतिकार और उपचार व स्वस्थ्य जीवन शैली के महत्व विषय पर अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सक द्वारा घ्यान केंद्रित किया गया। साथ ही साथ किडनी रोगों की शुरूआती जॉच के लिए एक विशेष जॉच शिविर का आयोजन किया गया। उपस्थित सभी रोगियों और उनके परिजनों ने अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त करने की उत्सुकता दिखाई और सक्रिय रूप से कार्यक्रम में भागीदारी की।

# जिला प्रशासन के मौन रहने से पर्चा धारी के जमीन पर भूमि माफिया का कब्जा

**प्रात : किरण संवाददाता**

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। हवेली खड़गपुर ही नहीं पूरे जिले में भू माफिया रुपए और अभिलेखागार के कर्मचारियों की मिली भगत से रिकॉर्ड को गायब गायब करवाते हैं या फिर अभिलेखों को समाप्त करा कर भूमि पर जबरन कब्जा बरकरार रखना चाहते हैं। दबंगों ने गरीबों और कमजोर वर्ग के लोगों पर दबंगता दिखाकर बिना जमीन का निबंध कराये अपने कब्जे में लेकर जोत अवाद कर रहे हैं। भू माफिया ने हवेली खड़गपुर थाना नंबर 165 का अभिलेखागार से गायब कर दिया है। थाना नंबर 165 का नकल प्राप्त करने वाले सैकड़ों ग्रामीणों ने बताया कि जमीन का नकल प्राप्त करने अभिलेखागार मुंगेर जब गए तो थाना नंबर 165 का अभिलेख फटा हुआ बताया गया है। इस थाना नंबर 165 में लगभग 48 एकड़ के आसपास सरकारी जमीन है जिससे गांव के दबंग और भू माफिया ने कब्जा कर रखा है अंचल कार्यालय द्वारा जिन अनुसूचित जाति को 2008 में वासगीत का पर्चा दिया गया है। उन गरीबों को भी आज तक शिकायत के बाद भी जिला प्रशासन द्वारा कब्जा नहीं दिला सका है। दबंगों ने पैसे और पैरवी पर आज तक जांच और जमीन पर कब्जा दिलाने की प्रक्रिया दबाते रहे हैं। जिला प्रशासन ने वासगीत पर्चा दिए जाने का रिपोर्ट प्रतिवर्ष बिहार सरकार को भेज कर सरकार के अधिकारी सरकार के प्रिय पात्र बन जाते हैं जिले में 2008 से अभी तक बांटे गए वास गीत पर्चा की राज्य सरकार ईमानदारी से जांच कराएगी तो 95% वास गीत पर्चा प्राप्त करने वाले को जमीन पर वास्तविक कब्जा नहीं है। जिला प्रशासन पर्चा देखकर अपना पल्ला झाड़ लिया करते हैं और यह भूल जाते हैं कि उनका दायित्व यह भी है कि उन गरीबों को दबंगों के कब्जे से दिए गए पर्चे के जमीन को मुक्त कराकर पर्चा धारी को जमीन पर कब्जा दिलाना है। जानकारी के अनुसार पिछले दिनों अभिलेखागार से मुंशी विनोद कुमार अभिलेखागार से वर्ष 1918 का जींद संख्या 26 के अभिलेख खोज करने के लिए लिया था। लेकिन इसमें मुंशी विनोद कुमार ने 06 पन्ना फाड़ लिया था और वह भू माफिया को उसे देना था। लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि मुंगेर निबंधन कार्यालय के अभिलेखागार के कर्मियों को रकम हाथ नहीं लगने के कारण मुंशी को पुलिस के हवाले कर दिया। बिहार सरकार के आदेश के बावजूद भी जिला प्रशासन मुंगेर ने जिले की सरकारी जमीन दबंग के कब्जे से नहीं निकल पाई है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पोषण पखवाड़ा बैठक का आयोजन

- पोषण पखवाड़ा अभियान से सभी संबंधित महिलाओं को मिलेगा सत प्रतिशत लाभ : डीएम अवनीश कुमार सिंह

**प्रात : किरण ब्यूरो**




मुंगेर। विभागीय निर्देश के आलोक में दिनांक 9 मार्च से 23 मार्च को पोषण पखवाड़ा मनाने के लिए बुधवार को पंचायती राज सभा भवन में जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में पोषण पखवाड़ा से संबंधित सभी विभागों के समन्वय के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर डीपीओ आईसीडीएस सहित सभी सीडीपीओ एवं अन्य पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने बताया कि विभागीय निर्देश के आलोक में 9 से 23 मार्च को पोषण पखवाड़ा मनाया जाना है, जिसका उद्देश्य गर्भवती महिलाओं की देख भाल ,महिलाओं द्वारा स्तनपान कराने वाली महिलाओं, किशोरियों और 06 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में पोषण स्तर से अपेक्षित सुधार लाने एवं 03-06 वर्ष के प्रारंभिक देखभाल, शिक्षा के प्रति जागरूकता बनाने हेतु जन आंदोलन का रूप दिए जाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि इसके तहत डीपीओ आईसीडीएस को निर्देश दिया गया है कि वे इस पखवाड़ा को अभियान के तहत सफल कराएं और सभी सीडीपीओ एवं आंगनवाड़ी सेविका एवं सहायिकाओं के माध्यम से इस पखवाड़ा को पूर्ण करें। ह्यह्यपोषण भी पढ़ाई भीह्लह्ल इस थीम के अंतर्गत पोषण के साथ-साथ प्रारंभिक बाल अवस्था के देखभाल एवं शिक्षा के तहत 03-06 वर्ष के बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं स्कूल जाने से पहले की तैयारी करने हेतु लोगों को जागरूक करना है। साथ ही समुदाय को पोषण के प्रति जागरूक करने हेतु प्रारंभिक और स्थानीय आहार विविधता को अपनाने के लिए भी जागरूक करना है। इसके अलावे गर्भवती/धात्री महिलाओं के स्वास्थ्य को बेहतर करने एवं शिशु तथा बच्चों के आहार संबंधी व्यवहार का अभ्यास करने के लिए भी जागरूक करना है। वहीं मिशन लाइफ के अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों में वर्षा जल संचयन, टिकाउ खाद्य प्रणालियों एवं आयुष प्रथाओं के माध्यम से स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए एनीमिया वास डायरिया प्रबंधन पर भी जागरूकता संबंधी गतिविधियों का भी आयोजन किया जाना है।

# 12-15 घर जल कर हुए राख की ढेड़ में तब्दील

**प्रात : किरण संवाददाता**



गोराडीह (भागलपुर)। गोराडीह प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत छोटी मोहनपुर गांव इलाके में आग लगने से करीब 15 घर जलकर राख की ढेड़ में तब्दील हो गया है। इस दौरान अगलगि की घटना में देखते देखते आग इतनी उग्र रूप से हो उठी थी कि ग्रामीण परिवार के घर में रखे खाने पीने व कपड़े सहित अन्य समान भी नहीं बचा सका था। घटना को लेकर सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक आग ने अपने चपेट में नगदी, जेवरात, सहित पशु के चारा सहित अन्य सामान को भी अपने आगोश में ले लिया था। वही घटना की सूचना मिलते ही गोराडीह थाना पुलिस मौके पर एक छोटी दमकल गाड़ी पहुंची और किसी तरह ग्रामीणों के सहयोग आग पर काबू पाया जा सका गया। परंतु तब तक ग्रामीणों के जरूरत के लाखों रुपये की सामान का काफी नुकसान हो चुका था। वही आग लगने के कारणो का पता नहीं चल पाया हैं, परन्तु कायास यह भी लगाया जा रहा है कि सार्ट सर्किट से आग लगी और देखते ही देखते तेज हवाओं के साथ आग ने करीब दर्जनों लोगों के घरों को अपने आगोश में लेलिया था। वही घटना को लेकर स्थानीय पुलिस अंचलाधिकारी की टीम मौके पर पहुंच घटना की प्रताल शुरू कर दी है। बहरहाल घटना से पीड़ित परिवार रोते बिलखते वो कहते हुए दिख रहे थे कि अब रहना तो दूर खाएंगे क्या यह भी समझ से परे है। वही खबर लिखे जाने तक घटनास्थल पर कोई जनप्रतिनिधि राहत कार्य देने हेतू पीड़ितों के बीच नहीं पहुंचे थे।

बीएनपी परीबस ओपन

## नवारो ने सबालेंका को हराया, कोको गॉ क्वार्टर फाइनल में पहुंची

**इंडियन वेल्स (एजेंसी)।** एम्मा नवारो ने बीएनपी परीबस ओपन के चौथे दौर में दूसरी वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैम्पियन एरिना सबालेंका को 6.3, 3.6, 6.2 से हराकर अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। वह अपने करियर में चौथी बार क्वार्टर फाइनल में पहुंची है और 1000 श्रेणी के टूर्नामेंट में पहली बार वह अंतिम आठ में खेलेगी। वहीं कोको गॉ ने अपने 20वें जन्मदिन पर एलिसे मर्टेंस को 6.0, 6.2 से हराकर लगातार दूसरी बार क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। तीसरे दौर में मर्टेंस ने नाओमी ओसाका को हराया था। पुरूष वर्ग में चौथी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव ने 13वीं वरीयता प्राप्त ग्रिगोर दिमित्रोव को 6.4, 6.4 से हराया। वहीं नौवीं वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड ने गाएल मोंफिल्स को 3.6, 7.6, 6.4 से शिकस्त दी। वहीं नोवाक जोकोविच को हराने वाले इटली के लुका नारडी को 17वीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल ने 6.4, 6.3 से हराया।



आईपीएल 2024

## आरसीबी का शिविर शुरू, अगले कुछ दिन में जुड़ेंगे कोहली

**बेंगलुरू (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने इंडियन प्रीमियर लीग से पहले अपने शिविर की शुरूआत की लेकिन उसके स्टार बल्लेबाज विराट कोहली अगले कुछ दिन में टीम से जुड़ेंगे। आरसीबी को आईपीएल में गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 22 मार्च को पहला मैच खेलना है। अधिकांश घरेलू खिलाड़ी नए मुख्य कोच एंडी फ्लावर और क्रिकेट निदेशक मो बबाट के मार्गदर्शन में शिविर में पहुंच गए हैं। कप्तान फाफ डु प्लेसी और वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज अलजारी जोसेफ भी शिविर में पहुंच गए हैं। कोहली पितृत्व अवकाश के कारण इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला भी नहीं खेले थे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, 'कोहली अगले कुछ दिन में पहुंचेंगे। कोहली टीम के सालाना कार्यक्रम 'आरसीबी अनबॉक्स' में भी पहुंच सकते हैं जिसमें प्रशंसकों को अपने पसंदीदा सितारों की झलक देखने का मौका मिलता है। डु प्लेसी ने आरसीबी 'बोल्ड डायरीज' में कहा, 'फ्लावर शानदार कोच है और टीम खुशकिस्मत है कि वे हमारे साथ है।' वहीं फ्लावर ने कहा ,''हम आरसीबी की कहानी का नया अध्याय लिखेंगे और यह हमारी खुशकिस्मती है। हम इसे लेकर काफी रोमांचित हैं।



## श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर लाहिरू थिरिमाने का हुआ एक्सीडेंट, अस्पताल में भर्ती

कोलंबो। श्रीलंका के पूर्व कप्तान लाहिरू थिरिमाने को एक भयानक सड़क दुर्घटना का सामना करना पड़ा है। यह घटना अनुराधापुरा के पास हुई, जब थिरिमाने की कार एक लॉरी से टकरा गई। बताया जा रहा है कि इस घटना के बाद थिरिमाने को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है।

ईएसपीएनक्रिकइन्फो के अनुसार, थिरिमाने की चोट की सटीक प्रकृति अभी तक समझ में नहीं आई है, लेकिन वह वर्तमान में अनुराधापुरा टीचिंग हॉस्पिटल में स्थिर स्थिति में हैं। "थिरिमाने के साथ उनके एक साथी को भी उसी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जब यह दुर्घटना हुई तब थिरिमाने तीर्थ यात्रा पर थे। मूलतः कार विपरीत दिशा में जा रही एक लॉरी से टकरा गई थी।" 2010 में अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य पर पदार्पण करने के बाद थिरिमाने ने 26 टी20, 127 वनडे और 44 टेस्ट मैच खेले। उन्होंने तीन टी20 विश्व कप में भाग लिया, जिनमें से एक में 2014 में श्रीलंका की जीत हुई और दो वनडे विश्व कप में खेले।

## मुंबई ने खत्म किया आठ साल का इंतजार

# 42वीं बार जीता रणजी ट्रॉफी का खिताब

### 502 रन, 29 विकेट लेने वाले तनुश कोटियन बने प्लेयर ऑफ द सीरीज

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई रणजी ट्रॉफी के नवीनतम संस्करण की चैम्पियन बनी। मुंबई को जीत दिलाने में तनुश कोटियन के हरफनमौला प्रदर्शन का अहम योगदान रहा। बल्ले से 502 रन बनाने के साथ 29 विकेट लेने वाले तनुष को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। उन्होंने फाइनल मुकाबले में भी महत्वपूर्ण 7 विकेट चटकाए।घरेलू क्रिकेट की दिग्गज मुंबई ने आठ साल का इंतजार खत्म करते हुए अपना ही रिकॉर्ड बेहतर करके 42वीं बार रणजी ट्रॉफी खिताब जीता। फाइनल के पांचवें और आखिरी दिन मेजबान ने विदर्भ को 169 रन से हराया। टूर्नामेंट के इतिहास में 90 में से 48वीं बार मुंबई फाइनल में पहुंची थी। प्लेयर ऑफ द सीरीज बनने पर तनुश कोटियन ने कहा कि जब सीजन शुरू हुआ, तो हम यह रणजी ट्रॉफी जीतना चाहते थे क्योंकि दो साल पहले हम उपविजेता थे। हम इस कप को पाने के लिए काफी प्रयास कर रहे थे और आखिरकार इसे हासिल करके बहुत खुश हैं। पिछले सीज़न के प्रदर्शन ने मुझे बहुत आत्मविश्वास दिया। मेरे पिता, मेरे कोच और अज्जू दा ने मेरे साथ बहुत मेहनत की है, उन्होंने पूरे रास्ते मेरा मार्गदर्शन किया है। टीम का माहौल बहुत अच्छा था, हम पूरे समय अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन नॉकआउट में मुश्किल आई। खासकर तेज गेंदबाजों के लिए जो बहुत अधिक ब्रेक के बिना खेल रहे थे। हमने एक टीम के रूप में अच्छा खेला, इस सीजन में निचले क्रम में बल्लेबाजी भी शानदार रही।

### विदर्भ के कप्तान अक्षय वाडकर ने कहा-

हमारी पहली पारी अच्छी नहीं गई। पहली पारी में मुंबई को जल्दी आउट करने के बाद हमें अच्छी बल्लेबाजी करनी थी। हालांकि, हम ऐसा नहीं कर सके और यहीं हम इस फाइनल में पिछड़ गए। मुंबई ने वास्तव में अच्छी गेंदबाजी की, खासकर धवल कुलकर्णी ने। पिच पर बल्लेबाजी करना मुश्किल हो रहा था, लेकिन मुंबई के बल्लेबाजों ने गजब का जज्बा दिखाया। श्रेयस ने जिस तरह से कुछ गेंदों में तेजी से रन बनाए उसने हमसे लय छीन ली।

मुकाबले की बात करें तो मुंबई ने 8 साल का इंतजार खत्म करते हुए अपना ही रिकॉर्ड बेहतर करके 42वीं बार रणजी ट्रॉफी खिताब जीता। फाइनल के पांचवें और आखिरी दिन मेजबान ने विदर्भ को 169 रन से हराया। टूर्नामेंट के इतिहास में 90 में से 48वीं बार मुंबई फाइनल में पहुंची थी। वानखेड़े स्टेडियम पर खेले गए फाइनल में विदर्भ को 538 रन का लक्ष्य मिला था। विदर्भ के कप्तान अक्षय वाडकर (102) और हर्ष दुबे (65) ने अच्छा खेल दिखाया लेकिन टीम को हार झेलनी पड़ी।

### मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने कहा-

मैं विदर्भ के प्लेयरों की सराहना करता हूं। उन्होंने संघर्ष दिखाया। वे पिछले 7-8 साल से जिस तरह से खेल रहे हैं वह देखना शानदार है। हमारे लिए रणजी जीत वाकई खास है। पिछले साल, हम 1 रन से क्वालीफाई नहीं कर पाए थे इससे हमें वास्तव में दुख हुआ था। हम जानते थे कि हमारे पास प्रतिभा हैं, लेकिन जो महत्वपूर्ण है वह सही संस्कृति और दृष्टिकोण का निर्माण करना है। मैं एमसीए को भी उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं।

### रणजी ट्रॉफी के टॉप स्कोरर

939 रन - अग्नि चोपड़ा
902 रन - रिकी भुई
830 रन - सचिन बेबी
829 रन - चेतेश्वर पुजारा
816 रन -एन जगदीशन

### रणजी ट्रॉफी के टॉप विकेटटेकर

56 विकेट - तनय त्यागराजन
53 विकेट - रविश्रीनिवासन साई किशोर
43 विकेट - मोहित जांगड़ा
41 विकेट - कुमार कार्तिकेय
41 विकेट - एस अजित राम



फाइनल मुकाबले में दोनों टीमों की प्लेइंग-11

### 10वें नंबर पर आकर लगा चुके शतक

मुंबई के हरफनमौला खिलाड़ी तनुष कोटियन ने तुषार देशपांडे के साथ मिलकर बीकेसी ग्राउंड में बड़ौदा के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच के दौरान रणजी ट्रॉफी इतिहास में दसवें विकेट के लिए दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी की थी। उडुपी मूल के तनुष कोटियन और देशपांडे ने मिलकर 10वें विकेट के लिए 232 रन बनाए। तनुष 10वें नंबर पर आकर शतक लगाने वाले पहले प्लेयर बने। तनुश ने सीजन के 10 मैचों में बल्ले के साथ 502 रन बनाए। वह 5 अर्धशतक और एक शतक जमाने में भी सफल रहे। वहीं गेंद के साथ भी धमाल मचाते हुए उन्होंने 29 विकेट चटकाए।

## डच फुटबॉलर क्विंसी प्रॉम्स दुबई में गिरफ्तार

हेग। ड्रग्स की तस्करी और अपने चचेरे भाई पर चाकू से हमला करने के दोषी डच फुटबॉलर क्विंसी प्रॉम्स को डच अधिकारियों के अनुरोध पर दुबई में गिरफ्तार कर लिया गया है।

बुधवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में दुबई के सरकारी वकील ने इसकी जानकारी दी। बयान के अनुसार, गिरफ्तारी यूएई और नीदरलैंड के अधिकारियों के बीच ज्वाइंट ऑपरेशन की मदद से हुई। यह गिरफ्तारी नीदरलैंड द्वारा जारी रेड कॉर्नर नोटिस के आधार पर की गई।

शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, नीदरलैंड अब दुबई पुलिस से क्विंसी प्रॉम्स को उन्हें सौंपने का अनुरोध करेगा। रेड नोटिस दुनिया भर में कानून प्रवर्तन से प्रत्यर्पण, आत्मसमर्पण या इसी तरह की कानूनी कार्रवाई के लिए लंबित किसी व्यक्ति का पता लगाने और उसे अस्थायी रूप से गिरफ्तार करने के लिए जारी किया जाता है।

यह अनुरोध करने वाले देश में न्यायिक अधिकारियों द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट या अदालती आदेश पर आधारित है। किसी व्यक्ति को गिरफ्तार करना है या नहीं, यह तय करने में सदस्य देश अपने स्वयं के कानून लागू करते हैं।

पिछले महीने एम्स्टर्डम की अदालत ने कोकीन की एक बड़ी खेप की तस्करी में शामिल होने के लिए प्रॉम्स को उसकी अनुपस्थिति में छह साल जेल की सजा सुनाई थी। हालांकि, डच सरकारी वकील ने नौ साल की सजा की मांग की थी। वहीं पिछले साल एक फैमिली पार्टी में अपने चचेरे भाई को चाकू मारने के आरोप में भी प्रॉम्स को 1.5 साल की जेल हुई थी। 32 वर्षीय प्रॉम्स, जिन्होंने डच राष्ट्रीय टीम के लिए 50 मैच खेले, फरवरी 2021 में अजाक्स से स्पार्टक मॉस्को चले गए और मॉस्को के निवासी के रूप में वह अब तक डच पुलिस की पकड़ से दूर रहे। हालांकि, अपने रूसी क्लब के साथ यूएई में एक प्रशिक्षण शिविर के दौरान उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि फिलहाल जांच चल रही है और ज्यादा जानकादी नहीं दी जा सकती।


बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग

कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय

अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या– 225 वर्ष 2023–24

(विशेष शर्त्त मद एवं मात्रा के लिए वेबसाईट State.bihar.gov.in/prdbihar देखें)

समुचित श्रेणी मे निबंधित संवेदको/ख्याति प्राप्त फर्मों/कम्पनियों से दिनांक **25.03.2024** के अपराह्न 12.30 बजे तक निर्देशानुसार निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद कोटेशन अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, पटना का कार्यालय एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा और उसी दिन 3.00 बजे अपराह्न मे कोटेशनदात्ताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा।

कोटेशन का मुल्य (रुपये में) प्रत्येक कार्य क्रमांक के कोटेशन–पत्र के साथ कोटेशन मूल्य ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (O-GRAS) के माध्यम से (कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना) के पदनाम से जमा करना अनिवार्य होगा, जो कोटेशन प्रकाशन की तिथि के बाद का होना चाहिए। कोटेशन प्रकाशन के पूर्व के निर्गत ओ–ग्रास (O-GRAS) का कम्पयूटराईज्ड प्राप्ति रसीद पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। कोटेशन मूल्य संवेदक के द्वारा कुल कोटेड राशि के अनुसार होगा, जो निम्न प्रकार है :– रू0 0 से रू0 50,000 तक– रू0 250/–, रू0 50,001 से रू0 2,50,000 तक– रू0 500/–, रू0 2,50,001 से रू0 5,00,000 तक– रू0 750/–, रू0 5,00,001 से रू0 10,00,000 तक– रू0 1,250/–, रू0 10,00,001 से रू0 15,00,000 तक– रू0 2,500/– एवं अग्रधन की राशि– 2% (कोटेड राशि का मूल्य दो प्रतिशत) कोटेशन कागजात के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।

कार्य का विवरणी :–

| Sl No. | Name of Work/Specifiation |
|---|---|
| 01- | Supply and Installation of Furniture Work of Abhiyojan Nideshalay in Block- 2 in the Campus of Bihar Vidhan Mandal, Patna for the Year 2023-24. (Part- C) |
| 02- | Renovation of Abhiyojan Nideshalay in Block- 2 in the Campus of Bihar Vidhan Mandal, Patna for the Year 2023-24. (Part- 1) |
| 03- | Renovation of Abhiyojan Nideshalay in Block- 2 in the Campus of Bihar Vidhan Mandal, Patna for the Year 2023-24. (Part- 2) |
| 04- | Renovation of Abhiyojan Nideshalay in Block- 2 in the Campus of Bihar Vidhan Mandal, Patna for the Year 2023-24. (Part- 3) |
| 05- | Renovation of Abhiyojan Nideshalay in Block- 2 in the Campus of Bihar Vidhan Mandal, Patna for the Year 2023-24. (Part- 4) |
| 06- | Supply and Installation of Furniture Work of Abhiyojan Nideshalay in Block- 2 in the Campus of Bihar Vidhan Mandal, Patna for the Year 2023-24. (Part- A) |
| 07- | Supply and Installation of Furniture Work of Abhiyojan Nideshalay in Block- 2 in the Campus of Bihar Vidhan Mandal, Patna for the Year 2023-24. (Part- B) |

1. विशेष सूचना के लिए सूचनापट्ट या वेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prdbihar देखें या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पर्क करें।

कार्यपालक अभियंता
केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना

PR. No. 019902 (BCD) 2023-24

नशे से बनानी दूरी है, क्योंकि परिवार जरूरी है।



बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग

कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना का कार्यालय

अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या– 217 वर्ष 2023–24

समुचित श्रेणी मे निबंधित संवेदको/ख्याति प्राप्त फर्मों/कम्पनियों से दिनांक **23.03.2024** के अपराह्न 12.30 बजे तक निर्देशानुसार निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद कोटेशन अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, पटना का कार्यालय एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा और उसी दिन 3.00 बजे अपराह्न मे कोटेशनदात्ताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा।

कोटेशन का मुल्य (रुपये में) प्रत्येक कार्य क्रमांक के कोटेशन–पत्र के साथ कोटेशन मूल्य ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (O-GRAS) के माध्यम से (कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना) के पदनाम से जमा करना अनिवार्य होगा, जो कोटेशन प्रकाशन की तिथि के बाद का होना चाहिए। कोटेशन प्रकाशन के पूर्व के निर्गत ओ–ग्रास (O-GRAS) का कम्पयूटराईज्ड प्राप्ति रसीद पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। कोटेशन मूल्य संवेदक के द्वारा कुल कोटेड राशि के अनुसार होगा, जो निम्न प्रकार है :– रू0 0 से रू0 50,000 तक– रू0 250/–, रू0 50,001 से रू0 2,50,000 तक– रू0 500/–, रू0 2,50,001 से रू0 5,00,000 तक– रू0 750/–, रू0 5,00,001 से रू0 10,00,000 तक– रू0 1,250/–, रू0 10,00,001 से रू0 15,00,000 तक– रू0 2,500/– एवं अग्रधन की राशि– 2% (कोटेड राशि का मूल्य दो प्रतिशत) कोटेशन कागजात के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।

कार्य का विवरणी :–

| Sl No. | Name of Work/Specifiation | Qnt. | Unit | Quoted Rate (in Number and Word) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Renovation of Wall Panellling in Bihar Rajha Yojna Parisad, 4th Floor Vishweshwaraiya Bhawan, Patna for the year 2023 -24. | | | |
| 02- | Renovation of Wall Panellling, Glass door & sanitary installation in Bihar Rajha Yojna Parisad, 4th Floor Vishweshwaraiya Bhawan, Patna for the year 2023-24. | | | |
| 04- | Supplying, Fitting and Fixing roller blind & granite work in Bihar Rajha Yojna Parisad, 4th Floor Vishweshwaraiya Bhawan, Patna for the year 2023-24. | | | |
| 05- | RENOVATION OF UPVC WINDOW IN BIHAR RAJYA YOJNA PARISHAD AT 4TH FLOOR OF VISHWESHWARAIYA BHAWAN, PATNA FOR THE YEAR 2023 -24. (PART-I) | | | |
| 06- | RENOVATION OF UPVC WINDOW IN BIHAR RAJYA YOJNA PARISHAD AT 4TH FLOOR OF VISHWESHWARAIYA BHAWAN, PATNA FOR THE YEAR 2023 -24. (PART-II) | | | |
| 07- | RENOVATION TEXTURED INTERIOR PAINTING IN CORRIDOR AND DIFFERENT CHAMBERS IN BIHAR RAJYA YOJNA PARISHAD AT 4TH FLOOR OF VISHWESHWARAIYA BHAWAN, PATNA FOR THE YEAR 2023 -24. | | | |

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

PR- 019891 (BCD) 2023-24

कार्यपालक अभियंता
केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार



बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग

कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय

अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या– 219 वर्ष 2023–24

समुचित श्रेणी मे निबंधित संवेदको/ख्याति प्राप्त फर्मों/कम्पनियों से दिनांक **23.03.2024** के अपराह्न 12.30 बजे तक निर्देशानुसार निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद कोटेशन अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, पटना का कार्यालय एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा और उसी दिन 3.00 बजे अपराह्न मे कोटेशनदात्ताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा।

कोटेशन का मुल्य (रुपये में) प्रत्येक कार्य क्रमांक के कोटेशन–पत्र के साथ कोटेशन मूल्य **ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (O-GRAS)** के माध्यम से (कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना) के पदनाम से जमा करना अनिवार्य होगा, जो कोटेशन प्रकाशन की तिथि के बाद का होना चाहिए। कोटेशन प्रकाशन के पूर्व के निर्गत ओ–ग्रास (O-GRAS) का कम्पयूटराईज्ड प्राप्ति रसीद पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। कोटेशन मूल्य संवेदक के द्वारा कुल कोटेड राशि के अनुसार होगा, जो निम्न प्रकार है :– रू0 0 से रू0 50,000 तक– रू0 250/–, रू0 50,001 से रू0 2,50,000 तक– रू0 500/–, रू0 2,50,001 से रू0 5,00,000 तक– रू0 750/–, रू0 5,00,001 से रू0 10,00,000 तक– रू0 1,250/–, रू0 10,00,001 से रू0 15,00,000 तक– रू0 2,500/– एवं अग्रधन की राशि– 2% (कोटेड राशि का मूल्य दो प्रतिशत) कोटेशन कागजात के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।

कार्य का विवरणी :–

| Sl No. | Name of Work/Specifiation | Qnt. | Unit | Quoted Rate (in Number and Word) |
|---|---|---|---|---|
| 01- | Renovation of Wardrobe and Partition in North Wing and Central Wing of Education Deptt. at Vikash Bhawan, Patna for the year 2023-24. | | | |
| 02 | Renovation of Floor Tiles (Vitrified Tiles) in North Wing and Central Wing of Education Deptt. at Vikash Bhawan, Patna for the year 2023-24. | | | |
| 03- | Renovation of Accoustic Wall Paneling in North Wing of Education Deptt. at Vikash Bhawan, Patna for the year 2023-24. | | | |
| 04- | Renovation of Accoustic Wall Paneling in Central Wing of Education Deptt. at Vikash Bhawan, Patna for the year 2023-24. | | | |
| 05- | Renovation of Sanitary and P.H. Work in Education Deptt. at Vikash Bhawan, Patna for the year 2023-24. | | | |
| 06- | Renovation of Aluminum Work, Vertical Blind, False Ceiling and Other Works in North, West & Central Side of Education Deptt. at Vikash Bhawan, Patna for the year 2023-24. | | | |
| 07- | Renovation of Granite Work, Wooden Polishing and Other Work in North South and Central Side of Education Deptt. at Vikash Bhawan, Patna for the year 2023-24. | | | |
| 08- | S/F/F Different type of Fittings in Education Deptt. Ground Floor at Vikash Bhawan, Patna for the year 2023-24. | | | |

विशेष सूचना के लिए सूचनापट्ट या वेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prdbihar देखें या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पर्क करें।

कार्यपालक अभियंता
केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना

PR- 019924 ( BCD ) 2023-24

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।



बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग

कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय

अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या– 220 वर्ष 2023–24

समुचित श्रेणी मे निबंधित संवेदको/ख्याति प्राप्त फर्मों/कम्पनियों से दिनांक **23.03.2024** के अपराह्न 12.30 बजे तक निर्देशानुसार निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद कोटेशन अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, पटना का कार्यालय एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा और उसी दिन 3.00 बजे अपराह्न मे कोटेशनदात्ताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा।

कोटेशन का मुल्य (रुपये में) प्रत्येक कार्य क्रमांक के कोटेशन–पत्र के साथ कोटेशन मूल्य ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (O-GRAS) के माध्यम से (कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना) के पदनाम से जमा करना अनिवार्य होगा, जो कोटेशन प्रकाशन की तिथि के बाद का होना चाहिए। कोटेशन प्रकाशन के पूर्व के निर्गत ओ–ग्रास (O-GRAS) का कम्पयूटराईज्ड प्राप्ति रसीद पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। कोटेशन मूल्य संवेदक के द्वारा कुल कोटेड राशि के अनुसार होगा, जो निम्न प्रकार है :– रू0 0 से रू0 50,000 तक– रू0 250/–, रू0 50,001 से रू0 2,50,000 तक– रू0 500/–, रू0 2,50,001 से रू0 5,00,000 तक– रू0 750/–, रू0 5,00,001 से रू0 10,00,000 तक– रू0 1,250/–, रू0 10,00,001 से रू0 15,00,000 तक– रू0 2,500/– एवं अग्रधन की राशि– 2% (कोटेड राशि का मूल्य दो प्रतिशत) कोटेशन कागजात के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।

कार्य का विवरणी :–

| Sl No. | Name of Work/Specifiation | Qnt. | Unit | Quoted Rate (in Number and Word) |
|---|---|---|---|---|
| 01- | Additional Acousting Wall Paneling in North Wing Ground Floor of Education Deptt. at Vikash Bhawan, Patna for the year 2023-24. | | | |
| 02- | Renovation of Toughened Glass Door and Additional Acousting Wall Paneling in Central Wing Ground Floor of Education Deptt. at Vikash Bhawan, Patna for the year 2023-24. | | | |
| 03- | S/F/F of Furniture in North & Central Wing of Education Dept. at Vikash Bhawan, Patna for the year 2023-24. | | | |
| 04- | S/F/F of Compactor for Record Room of Third Floor Education Dept. at Vikash Bhawan, Patna for the year 2023-24. | | | |
| 05- | S/F/F of Compactor for Record Room No.- 333 Education Dept. at Vikash Bhawan, Patna for the year 2023-24. | | | |
| 06- | S/F/F of Compactor for Record Room & Work Station in Education Dept. at Vikash Bhawan, Patna for the year 2023-24. | | | |
| 07- | S/F/F of Chair in North & Central Wing of Education Dept. at Vikash Bhawan, Patna for the year 2023-24. | | | |
| 08- | S/F/F of Furniture in Room No.- 53A & 53B of Education Dept. at Vikash Bhawan, Patna for the year 2023-24. | | | |
| 09- | S/R to Tiles, PVC Flooring and Modular Kitchen in Residence No.- 2 at Strand Road, Patna for the year 2023-24. | | | |

विशेष सूचना के लिए सूचनापट्ट या वेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prdbihar देखें या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पर्क करें।

कार्यपालक अभियंता
केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना

PR- 019923 ( BCD ) 2023-24

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com | epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran | @Pratahkiran



## संक्षिप्त समाचार

### किडनी फेल्योर के बारे में जागरूकता फैलाकर विश्व किडनी दिवस मनाया

**अहमदाबाद, एजेंसी।** अहमदाबाद के मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल में, हम इस बात को समझते हैं कि दर्द सामान्य तौर पर प्रचलित एक लक्षण है जिससे लोग बड़ी संख्या में पीड़ित हैं, और यह उनके रोज़मर्रा के काम-काज पर काफी बुरा असर डालता है। सिर से लेकर पाँव तक, शरीर के किसी भी हिस्से में दर्द की शिकायत हो सकती है। ऐसे मामलों में, लोग अक्सर अपनी पीड़ा को कम करने के लिए डॉक्टरी सलाह के बिना दर्द निवारक दवाओं या घर पर मौजूद दवाओं का सहारा लेते हैं, लेकिन वे इसकी वजह से किडनी को होने वाले नुकसान जैसे संभावित खतरों से बेखबर होते हैं। पेनकिलर्स, यानी दर्द निवारक दवाओं के इस्तेमाल से किडनी संबंधी कई तरह की बीमारियाँ हो सकती हैं, जिनमें हल्की सूजन से लेकर किडनी फेल्योर जैसे गंभीर परिणाम शामिल है। आजकल बाज़ार में दर्द से राहत दिलाने वाली कई तरह की दवाएँ उपलब्ध हैं, जिन्हें मोटे तौर पर दो श्रेणियों- यानी एनएसएआइडीएस और नॉन-एनएसएआइडीएस में बाँटा जाता है। डॉ. सिद्धार्थ मवानी, डायरेक्ट नेफ्रोलॉजी एंड किडनी ट्रांसप्लांट, मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल, कहते हैं, एनएसएआइडी दवाएँ मुख्य रूप से तीन प्रकार से किडनी पर असर कर सकती हैं अस्थायी या एक्यूट रीनल फेल्योर, इन्टर्स्टिशल नेफ्रैटिस, और/या स्थायी या क्रोनिक किडनी फेल्योर, जिसे एक्यूट नेफ्रैटिस भी कहा जाता है। एक्यूट किडनी फेल्योर का मतलब अचानक किडनी खराब होना है। कई मरीज को तो सिर्फ एक या दो एनएसएआइडीएस दवाएँ लेने से ही किडनी फेल्योर हो सकता है। हालाँकि सामान्य तौर पर ऐसा नहीं होता है, लेकिन ऐसा होना पूरी तरह असामान्य भी नहीं है।

### भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों के दर्शन को उमड़ रहे कई देशों के श्रद्धालु

**नई दिल्ली।** भारत की ओर से प्रदर्शनी के लिए थाईलैंड भेजे गए भगवान बुद्ध और उनके दो शिष्यों अरिहंत सारिपुत्त तथा अरिहंत मोदगलायन के पवित्र अस्थि अवशेषों के दर्शन के लिए अब उबोन रत्चथानी शहर में भारी भीड़ उमड़ रही है। थाईलैंड में भारतीय उच्चायोग ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''उबोन रत्चथानी के वाट महा वानाराम में भारत से आए पवित्र अवशेषों की प्रदर्शनी के दूसरे दिन थाईलैंड और पड़ोसी देशों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। शुभ छठे चक्र और राजा राम दशम के 72वें जन्म वर्ष के उपलक्ष्य में भारत और थाईलैंड के लोगों के बीच मित्रता के प्रतीक के रूप में भगवान बुद्ध और उनके शिष्यों के पवित्र अवशेष थाईलैंड के चार अलग-अलग स्थानों पर लगने वाली 26 दिवसीय प्रदर्शनी के लिए 22 फरवरी को थाईलैंड भेजे गए थे।इन्हें प्रदर्शनी के पहले हिस्से के तौर पर 23 फरवरी को बैंकॉक में सनम लुआंग मंडप के एक भव्य मंडपम में स्थापित किया गया था। बैंकॉक के बाद अवशेषों को 4 से 8 मार्च के बीच चियांग माई शहर में भेजा गया। इन दोनों शहरों में 15 लाख से अधिक लोगों ने पवित्र अवशेषों पर श्रद्धांजलि अर्पित की। अवशेषों पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए थाईलैंड के अलावा कंबोडिया, लाओस और वियतनाम के श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। इसके बाद अवशेषों को दक्षिणी शहर क्राबी ले जाया जाएगा। इस अवसर पर थाईलैंड में भारतीय दूतावास ने यूपी पर्यटन के सहयोग से 'बुद्धभूमि भारत- भगवान बुद्ध के नक्शेकदम पर यात्रा' नामक एक मंडप भी बनाया है, जिसमें भारत की बौद्ध विरासत और समृद्ध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक झलक दिखाई देती है। उल्लेखनीय है कि बुद्ध के पवित्र अवशेष भारत के राष्ट्रीय संग्रहालय में रखे रहते हैं। उनके अवशेषों को उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जिले के पिपरहवा से खुदाई के दौरान प्राप्त किया गया था, जिसे प्राचीन शहर कपिलवस्तु का ही एक हिस्सा माना जाता है। इसके अलावा उनके दोनों शिष्यों के अवशेष मध्य प्रदेश के सांची स्तूप में रखे होते हैं। उनके पवित्र अवशेषों की खुदाई 1851 में ब्रिटिश पुरातत्वविदों द्वारा की गई थी और फिर उन्हें इंग्लैंड के विक्टोरिया और अल्बर्ट संग्रहालय में ले जाया गया था। हालांकि भारत में महाबोधि सोसाइटी और कई लोगों के प्रयासों से एक लंबे संघर्ष के बाद 1948 में उनके अवशेषों को वापस भारत लाया गया।

# जेवर एयरपोर्ट के पास बसाए जाएंगे 10 नए सेक्टर, यीडा बनाएगा लैंड बैंक

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
यमुना विकास प्राधिकरण (यीडा) ने बजट पारित होने के बाद नए सेक्टर बसाने के लिए लैंड बैंक बनाने की तैयारी तेज कर दी है। सितंबर में जेवर एयरपोर्ट से उड़ान भरना प्रस्तावित है। ऐसे में इसके आसपास सेक्टरों में भी औद्योगिक पार्क विकसित करने की योजना है। इससे पहले प्राधिकरण अधिग्रहण की तैयारी कर रहा है। प्राधिकरण के अधिकारी ने बताया कि सेक्टर-10 में पांच नए औद्योगिक पार्क विकसित करने की तैयारी है। इनमें लेदर फुटवियर पार्क, सामान और सहायक उपकरण पार्क, प्लास्टिक प्रसंस्करण पार्क, हथकरघा और इलेक्ट्रिक वाहन पार्क विकसित किए जाएंगे।

पांचों औद्योगिक पार्कों के लिए शासन से 243.9 हेक्टेयर भूमि के अधिग्रहण की स्वीकृति मिल चुकी है। इसके अलावा यहां सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण केंद्र होंगे, जिन्हें पहले लगभग 500 एकड़ भूमि पर विकसित करने की घोषणा की गई थी। अब इन्हें सेक्टर-10 में 243 हेक्टेयर भूमि में विकसित किए जाने पर मंजूरी मिली है। इस परियोजना में 15,000 करोड़ रुपये का निवेश आने की उम्मीद है।




यमुना प्राधिकरण क्षेत्र को विकसित करने के लिए अधिग्रहण की प्रक्रिया तेजी से बढ़ रही है।

वर्ष 2022-23 में भूमि अधिग्रहण के लिए 695 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित था, जिसके सापेक्ष खर्च 640 करोड़ रुपये किया गया। वहीं, वर्ष 2023-24 में यह बजट बढ़कर 1851 करोड़ कर दिया गया, जिसके सापेक्ष प्राधिकरण ने 1900 करोड़ रुपये खर्च किए। वहीं, इस वर्ष प्राधिकरण ने भूमि अधिग्रहण पर छह हजार करोड़ रुपये खर्च करने की योजना बनाई है। इससे प्राधिकरण खुद का 3700 हेक्टेयर भूमि का लैंड बैंक तैयार कर सकेगा, ताकि जरूरत पड़ने पर रुकी परियोजनाओं को भूमि देकर काम शुरू कराया जा सके।

इस वर्ष जापानी व कोरियन सिटी बसाने का रास्ता भी साफ हो गया है। इसके लिए सेक्टर-4ए और 5ए में जमीन का अधिग्रहण किया जाना है। यह डेडिकेटेड सिटी होगी, जिसमें जापानी और कोरियन कल्चर से जुड़े अस्पताल, मकान, दुकान और शिक्षण संस्थान होंगे। यह सोसाइटी एयरपोर्ट के नजदीक प्रस्तावित है। यमुना विकास प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने कहा, लैंड बैंक के लिए भू-अधिग्रहण की प्रक्रिया को जल्द शुरू किया जाएगा। प्राधिकरण आठ सेक्टरों में भूमि अधिग्रहण करेगा। इनमें नए औद्योगिक पार्क और आवासीय क्षेत्र विकसित किया जा सकेगा। परियोजनाओं को पूरा करने में बाधा नहीं आएगी। यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में छह जिलों के 1137 गांवों की जमीन अधिसूचित क्षेत्रफल में आती है। अगले 17 सालों में अधिकांश अधिसूचित क्षेत्रफल की जमीन अधिग्रहित करने का लक्ष्य रखा गया है। प्राधिकरण ने अगले एक साल में 3700 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण करने का फैसला बोर्ड बैठक में किया है। जमीन एयरपोर्ट की जमीन से अलग है। 10 नए सेक्टर बसाने के लिए प्राधिकरण जमीन का अधिग्रहण करेगी। जमीन अधिग्रहण का मुआवजा दर इस समय 3100 रुपये प्रति वर्गमीटर है। कुछ महीने पहले ही इसमें 800 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। जानकारी के मुताबिक 3700 हेक्टेयर के लैंड बैंक बनाने पर 12 हजार करोड़ का खर्च आना है, जिसमें आधा पैसा शासन और आधा पैसा प्राधिकरण के स्तर से वहन किया जा रहा है।

## दिल्ली में बेकाबू कार ने कई लोगों को कुचला, महिला की मौत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में बुधवार की रात एक अनियंत्रित तेज रफ्तार कार ने कई लोगों को कुचल दिया। इस हादसे में अब तक एक महिला की मौत हो गई है। वहीं गंभीर रूप से घायल 7 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह गाजीपुर थाना क्षेत्र में मयूर विहार फेस 3 स्थित बुध बाजार की घटना है।

हादसे के बाद सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर स्थानीय पुलिस व जिले के वरिष्ठ अधिकारी पहुंचे। पूर्वी दिल्ली की पुलिस उपायुक्त अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि घायलों को फिलहाल अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। वहीं एक महिला की मौत हो चुकी है। स्थानीय लोगों ने कार चालक को मौके पर ही पकड़ लिया। कार चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पूर्वी दिल्ली की पुलिस उपायुक्त अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि बुधवार करीब 9:30 बजे, एक सिल्वर रंग की हुंडई गाड़ी ने कई लोगों को टक्कर मारी। इस में घायल हुए व्यक्ति जो अभी तक लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में आए हैं, उनकी कुल संख्या 7 हैं, इसमें पांच महिलाएं तथा दो पुरुष हैं। सात व्यक्तियों में से एक महिला सीता देवी पुत्री मुन्नालाल उम्र 22 वर्ष पता खोड़ा कॉलोनी, हयात नगर, गाजियाबाद मृत हैं। इसमें आरोपी अभियुक्त कार चालक भी घायल है, जिसका इलाज चल रहा है। आरोपी पुलिस की हिरासत में है। कानूनी कार्रवाई की जा रही है। हादसे के बाद मौके पर स्थानीय लोगों ने जमकर खूब हंगामा काटा और कार चालक को मौके पर ही पकड़कर जमकर पिटाई कर दी। मौके पर मौजूद लोग कार पर चढ़कर कार के साथ तोड़फोड़ किए और आक्रोश के चलते लोगों ने कार के शीशे व दरवाजे इत्यादि पूरी तरह तोड़ दिया। पुलिस मामला दर्ज कर आरोपी कार चालक से पूछताछ के साथ ही घायलों के राहत बचाव में लगी है। इस हंगामा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया।

## केजरीवाल ने कोर्ट में खुद पेश होने का किया था वादा, अब खटखटा दिया ऊपरी अदालत का दरवाजा

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेशी की तारीख से ठीक पहले ऊपरी अदालत का दरवाजा खटखटा दिया है। कथित शराब घोटाले में ईडी के समन को दरकिनार किए जाने की वजह से केजरीवाल के खिलाफ जांच एजेंसी ने शिकायत की थी। केजरीवाल को 16 मार्च को पेश होने को कहा गया था। अब उन्होंने अदालत के समन के खिलाफ सेशंस कोर्ट में याचिका दायर की है। राउज ऐवेन्यू कोर्ट में स्पेशल जज राकेश स्याल के सामने मामले को सूचीबद्ध किया गया है।

ईडी ने समन को नजरअंदाज किए जाने की वजह से 3 फरवरी और 6 मार्च को मजिस्ट्रेट कोर्ट में शिकायत की थी। केंद्रीय जांच एजेंसी ने केजरीवाल के खिलाफ आईपीसी की धारा 174 के तहत केस चलाने की मांग की है। लोकसेवक के आदेश पर हाजिर नहीं होने पर इस धारा के तहत केस चलाया जाता है। इसमें दोषी करार दिए जाने वाले व्यक्ति को एक महीने तक जेल और 500 रुपए जुर्माने की सजा हो सकती है। दिल्ली के कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में पूछताछ के लिए बुलाते हुए ईडी ने केजरीवाल को अब तक कुल 8 समन भेजे हैं।

केजरीवाल को 4 मार्च, 26 फरवरी, 19 फरवरी, 2 फरवरी, 18 जनवरी, 3 जनवरी, पिछले साल 22 दिसंबर और 2 नवंबर को पूछताछ के लिए बुलाया गया था। अडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) दिव्या मल्होत्रा ने ईडी की पहली शिकायत पर केजरीवाल को 17 फरवरी को बुलाया था। दिल्ली के मुख्यमंत्री उस दिन वर्चुअल माध्यम से कोर्ट के सामने हाजिर हुए और बजट



सत्र में व्यस्तता का हवाला देकर छूट की गुजारिश की। उन्होंने कोर्ट से अगली तारीख की मांग करते हुए कहा था कि वह खुद हाजिर होंगे। अदालत ने उनकी अपील को स्वीकार करते हुए 16 मार्च को व्यक्तिगत तौर पर पेश होने को कहा था। इसके बाद ईडी ने अंतिम तीन समन को लेकर भी केजरीवाल के खिलाफ कोर्ट में शिकायत दायर की। मल्होत्रा ने इसका संज्ञान लेकर केजरीवाल को कोर्ट में 16 मार्च को खुद पेश होने को कहा। ईडी ने अपनी शिकायत में कहा कि उन्हें (केजरीवाल) को यह जानने का कोई लीगल हक नहीं है कि उन्हें गवाह के तौर पर बुलाया जा रहा है या फिर आरोपी के रूप में। जांच एजेंसी ने उन पर जानबूझकर समन को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया। एजेंसी ने कहा था कि केजरीवाल को उनकी और कुछ अन्य लोगों की भूमिका के बारे में पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

## हिमाचल में पेंशनधारियों के लिए अच्छी खबर, मार्च माह से मिलेगा एरियर

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने पेंशनर्स को छठे वेतन आयोग की सिफारिशों के मुताबिक संशोधित वेतनमान के एरियर के भुगतान की अधिसूचना जारी कर दी है। राज्य सरकार ने एरियर की अदायगी के लिए नया मापदंड अपनाया है। इसके लिए उनकी आयु को आधार बनाया गया है। एरियर के भुगतान को पेंशनरों की आयु के हिसाब वर्गीकृत किया गया है। अधिसूचना में मार्च महीने में पेंशनरों को मिलने वाली एरियर की किश्त उनकी आयु के मुताबिक तय होगी।

अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि मार्च महीने में 65 साल से कम आयु वाले पेंशनरों को एरियर का 15 फीसदी भुगतान होगा। इसके अलावा 65 से 70 वर्ष की आयु वाले पेंशनरों को 18 फीसदी, 70 से 75 वर्ष की आयु वाले पेंशनरों को 20 फीसदी और 75 व इससे अधिक आयु वर्ग के पेंशनरों को 35 फीसदी एरियर का भुगतान किया जाएगा।

इस बीच हिमाचल प्रदेश पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन ने एरियर सम्बंधी नई अधिसूचना के स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि इस मापदण्ड से एरियर भुगतान से पेंशनरों को सम्मानजनक राशि प्राप्त होगी। उन्होंने सरकार से पेंशनरों के लंबित डीए व ग्रेच्युटी को भी शीघ्र अधिसूचित करने की मांग की है।

बता दे कि इससे पहले प्रदेश सरकार ने एरियर भुगतान को लेकर अधिसूचना जारी की थी। जिसके तहत पेंशनरों को एक वर्ष में एरियर का तीन प्रतिशत भुगतान का प्रावधान था, वहीं पूरा एरियर के भुगतान में 33 वर्ष लगने थे। लेकिन पेंशनरों व कर्मचारियों के विरोध के चलते प्रदेश सरकार ने उस अधिसूचना को वापिस ले लिया था।



## शॉर्ट कमीशन महिला अधिकारी नहीं मांग सकतीं स्थायी कमीशन, भारतीय तटरक्षक ने सुप्रीम कोर्ट में दिया जवाब

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय तटरक्षक ने सेवा में ज्यादा महिला अधिकारियों को शामिल करने की प्रतिबद्धता जताते हुए सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि शॉर्ट सर्विस कमीशन (एसएससी) अधिकारियों से संबंधित वर्तमान भर्ती नियम के तहत वे स्थायी कमीशन की मांग नहीं कर सकती हैं। भारतीय तटरक्षक बल ने एक महिला अधिकारी द्वारा स्थायी कमीशन की मांग संबंधी याचिका के जवाब में दाखिल हलफनामे में यह बात कही है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने हाल में केंद्र से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा था कि महिलाओं को तटरक्षक बल में स्थायी कमीशन दिया जाए। तटरक्षक के उप महानिरीक्षक राजकमल सिन्हा द्वारा दाखिल हलफनामे में कहा गया, (तटरक्षक के) भर्ती नियम में कहा गया है कि महिला अधिकारियों के पास भविष्य में स्थायी प्रवेश योजना में जाने का विकल्प नहीं होगा। इस मामले में याचिकाकर्ता सहित चयनित उम्मीदवारों को दिए गए नियुक्ति पत्र में भी इसका उल्लेख किया गया था। हलफनामे के अनुसार, तटरक्षक मुख्य रूप से समुद्री सेवा है। इसमें 66 प्रतिशत कर्मियों को तैरती इकाइयों को चलाने के लिए मंजूरी दी गई है और केवल 33 प्रतिशत कर्मियों को तट संबंधी इकाइयों के संचालन के लिए मंजूरी दी गई है। स्थायी प्रवेश को लेकर महिला अधिकारियों के लिए केवल 10 प्रतिशत नियुक्तियों पर विचार किया गया।

## नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने तीसरी बार जीता विश्वास मत

**काठमांडू, एजेंसी।**
नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड बुधवार को पिछले 14 महीनों में तीसरी बार विश्वास मत जीतने में सफल रहे। अध्यक्ष देवराज घिमिरे ने कहा कि पीएम प्रचंड ने 157 वोट हासिल किए, जबकि उनके विरोध में 110 सांसदों ने वोट किया। संसद सचिव ने कहा कि 275 सदस्यों में से 268 उस वक्त सदन में मौजूद थे, जब वोटिंग हो रही थी। पीएम प्रचंड को यूएमएल, राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी, सीपीएन (यूनिफाइड सोशलिस्ट) और कुछ स्वतंत्र सांसदों का समर्थन प्राप्त था।

इससे पहले पीएम प्रचंड ने नेपाली कांग्रेस से अपना रास्ता अलग करते हुए कम्युनिष्ट पार्टी ऑफ नेपाल सहित अन्य दलों के साथ गठबंधन कर लिया था। सीपीएन-यूएमएल के समर्थन से वह साल 2022 के दिसंबर महीने में प्रधानमंत्री बन गए थे, लेकिन महज दो महीने के भीतर उन्होंने गठबंधन तोड़कर नेपाली कांग्रेस से हाथ मिला लिया था। मार्च 2023 में उन्होंने नेपाली कांग्रेस के समर्थन से दूसरी बार विश्वास मत हासिल कर लिया और इसके बाद मंत्रियों को पार्टी में से शामिल किया, लेकिन नेपाली कांग्रेस के साथ उनके रिश्ते अच्छे नहीं रहे। मार्च के पहले सप्ताह में प्रचंड ने नेपाली कांग्रेस से अपना गठबंधन तोड़ लिया और इसके बाद उन्होंने यूएमएल और दूसरी अन्य पार्टियों के साथ गठबंधन कर लिया, जिसे कुछ लोगों ने बीजिंग समर्थन गठबंधन भी बताया। यूएमएल चेयरमैन केपी ओली ने स्पष्ट कर दिया कि हाल ही में हुए सत्ता परिवर्तन में चीन की कोई भूमिका नहीं है। उन्होंने उन सभी कयासों को सिरे से खारिज कर दिया, जिसमें यह कहा जा रहा था कि चीन ही नेपाल में कम्युनिस्ट पार्टी सरकार लेकर आया है। उन्होंने आगे कहा, हम ही हैं, जिन्होंने यह गठबंधन बनाया है। सदन की बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विश्वास मत हासिल करना अनिवार्य हो जाता है।

## युद्ध की तैयारी कर रहा उत्तर कोरिया?

### तानाशाह किम जोंग ने युद्धक टैंकों का अभ्यास देखा, खुद भी चलाया टैंक

**प्योंगयांग, एजेंसी।**
उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन एक बार फिर चर्चा में हैं। दक्षिण कोरिया और संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा संयुक्त अभ्यास समाप्त होने से पहले कोरिया में एक नया सैन्य प्रदर्शन किया गया है। किम ने बुधवार को एक सैन्य प्रदर्शन का नेतृत्व किया। इस दौरान उन्होंने कमांडरों को एक वास्तविक युद्ध जैसा अभ्यास आयोजित करने को कहा। इस दौरान एक नए प्रकार के मुख्य युद्धक टैंक ने अपने पहले प्रदर्शन में अपनी मारक शक्ति का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया। किम ने अपने कमांडरों के प्रदर्शन पर संतोष व्यक्त किया। भारी टैंकों ने एक ही बार में लक्ष्यों पर हमला किया और मजबूत रक्षा रेखाओं को तोड़ दिया। बता दें, 105वीं टैंक डिवीजन वह इकाई है, जिसने कोरियाई युद्ध के दौरान दक्षिण कोरिया



की राजधानी सियोल पर कब्जा कर लिया था। इसे युद्ध अभ्यास का विजेता घोषित किया गया था। किम के साथ इस कार्यक्रम में रक्षा मंत्री कांग सुन नाम सहित वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। कोरियाई मीडिया ने सैन्य अभ्यास के दौरान की तस्वीरें जारी की हैं। एक तस्वीर में कोरिया के तानाशाह को टैंक से बाहर झांकते हुए देखा जा सकता है। रिपोर्ट में बताया गया है कि किम ने खुद टैंक चलाया था। जबकि अन्य तस्वीर में किम को एक लेदर जैकेट पहने और कमांडरों से घिरा हुआ देखा गया। साथ ही गोला बारूद को नष्ट करने वाले उत्तर कोरियाई ध्वज के साथ टैंक भी दिखाई दे रहे हैं। यह अभ्यास ऐसे समय में हो रहा है जब दक्षिण कोरिया और अमेरिका से जुड़े संयुक्त वार्षिक अभ्यास गुरुवार को समाप्त होने वाला है। प्योंगयांग द्वारा नवंबर में तनाव को कम करने के उद्देश्य से 2018 के अंतर-कोरियाई सैन्य समझौते को रद्द करने के बाद होने वाला पहला अभ्यास था।

# एक बिल्ली के कारण हाई अलर्ट पर जापान का फुकुयामा शहर

**टोक्यो, एजेंसी।**
जापान का एक शहर एक बिल्ली के कारण हाई अलर्ट पर है। बता दें कि वो बिल्ली देर रात में गायब होने से पहले खतरनाक रसायनों के एक टैंक में गिर गई थी।

हिरोशिमा प्रान्त के फुकुयामा में अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने गश्त बढ़ा दी है और निवासियों को जानवर के पास न जाने की चेतावनी दी है, जिसे आखिरी बार सुरक्षा फुटेज में रविवार को एक प्लेटिंग फैक्ट्री से निकलते हुए देखा गया था।

अधिकारियों ने कहा कि सोमवार को एक कार्यकर्ता द्वारा खोजे गए पंजे के निशान से हेक्सावलेंट क्रोमियम की 3 मीटर गहरी टंकी मिली, जो एक कैंसर पैदा करने वाला रसायन है जो छूने या साँस लेने पर चकत्ते और सूजन पैदा कर सकता है। फुकुयामा सिटी हॉल के एक अधिकारी ने कहा कि आस-पड़ोस की तलाशी के दौरान अभी तक बिल्ली नहीं मिली है और यह भी स्पष्ट नहीं है कि जानवर जीवित है या नहीं। नोमुरा मेक्की फुकुयामा फैक्ट्री के प्रबंधक अकिहिरो कोबायाशी ने कहा कि जब कर्मचारी सप्ताहांत के बाद काम पर लौटे तो रासायनिक वैट को ढकने वाली एक शीट आंशिक रूप से फटी हुई पाई गई। उन्होंने कहा, कर्मचारी तब से बिल्ली की तलाश कर रहे हैं।

कोबायाशी ने कहा, फैक्ट्री के कर्मचारी आमतौर पर सुरक्षात्मक कपड़े पहनते हैं और कर्मचारियों के बीच कोई स्वास्थ्य समस्या सामने नहीं आई है।

हेक्सावलेंट क्रोमियम, या क्रोमियम -6, शायद 2000 की फिल्म ÷एरिन ब्रोकोविच÷ में जूलिया रॉबर्ट्स अभिनीत कैंसरजन्य रसायन के रूप में जाना जाता है। वास्तविक जीवन के कानूनी मामले पर आधारित यह नाटकीयता एक उपयोगिता कंपनी के खिलाफ नामधारी कार्यकर्ता की लड़ाई पर केंद्रित है, जिस पर कैलिफोर्निया के ग्रामीण समुदाय में पानी को प्रदूषित करने का आरोप है, जिससे इसके निवासियों में कैंसर का स्तर बढ़ गया और मृत्यु हो



गई। यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) के अनुसार, यह पदार्थ आंखों, त्वचा और श्वसन प्रणाली के लिए हानिकारक है।

सीडीसी ने अपनी वेबसाइट पर कहा है कि हेक्सावलेंट क्रोमियम के संपर्क से श्रमिकों को नुकसान हो सकता है।एक्सपोजर का स्तर खुराक, अवधि और किए जा रहे कार्य पर निर्भर करता है। विशेषज्ञों ने इस बात पर संदेह जताया है कि पदार्थ के संपर्क में आने के बाद बिल्ली लंबे समय तक जीवित रह सकेगी या नहीं।

स्वीडन के कारोलिंस्का इंस्टीट्यूट में रासायनिक जोखिम मूल्यांकन में विशेषज्ञता रखने वाली शोधकर्ता लिंडा शेंक ने कहा, भले ही फर त्वचा को तुरंत बड़ी जलन से बचाएगा, बिल्लियां अपने फर को चाटकर साफ करती हैं, संक्षारक घोल को मुंह में ले जाती हैं। मेरा अनुमान है कि बिल्ली दुर्भाग्य से रासायनिक जलन से मर गई है या शीघ्र ही मर जाएगी।

## 20-बेडरूम पैलेस, एक यॉट: दुबई की एक महिला ने बच्चे के जन्म पर मिलेनियर पति से मांगें महंगे तोहफे

**दुबई , एजेंसी।** दुबई की एक करोड़पति महिला है, जो अक्सर अपनी हाई-फाई लाइफ स्टाइल को सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं। हाल ही में इस महिला ने एक बच्चे को जन्म दिया है। बच्चे के जन्म के बाद उस महिला ने अपने मिलेनियर पति से बेहद महंगे गिफ्ट की मांग कर दी है। उनकी डिमांड अब दुनियाभर में लोगों के लिए चर्चा का विषय बन गई है। महिला की इस डिमांड के बारे में लोग सोशल मीडिया पर भी सर्च कर रहे हैं। इस खबर में जानते हैं कि आखिर महिला ने अपने करोड़पति पति से ऐसा क्या तोहफा मांगा जिसकी हर तरफ चर्चा हो रही है। बच्चे के जन्म के बाद से ये महिला काफी सुर्खियों में है। दरअसल, इस महिला ने एक वीडियो साझा कर इस बात का खुलासा किया है कि जब वो बच्चे को जन्म देगी तो अपने करोड़पति पति से इन चीजों की डिमांड करेगी। अब जब उन्होंने एक बच्ची को जन्म दिया तो उन्होंने अपने पति से एक शानदार याट, 20 कमरों का आलीशान महल, बुर्ज अल अरब पर 100,000 जेंडर रिवील, अमेरिका के शीर्ष सर्जनों के साथ 150,000 डॉलर की ममी का मेकओवर और बहुत सारे सामान की डिमांड की है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129